




दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 163 • नई दिल्ली, बुधवार 20 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 धूमधाम से शुरू हुई गणेश महोत्सव, गणेश जी की प्रतिमा ...

# भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही हैः आरबीआई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था की स्थिति रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि घरेलू मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन से भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है और आपूर्ति में भी सुधार हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य मुद्रास्फीति अगस्त में थोड़ी गिर गई है जबकि जुलाई में यह काफी ऊपर पहुंच गई थी। सितंबर में भी खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आ सकती है। सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई है। अभी सब्जियों के दाम वाजिब स्तर पर नहीं आए हैं, इसलिए अगले कुछ हफ्तों में महंगाई दर और नीचे आ सकती है। अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 6.8 फीसदी रही थी, जो जुलाई में 7.4 फीसदी थी। हालांकि अब भी यह आरबीआई के 2 से 6 फीसदी के सहज दायरे से ऊपर बनी हुई है। अनुकूल आधार प्रभाव के कारण

## सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई है



खाद्य पदार्थों की महंगाई जुलाई के 10.6 फीसदी से अगस्त में घटकर 9.2 फीसदी रह गई। सब्जियों की महंगाई में तेजी से कमी आई है, लेकिन अब भी यह काफी ज्यादा है। मौद्रिक नीति के उपायों की वजह से मुद्रास्फीति में स्थिरता दिख रही है, जो वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों की महंगाई कम होने का संकेत देता है। आर्थिक वृद्धि का जिक्र करते हुए आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक प्रगति के लिए 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत की जी20 अध्यक्षता और इससे मिले नतीजे तब अहम हो जाते हैं, जब तमाम क्षेत्रों में वृहद-आर्थिक स्थितियों में द्वंद्व के कारण वैश्विक आर्थिक गतिविधियां अपनी रफ्तार गंवाती जा रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमजोर वैश्विक संभावनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था निजी खपत और मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के साथ स्थिर निवेश जैसे घरेलू कारणों से मजबूत हो रही है। घरेलू मांग के समर्थन से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में लाभ हुआ है। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान परिधान व लाइफस्टाइल के खुदरा कारोबारियों और शॉपिंग मॉल की बिक्री में तेज रिकवरी हुई है। इसकी वजह से शेष त्योहारी सीजन में भी मांग में तेजी रहने की उम्मीद बनी है, जो रक्षा बंधन और ओणम के साथ शुरू हुआ है और लोगों का विवेकाधीन खुदरा व्यय बढ़ा है। इलेक्ट्रॉनिक्स व वाहन दूसरा क्षेत्र हो सकता है, जिसमें त्योहार के दौरान खर्च बढ़ेगा। यह भी संकेत हैं कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) भी एक साल के दबाव के बाद धनात्मक क्षेत्र में वापसी कर रहा है। एक प्रमुख संकेतक महंगाई दर है, जिसमें सितंबर महीने में तेज गिरावट की संभावना है। इससे उम्मीद बन रही है। आगे की स्थिति देखें तो भारत का उपभोक्ता बाजार 2027 तक विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाने की उम्मीद है, जिसमें परिवारों का प्रति व्यक्ति खर्च एशिया की अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आगे बढ़ जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा पंडाल, लालबाग के राजा ने दिए दर्शन



**मुंबई**। देशभर में आज से गणेशजी की मूर्ति की स्थापना करके बड़े धूमधाम से दस दिवसीय गणेशोत्सव शुरु हो गया है। आज से अगले 10 दिन तक के लिए गणपति बप्पा अपने भक्तों के घर में विराजमान हो गए हैं। इधर मुंबई के सबसे मशहूर गणपति लालबागचा राजा भी भक्तों को दर्शन देने के लिए पधार चुके हैं। सुबह ही लालबागचा राजा के दरबार में भारी भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को हुई सुबह की आरती में काफी लोग शामिल हुए। इसके साथ ही मुंबई के अन्य स्थानों में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। गौरतलब है कि लालबाग में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल द्वारा पहली गणेश मूर्ति 1934 में स्थापित की गई थी। 10 दिन तक यह महापर्व मुंबई समेत पूरे उत्तर भारत में मनाया जाता है। हालांकि गणेश उत्सव का उत्साह सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में ही देखने को मिलता है। इधर कई स्थानों पर आज शाम को भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होने जा रही है, इसी क्रम में दादर रेलवे स्टेशन के कई अद्भुद नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की मूर्तियां ले जाते देखा गया। मुंबई में गणेश उत्सव के दौरान सुरक्षा के लिए 13,750 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिसकर्मियों में 11,726 कांस्टेबल, उप निरीक्षक से लेकर सहायक आयुक्त स्तर तक के 2,024 अधिकारी और 15 उपायुक्त शामिल हैं। पुलिस कानून-व्यवस्था की किसी भी समस्या से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। यातायात पुलिस द्वारा जारी अधिसूचना में मुंबई में वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए कई उपाय किए गए हैं जिनमें भारी वाहनों पर प्रतिबंध शामिल है।

### मुस्लिम महिलाओं को पिता की संपत्ति में हिस्सा दिलाएगा मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड



**नई दिल्ली**। विधि आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता को लेकर चलाई जा रही गंभीर चर्चाओं के बीच मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एमपीएलबी) ने महिलाओं को पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने समेत अन्य सुधारों को लेकर बड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से लोगों को शरिया कानून के अनुसार पैतृक संपत्ति में महिलाओं को हक देने के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को दिल्ली के निजामुद्दीन में हुई बोर्ड की कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में महिलाओं के शोषण, भ्रूण हत्या, दहेज व घरेलू हिंसा पर भी चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता में महिलाओं को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार की मांग भी बड़ा मुद्दा है, जबकि शरिया कानून के अनुसार मुस्लिम समाज में पैतृक संपत्ति में से 25 प्रतिशत पर ही बेटी का अधिकार है। इसे लेकर कई मुस्लिम महिलाओं तथा संगठनों ने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए विधि आयोग को अपने सुझाव भेजे हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एमपीएलबी) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार कई मामलों में देखा जा रहा है कि शरिया के अनुसार तय संपत्ति अधिकार भी बेटी को नहीं मिल रहे हैं। इसी तरह, बेटे की संपत्ति में मां तथा पति की संपत्ति से विधवा को हिस्से से वंचित करने के मामले आ रहे हैं।

### दुर्गापुर में सरकारी दफ्तर में भीषण आग, कई महत्वपूर्ण फाइलें हुई नष्ट

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के प्रमुख औद्योगिक टाउनशिप दुर्गापुर में आसनसोल-दुर्गापुर विकास प्राधिकरण (एडीडीए) के मुख्य कार्यालय में आग लगने से कई महत्वपूर्ण फाइलें नष्ट होने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आग मंगलवार सुबह करीब 2.30 बजे देखी गई, जिसके बाद उन्होंने अग्निशमन सेवा कार्यालय को सूचित किया। जब तक दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया और पूरे कार्यालय को अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से, आग तड़के लगी जब वहां कोई नहीं था। सुबह करीब 9 बजे आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, आग लगने के बाद इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या आग दुर्घटनावश लगी थी या इसके पीछे किसी तरह की साजिश है।

# नई संसद से आज हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में सांसदों के प्रवेश से पहले अपने भाषण में कहा कि हमारे लिए यह भावुकता का समय है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में आज हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुराना संसद भवन और खासकर यह सेंट्रल हॉल हमें भावुक और प्रेरित भी करता है। हमारे संविधान ने यहीं से आकार लिया और संविधान सभा की मीटिंगें भी हुई थीं। अंग्रेजी हुकूमत ने 1947 में यहीं पर सत्ता का हस्तांतरण किया था। उस पूरी प्रक्रिया का साक्षी हमारा यह सेंट्रल हॉल है। यहीं पर तिरंगे और राष्ट्रगान को अपनाया गया। ऐतिहासिक अवसरों पर आजादी के बाद भी यहां दोनों सदनों की बैठकें की गईं। पीएम मोदी ने कहा कि 1952 के बाद दुनिया के करीब 41 अध्यक्षों ने सेंट्रल हॉल में हमारे सभी सांसदों को संबोधित किया है। यहीं पर संयुक्त सत्र बुलाकर कानून पारित किए गए। बैंकिंग सर्विस कानून, दहेज रोकथाम कानून और आतंकवाद से निपटने के कानून भी इसी हॉल में संयुक्त सत्र बुलाकर पारित किए गए। मुस्लिम बहन बेटियों को तीन तलाक से मुक्ति भी इसी संसद में दिलाई गई। शाहबानो केस के चलते उलटी चली गाड़ी को भी इसी सदन में ठीक किया

## दुनिया को भरोसा भारत टॉप-3 में पहुंचकर रहेगा



और तीन तलाक पर कानून हम लोगों ने मिलकर पारित किया। इतना ही नहीं ट्रांसजेंडर्स को न्याय भी इसी सदन में दिया गया। इस सदन में विभिन्न सरकारों ने अपने कार्यकाल में 4 हजार से ज्यादा कानून बनाए गए। समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं रहा, जिसकी सदन में चिंता न हुई हो। यहीं पर 370 को हटाने का भी फैसला लिया। आज जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हुआ है। आज जब देश का संविधान भी वहां लागू हुआ है, तब यहां की मिट्टी को प्रणाम करने का मन करता है। यह दिखाता है कि संसद के सदस्यों ने मिलकर कितने अहम काम किए हैं। लाल किले से मैंने कहा था कि यही समय है और सही समय है। आज भारत नई चेतना के साथ पुनर्जागृत हो चुका है। भारत नई ऊर्जा से भर चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि हम में से कुछ लोगों में निराशा हो सकती है, लेकिन दुनिया को भरोसा है कि भारत टॉप 3 में पहुंचकर रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत का बैंकिंग सेक्टर में अपनी मजबूती के चलते दुनिया में चर्चा का केंद्र है। भारत का गवर्नेंस का मॉडल, यूपीए, डिजिटल कामकाज आज पूरी दुनिया के लिए आकर्षण बन गया है। हम सब उस कालखंड में हैं, जब भारत की आकांक्षाएं उस ऊंचाई पर हैं, जो पिछले हजार साल में नहीं रही होंगी। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। गुलामी के कालखंड ने भारत की आकांक्षाओं को दबोच कर रखा था। अब हम जहां पहुंच गए हैं, वहां कोई रुकना नहीं चाहता। हम जिस दिशा में बढ़े हैं, उसमें इच्छित परिणाम निकलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी चीजों पर लड़ने का वक्त चला गया है। अब हमें आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत करना हैं। आज दुनिया 5 साल के अंदर ही आत्मनिर्भर भारत की चर्चा करने लगी है।

### संविधान सदन के नाम से जाना जाए पुराना संसद भवन

प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों सदनों के नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद पुराने संसद भवन का नाम संविधान सदन रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जिस भवन में पिछले 75 वर्षों से संसद सत्र आयोजित होते रहे हैं, उस केवल पुरानी इमारत कहकर इसकी गरिमा कम नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, इमारत को संविधान सदन के रूप में संदर्भित करना उन नेताओं को श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने संसद में इतिहास बनाया। उन्होंने कहा, हमें भविष्य की पीढ़ियों को यह उपहार देने का अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। पीएम मोदी संसद के सेंट्रल हॉल में नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह बदलाव मंगलवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर पांच दिवसीय विशेष संसद सत्र के दूसरे दिन हुआ।

# पीएम ट्रूडो का बड़ा बयान, निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ

एजेंसी। ओटावा



कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ होने की आशंका व्यक्त की है। इसी के चलते कनाडा के टॉप भारतीय डिप्लोमैट को देश से निकाल दिया है, और कहा है कि भारत सरकार की कोई भी संलिप्तता स्वीकार्य नहीं होगी। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर सिंह की हत्या के पीछे भारत का कनेक्शन ढूंढा जा रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच करने में जुटी है। ट्रूडो ने ओटावा में हाउस ऑफ कॉमन्स को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच की संभावित कड़ी के आरोपों की सक्रियता से जांच कर रही है। पीएम ट्रूडो ने भारत सरकार से अपील की है कि इस मसले की तह तक जाने में हमारा सहयोग करें। गौरतलब है कि खालिस्तान टाइगर फोर्स के चीफ हरदीप सिंह की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था। वह बीते कई सालों से कनाडा में रह रहा था और वहां से भारत के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद को हवा दे रहा था। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, निज्जर भारतीय जांच एजेंसियों के लिए पिछले एक साल में इसलिए और भी ज्यादा बड़ा सिरदर्द बन गया था क्योंकि उसने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों को विदेशों में लॉजिस्टिक और पैसा मुहैया करवाना शुरू कर दिया था। निज्जर की 18 जून को कनाडा के सरे में स्थित गुरुद्वारे के पास गोली मार दी गई थी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। निज्जर पंजाब के जालंधर में स्थित भरसिंगपुर का रहने वाला था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ड्रूडो ने कहा कि हमारे देश के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास इस बात पर भरोसा करने की वजह है कि भारत सरकार के एजेंट्स कनाडा के नागरिक की हत्या के पीछे हो सकते हैं। निज्जर सरे गुरु नानक सिंग गुरुद्वारे का अध्यक्ष भी रह चुका था। उन्होंने कहा कि कनाडा के नागरिक की हत्या में विदेशी हाथ को या फिर दूसरे देश की सरकार की संलिप्तता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच जी20 के दौरान द्विपक्षीय बातचीत हुई थी।

## एक करोड़ की हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल जाते-जाते बन गए तस्कर

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तेज सिंह और सूबेदार सिंह नाम के ये बदमाश आपस में सगे भाई हैं। इनके कब्जे से बढिया क्वालिटी की 915 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के अनुसार, एसआई सुखविंदर सिंह और हवलदार राजआर्यन को गुप्त सूचना मिली कि तेजसिंह नाम का नामक पदार्थ तस्कर अपने साथी के साथ मादक पदार्थ की खेप लेकर सेक्टर 23-24 रेड लाइट, रोहिणी, दिल्ली के पास किसी को सप्लाई करने के लिए आएगा। एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी,



एसआई सुखविंदर सिंह, प्रदीप दहिया व रवि सैनी की टीम ने सेक्टर 23-24 रेड लाइट, रोहिणी, दिल्ली में घेराबंदी की और निहाल विहार नांगलोई निवासी तेज सिंह और इसके छोटे भाई सूबेदार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उनका एक दोस्त ड्रग तस्कर है। उनका सगा भाई कुंवर सिंह भी ड्रग्स के कारोबार में शामिल हो गया था और ड्रग तस्करी के लिए अपनी टैक्सी का इस्तेमाल करता था।

## ढाई करोड़ रुपये से सजा गणपति बप्पा का दरबार

**बेंगलुरु**। इन दिनों भक्त भगवान गणेश की भक्ति के रंग में सराबोर है। देश भर में एक अलग ही धूम देखने को मिल रही है। गणेश उत्सव के दिनों में हर ओर एक से बढ़कर एक पंडाल देखने को मिल रहे हैं। इसी बीच कर्नाटक के बेंगलुरु का एक मंदिर चर्चा में बना हुआ हैं, जहां गणपति मंदिर परिसर को करीब ढाई करोड़ रुपये के सिक्कों और नोटों से सजाया गया है। बेंगलुरु और समूचे कर्नाटक में गणेश चतुर्थी उत्सव धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हो गया। श्रद्धालु भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों और पंडालों में जा रहे हैं। न्यासियों के मुताबिक, मंदिर का प्रबंधन संभाल रहे गणपति शिर्डी साई न्यास ने पांच, 10 और 20 रुपये के सिक्कों की मालाएं तैयार की हैं।

## पंजाब के मुक्तसर में प्राइवेट बस नहर में गिरीः8 लोगों की मौत, 10 घायल

**मुक्तसर**। पंजाब के मुक्तसर जिले में मंगलवार दोपहर को मुक्तसर-कोटकपूरा रोड पर सवारियों से भरी बस नहर में गिर गई। यह बस मुक्तसर से कोटकपूरा जा रही थी। बस के नहर के पुल पर लगे लोहे के एंगल से टकराने के बाद यह हादसा हुआ। जिससे बस का आधा हिस्सा नहर में जबकि आधा ऊपर हवा में लटक गया। इस हादसे में अब तक 8 सवारियों की मौत हो चुकी है जबकि कई सवारियां लापता हैं। मृतकों में से 3 की पहचान हो चुकी है। ये मुक्तसर और बठिंडा के रहने वाले हैं। 5 लोगों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस को अभी तक 10 घायल मिले हैं। प्रशासन के मुताबिक बस में करीब 35 सवारियां थी। अभी भी कई लोगों के नहर में बहने आशंका जताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासन की टीमें पहुंच गई। प्रशासन के मुताबिक शुरूआती जांच में सामने आया कि यहां बारिश हो रही थी। इस दौरान बस ने अचानक ब्रेक लगाई। जिसके बाद वह बेकाबू हो गई और एंगल से टकराकर रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई।मुक्तसर की DC रूही दुग ने कहा कि 8 की मौत हुई है।

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गयाः दो आतंकियों की डेड बॉडी मिली

**श्रीनगर**। कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा (LET) आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। ADGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए। कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट



गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है।

**एनकाउंटर साइट पर सीनियर अधिकारी पहुंचे** - ADGP कश्मीर विजय कुमार के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं। ADGP विजय कुमार के साथ दूसरे सीनियर अधिकारी एनकाउंटर साइट पर मौजूद हैं। सोमवार 18 सितंबर को सुरक्षाबलों ने जंगल से दो शव बरामद किए थे।

**समस्या** राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष व सचिव को ज्ञापन सोप समस्या से अवगत करवाया

# केंद्रीय ओबीसी प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्या को लेकर सौपा ज्ञापन

विधि भट्ट/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/उदयपुर। कलाल समाज के बालक -बलिकाओं को केंद्रीय ओबीसी प्रमाण- पत्र बनाने मे आ रही समस्या को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर भाई कलाल गुजरात, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश कलाल बांसवाडा के नेतृत्व मे दिल्ली मे राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष व सचिव को ज्ञापन सोप समस्या से अवगत करवाया । जिसमे राजस्थान मे एसडीएम द्वारा कलाल समाज के बालको के ओबीसी के केंद्रीय प्रमाण पत्र बनाने मे की जा रही आना कानी व आ रही समस्या की विस्तृत जानकारी दी ,तथा मय सबूत ज्ञापन दिया तथा राजस्थान मे आ रही इस समस्या का तत्काल समाधान हेतु आग्रह किया शिक्षक भेरूलाल कलाल ने राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के सचिव राजीव



रंजन को राजस्थान के गरीब व योग्य बालक- बालिकाओ को केंद्रीय सेवा के लिए ओबीसी प्रमाण - पत्र नही बनने से हजारो बच्चे गरीब होते हुए सरकारी सेवा से वंछित रह रहे ,जिसका समाधान नितांत आवश्यक है। इस समस्या के समाधान हेतु राजस्थान के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व चितोड़ के सांसद सीपी जोशी, उदयपुर- सलूंबर के सांसद अर्जुन लाल मीणा व डूंगरपुर-बांसवाडा के सांसद कनकमल जी कटारा ने भी अपना सिफ़ारिस - अनुशंषा पत्र आयोग को भेजा है इस दौरान कांतिलाल कलाल , रामलाल चौधरी, कन्हैयालाल कलाल , पूनम चन्द , देवीलाल , रमेश भाई कलाल, जगदीश कलाल ,शांति लाल उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### दीक्षारंभ 23 सितंबर को

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग में 23 सितंबर (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से स्नातक प्रथम खंड के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ सह सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सभी नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा वर्ग तालिका आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरिमर्दन तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।

### झपटमारों ने उड़ाए 49 हजार

**मधेपुरा।** जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र स्थित नारियल विकास बोर्ड के समीप झपटमार गिरोह के सदस्यों द्वारा एक महिला से 49 हजार रूपया लेकर फरार हो गया .वही इस बाबत टूना देवी पति अरुण चौधरी ने बताया कि वे अपने पुत्र के साथ बैंक से 49 हजार रूपया निकासी कर बाइक से अपने घर भेलवा जा रहे थे. इस बीच नारियल विकास बोर्ड के समीप पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार दो युवक रुपए का थैला झपटकर मधेपुरा की ओर भाग गया. वही उनके पुत्र के द्वारा झिटकिया तक पीछा भी किया गया लेकिन पकड़ नहीं पाया.इस बाबत थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है .

### रामपुर छातापुर के पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल, द्रुत गति से कार्य जारी

**छातापुर।** पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने छातापुर प्रखंड के रामपुर पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल लोगों को समर्पित करेगें।श्री संजीव बाबू ने कहा कि मां और मातृभूमि के ऋण से वे उबर नहीं सकते। वे अपनी जन्म भूमि के लिए कुछ कर गुजरने से परहेज नहीं हैं। अस्पताल उद्घाटन से पूर्व डॉक्टर्स टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था।अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल शुभारंभ को लेकर कार्य जोरों पर है । ए ग्रेड नर्स, नर्स आदि के लिए भेकेंसी भी जारी हुई है। भव्य गेट पर अस्पताल का नाम अंकित किया जा चुका है। अन्य कार्य प्रगति पर है।बता दें कि रियल एस्टेट के क्षेत्र में सूबे के अव्वल श्री मिश्रा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं।अब अपने गृह क्षेत्र रामपुर छातापुर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल की शुरुआत करने वो जा रहे हैं जिसमें सबों का सुझाव एवं सहयोग अपेक्षित रहने की बात उन्होंने कही।

### देवधा में 1003 पीस जासमीन तेल, 1650 खाली बोतल एवं 23 हजार 2 सौ नकली टैम्पर बरामद



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** मैरिको इंडिया लिमिटेड कंपनी ने अपने उत्पाद के स्टीकर लगा कर नकली तेल बेचने की सूचना पर कंपनी के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार ने देवधा थाना पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के देवधा गांव के एक दुकान में छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में कंपनी के नाम का नकली तेल व स्टीकर बरामद किया। कंपनी के प्रमुख जांचकर्ता अधिकारी रंजीत कुमार के बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि मैरिको इंडिया लिमिटेड कंपनी का नकली व फर्जी जसमीन तेल बना कर बेचा जा रहा है। कंपनी के जांचकर्ता के निशानदेही पुलिस के सहयोग से देवधा गांव के संजय दास के यहां छापेमारी कर 1हजार तीन पीस जासमीन तेल, 1650 खाली बोतल एवं 23 हजार 2 सौ नकली टैम्पर बरामद किया गया। इस मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थानाध्यक्ष अमृत लाल वर्मन ने बताया कि इस मामले थाना कांड संख्या 91/2023 दर्ज कर ट्रेड मार्क अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### ओम नगर वार्ड नंबर 8 में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू



**अररिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अररिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ओम नगर वार्ड नंबर 8 बिजली पावर हाउस के सामने धूमधाम से गणेश पूजन महोत्सव का विधि विधान के साथ पूजा की शुरुआत की गई। बताते चलें कि पिछले 16 वर्षों से ओम नगर वार्ड नंबर 8 में गणेश पूजन महोत्सव बरे धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम नगर के संस्थापक गगन कुमार झा ने बताया कि आज 19 सितंबर से गणेश पूजा शुरू होकर 28 सितंबर 2023 को अनंत पूजा के पश्चात हवन उपरांत गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन किया जाएगा। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम नगर के अध्यक्ष राजू राय, सुभाष जायसवाल, नितेश सिंह, पप्पू शाह, धीरज पासवान, रूपेश भगत, अमित शाह, शशि भूषण ठाकुर, विकास प्रकाश, रतन कुमार, निक्की शाह, कृष्णा पासवान, मनोज टेंट , कमलेश कुमार सहित सभी कार्यकर्ता पूजा को सफल बनाने एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे रहते हैं।

# तेजस्वी जी! प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय बड़ी हो गई है चूक, लोकसभा चुनाव है सामने





**पटना।** प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय एक बहुत बड़ी चूक हो गई। जुम्मा-जुम्मा आठ रोज हुए पार्टी में आए और जिला राजद के देव- दुर्लभ कार्यकर्ताओं से अनभिज्ञ मनीष यादव जी को जिलाध्यक्ष जैसे अहम पद का दायित्व दे दिया। अररिया राजद आज भंवर में फंस गई है, उर्जावान कार्यकर्ता धीरे-धीरे निष्क्रिय हो रहे हैं। पुराने कार्यकर्ताओं एवं सांगठनिक पदाधिकारियों की अनदेखी और उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार के कारण जिला में सर्वप्रथम जिला संगठन के निर्माण में राजद के पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया। पुराने जिला संगठन और प्रखंड के पदाधिकारियों में से मात्र तीन व्यक्ति अमित पूर्वे, रामनारायण विश्वास और राजेश यदुवंशी को संगठन में लिया गया। जिला राजद के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, जिन्हें कि स-सम्मान एक नम्बर उपाध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था, उन्हें पुछना भी इन्होंने गवारा नहीं समझा और दूध की मक्खी की तरह बाहर फेंक दिया। किसी भी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और अधिकतर प्रखंड पदाधिकारियों को कोई स्थान नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष के अभद्रतापूर्ण व्यवहार और हिटलरशाही का महत्वपूर्ण उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे जी और जिला महासचिव राजेश यदुवंशी जी का त्यागपत्र, इन्होंने पद पर बने रहने से अच्छा इज्जत बचाये रखने के लिए त्यागपत्र देना ही उचित समझा। अब पुराने कार्यकर्ताओं में से संगठन में रखे गए, मात्र एक और नाम रामनारायण विश्वास, तो वे भी जिलाध्यक्ष के क्रियाकलापों से आहत हैं और खुद को लगभग निष्क्रिय कर लिया है। जिला के लगभग सभी वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता खुद को ठगा - ठगा महसूस कर रहे, खुद के दल के बैठक में उन्हें लगता है कि वे कहीं गैरों के महफ़िल में आकर बैठ गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्षों की बात की जाए तो चाहे वो विश्वमोहन यादव जी हों , जनाब कमरुज्जमा साहब हों या फिर सुरेश पासवान जी सभी दल और दलीय कार्यकर्ताओं की दशा देखकर हतप्रभ हैं। अपने द्वारा जिला में सींचे गए राजद और राजद कार्यकर्ताओं का हस्र उन्हें बेचैन कर दे रही है। जिलाध्यक्ष का ड्राइवर और कई ऐसे व्यक्ति जो राजद के प्राथमिक सदस्य भी नहीं रहे हैं आज जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी हैं जबकि लगभग सारे वरिष्ठ और महत्वपूर्ण कार्यकर्ता दरकिनार कर दिए गए हैं। रही बात जिला के प्रदेश पदाधिकारियों की तो एक पदाधिकारी मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने बताया कि उन्हें आज तक किसी भी बैठक की सूचना मुझे न तो ह्वाट्सएप और काल के माध्यम से मुझे दी गई है , मात्र एक बार जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी का मेरे चलभाष पर उनका कॉल मेरे पास आया था , परन्तु बाहर होने के कारण मैं बैठक में भाग नहीं ले सका। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश पदाधिकारियों का लगभग यही हाल है। कुल मिलाकर देखा जाए तो लोक-सभा चुनाव से पूर्व पार्टी की स्थिति जिला में दयनीय होते जा रही है।

**ए टू जेड नीति की उड़ रही धज्जियांः** पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जो कि 1990 से समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं , और उस समय तात्कालीन जनता दल के नरपतगंज प्रखंड के युवा अध्यक्ष रह चुके हैं तथा पिछले दो कार्यकाल से राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हैं , उन पर मिथ्या ही आरोप लगाकर प्रदेश में शिकायत दर्ज करा आए। जबकि उनके शिकायत के दोनों बिन्दु बेबुनियाद हैं , जिला अध्यक्ष राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ महानन्द विभू के जिस कार्यक्रम हवाला देकर शिकायत की गई है , उस कार्यक्रम के बैनर में जिलाध्यक्ष की तस्वीर लगी है और उनके कॉल डिटेल का स्क्रीन शॉट भी मौजूद है जो यह दर्शाता है कि उन्होंने जिलाध्यक्ष को कार्यक्रम के निमित्त उन्हें काल किया था। ए टू जेड का दूसरा उदाहरण है , फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जो कि लगातार दूसरी बार निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष हैं और वर्तमान में फारबिसगंज प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष ही नहीं फारबिसगंज में एक रसूखदार राजनीतिक छवि रखते हैं, उनके खिलाफ भी प्रदेश में जाकर शिकायत दर्ज करा आए। अनुशासन हीनता तो और कि प्रदेश महासचिव भाई अरुण द्वारा इन दोनों के नाम निर्गत गोपनीय शो-काउज प्रपत्र को जिला के अधिकारिक ह्वाट्सएप ग्रुप में खुद से सार्वजनिक कर उन्हें खुलेआम तौर पर अपमानित करने का प्रयास किया साथ ही जिलाध्यक्ष जैसे गरिमामय पद को तार-तार कर दिया। ए टू जेड के नीति को मटियामेट करने का तीसरा उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे का इस्तीफा। ऐसे कई उदाहरण है।

**पार्टी संविधान का उड़ा रहे धज्जियांः** पार्टी संविधान के अनुसार सांगठनिक निर्वाचन में निर्वाची पदाधिकारी का निर्णय सर्वमान्य होता है और उनके द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र आउथेंटिक होता है। जिलाध्यक्ष ने अपनी सुपरमेसी दिखाने के लिए सभी निर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों को पुनः मनोनयन पत्र देते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र वैलिड है और इसे प्रदेश से एप्रुव जब तक नहीं करा लेता आप खुद को फुलफ्लेजेज प्रखंड अध्यक्ष नहीं समझें। इतना ही नहीं प्रखंड अध्यक्षों और निर्वाचित पंचायत अध्यक्षों को भी बार-बार पद से हटाने का धमकी देते हैं । स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि प्रदेश ने सारे अधिकार जिला अध्यक्ष को दे रखा है।

**कार्यालय स्थानान्तरणः** जब पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव राजद के जिलाध्यक्ष हुआ करते थे , तब ही उन्होंने खुद की जमीन खरीद और मकान बनाकर उसे जिला राजद कार्यालय के रुप में स्थापित किया था , तब से चाहे वह कमरुज्जमा साहब का दो-दो कार्यकाल हो या सुरेश पासवान जी का जिला कार्यालय के रुप में स्थापित रहा और सभी कार्यकर्ताओं के लिए घर जैसा था , रात्रि में जरुरत पड़ने पर वहां कार्यकर्ताओं के रुकने की भी सुविधा थी। चौबीस घंटा यह कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध था। सिर्फ और सिर्फ पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव जी को अपमानित करने के ख्याल से जिलाध्यक्ष ने कार्यालय दूसरे जगह स्थानान्तरित कर दिया वरण इस निमित्त उन्होंने उन्हें सूचित करना भी उचित नहीं समझा।

**जिलाध्यक्ष के भाषण की रुपरेखाः** प्रत्येक बैठक में जिलाध्यक्ष के भाषण का मूल रुप रेखा सिर्फ और सिर्फ यही तक सीमित रहता है कि पूर्व के सांगठनिक पदाधिकारियों ने ये नहीं किया, पूर्व के विधायक ने ये नहीं किया। अपनी महत्ता दिखाने के लिए खुद के पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों और पूर्व विधायक को बदनाम करने का कोई प्रयास नहीं छोड़ते। उनके भाषण में यदा-कदा ही और शायद नहीं ही भाजपा विरोध की बू आती। न जानें क्यों परन्तु वे भाजपा के विरोध करने से कतराते रहते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो अगर प्रदेश नेतृत्व इन बिंदुओं पर संज्ञान नहीं लेती है तो अररिया राजद का भगवान ही मालिक...।

# 21 को मनाया जायेगा बलभद्र पूजनोत्सव




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर अनुमंडल मुख्यालय के माड्वारी विवाह भवन में आगामी गुरुवार को कलवार सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय श्री बलभद्र पूजनोत्सव की तैयारी जोरो पर है। मंगलवार को कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में संरक्षक गणेश जायसवाल ने बताया कि श्री बलभद्र पूजन महोत्सव में सुबह कलश शोभा यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत परिचय व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा आयोजित कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, बिहार कलवार महिला मंच व आल इंडिया कलवार सेवा संघ के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, जाले के पूर्व विधायक राम निवास प्रसाद, पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार के अलावे राजद के मधुबनी जिला प्रभारी रितू जायसवाल समेत अन्य भाग लेगें। कलवार जाति के कुल देवता भगवान् श्री बलभद्र भगवान् जी के जयंती के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। प्रेस वार्ता में विनोद कुमार साह, दिलीप साह, डॉ अशोक प्रसाद, बसंत साह के अलावे समस्त कलवार सेवा समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### कमलाबाड़ी में सात दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का विधायक एवं जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** गणपति बप्पा मोरया,मंगलमूर्ति मोरया.. के उद्घोष के साथ ही मधुबनी जिला के जयनगर के कमलाबाड़ी गोठ टोल में आयोजित 7 दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का विधिवत उद्घाटन खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद,जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव,अर्राहा बीओपी प्रभारी दयाल जी ,पूर्व प्रमुख सूर्यनाथ यादव,मुखिया लाल बिहारी मंडल,राजद प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव,उद्धव कुँवर,हरिश्चन्द्र शर्मा,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम के दौरान समिति के द्वारा सभी अतिथियों को पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।उद्घाटन से पूर्व 251 महिला एवं युवतियों ने सुबह पूजा स्थल से सिर पर कलश रखकर बेला,जीवन दीप अस्पताल, मेन रोड होते हुए कमलानदी पहुँचा।यहां से कलश में जलबोझी की गई। वापस पूजा स्थल पहुंचकर कलश स्थापित कर गणेश जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर खजौली के विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने कहा की भगवान गणेश की सभी देवताओं से पहले पूजा होती है। वे सुख समृद्धि के दाता हैं।उन्होंने सभी लोगों से विघ्नहर्ता गणेश की मनोयोग से पूजा करने की अपील की।वही जीप अध्यक्ष बिन्दु गुलाब यादव ने कहा कि इस तरह के भक्ति कार्यक्रम से दिल को सुकून मिलता है। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बार-बार होना चाहिए।उन्होंने सभी लोगों गणेश पूजा की शुभकामनाएं देते हुए शांति पूर्ण ढंग पूजा मनाने की अपील की।इस मौके पर अशोक सिंह,राम कुमार सिंह,कपिलदेव यादव,सीकेन्द्र चौधरी, श्याम यादव,अरविंद सिंह,राकेश सर,राम भरोस,लालू यादव,हेम नारायण चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### कॉमर्स कॉलेज में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य की अगुवाई में किया गया वृक्षारोपण



**मधेपुरा।** बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार की अगुवाई में वृक्षारोपण किया गया। डा. कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। इस मौक़े पर उनके साथ प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

### पीपिंग समारोह का आयोजन



**अररिया।** मंगलवार 19 सितंबर को पुलिस अधीक्षक महोदय अररिया के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अररिया जिला के नवपदोंन्नत पुलिस निरीक्षक श्रेणी के पुलिस पदाधिकारियों को उच्चतर पद का बैज लगाकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया ।

### अभाविप ने कॉलेज जाने वाली सड़क की बदहाली को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**फारबिसगंज।** अभाविप फारबिसगंज इकाई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप के नेतृत्व में कॉलेज चौक से लेकर फारबिसगंज कॉलेज तक जाने वाले मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर विधायक विद्यासागर केसरी को मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कॉलेज मंत्री ने बताया की फारबिसगंज शहर के अधिकतर छात्र महाविद्यालय कॉलेज चौक होकर के ही आते है। परंतु सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है जिसके वजह से वहा पर जाम की भी समस्या बनी रहती है। वहा से रोजाना सैकड़ों गाडियां गुजरती है,जिससे यातायात में भी काफी समस्या हो रही है। विभाग सह संयोजक आकाश श्रीवास्तव ने कहा की सड़क की स्थिति इतनी बदहाल हो चुकी है की अगर हल्की सी बारिश भी होती है तो पानी का जमाव हो जाता है और सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। नगर मंत्री कृतिक आर्य ने कहा की बावजूद सड़क के जर्जरता के प्रति विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने विधायक से मांग की छात्रों को हो रही यातायात में परेशानी को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द महाविद्यालय जाने वाली मुख्य सड़क की मरम्मत करवाई जाए। मौके पर कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप, नगर मंत्री कृतिक आर्य,नगर सह मंत्री आयुष भगत,आकाश श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**समारोह** | अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को किया गया टीकाकृत

# जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ मिशन इंद्रधनुष का पहला चरण



**अररिया।** जिले में 11 से 16 सितंबर तक संचालित मिशन इंद्रधनुष 0.5 का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को टीकाकृत किया गया। गौरतलब है कि नियमित टीकाकरण अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में तीन चरणों में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छह दिवसीय अभियान का पहला चरण बेहतर उपलब्धि के साथ जिले में संपन्न हो चुका है। अभियान का दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर व तीसरा चरण 27 नवंबर 02 दिसंबर के बीच संचालित किया जाना है। पहले चरण की उपलब्धियों से उत्साहित विभाग अभियान के दूसरे व तीसरे चरण में अपनी उपलब्धियों में सुधार करते हुए राज्यस्तरीय रैंकिंग में अपने प्रदर्शन में सुधार के प्रयासों में जुट चुका है। सोमवार को डीआईओ की अध्यक्षता में आयोजित डीडब्ल्यूआर की बैठक में इसकी रणनीति पर विस्तृत विमर्श किया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने अभियान की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ये अभियान जिले में पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने कहा कि अभियान की उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य से भी बेहतर रहा है। अभियान के आगामी चरण में हम अपनी उपलब्धियों को और अधिक बेहतर करने के प्रयास में जुट चुके हैं। अभियान की सफलता के लिये उन्होंने स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों से मिले सहयोग व समर्थन की सराहना करते हुए उन्होंने अभियान के अगले चरण की सफलता के प्रति आश्वस्त किया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अभियान में निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक जिले में कुल 1040 टीकाकरण सत्र संचालित किये गये। इसमें पांच साल तक के बच्चों के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 19 हजार 147 की तुलना में कुल 18 हजार 225 बच्चों को टीकाकृत किया गया। मामले में जिले की उपलब्धि 95.2 प्रतिशत रही। इसी तरह गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 03 हजार 598 की तुलना में कुल 04 हजार 311 गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टीका की निर्धारित डोज लगायी गयी। गर्भवती महिला के टीकाकरण मामले में जिले की उपलब्धि 119 प्रतिशत रही। टीकाकरण के महत्व के प्रति सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने अभियान की सफलता पर संबंधित सभी विभाग व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सुरक्षित व सेहतमंद भविष्य के लिये टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। टीकाकरण के महत्व के प्रति लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिये ये जरूरी है। अपने परिवार व समाज की सुरक्षा के लिये उन्होंने टीकाकरण को प्राथमिकता देने की अपील आम लोगों से की।

# बैंक लूट की योजना विफल, पुलिस के हत्थे चढ़ा अपराधकर्मी





- 1 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन बरामद
- महलगांव पुलिस ने दो भिन्न - भिन्न कांडो की 02 अपहृताओ को सकुशल किया बरामद

**अररिया।** दिनांक 18 सितंबर दोपहर करीब 1.30 बजे अररिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी अररिया थाना अंतर्गत कुसियारगांव स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के पास लूट के अपराध के लिए जमा हुए है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अररिया थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसके द्वारा सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए अपराध की योजना बना रहे उक्त अपराधियो में से (01) मो॰ खालिद, उम्र करीब 42 वर्ष पिता मो॰ रईसुदीन, सा॰- तुरकैली, वार्ड नं 03, थाना- जोकीहाट, जिला -अररिया को 01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन के साथ रंगे हाथ घटना स्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिनका भी पहचान करते हुए लूट की योजना बना रहे उक्त अपराधियों में से एक अन्य (02) ओमप्रकाश उर्फ पुत्तुल राय, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता- स्व॰ रामानन्द राय, सा॰- गुणबंती, थाना बौसी, जिला अररिया को भी रात्री में गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मो॰ खालिद हुसैन का पूर्व का भी अपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना अंतर्गत कांड संख्या-935/23, दिनांक-18/09/23, धारा- 399/402 भा॰ द॰ वि॰ एवम 25 ( 1-b) a / 26/35 आर्म्स एक्ट अंतर्गत दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इधर महलगांव ओ॰ पी॰ पुलिस द्वारा महालगाव थाना अंतर्गत दर्ज दो भिन्न - भिन्न कांडो की 02 अपहृताओ को सकुशल बरामद किया गया।

## ख़ास ख़बर

### एस.एस.बी. ने सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चूज़ा वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन



**अभिषेक आनंद / दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस.एस.बी. 45वी बटालियन की सीमा चौकी सतना के क्षेत्र में ग्राम मण्डल टोला में सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चूज़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए 45वी बटालियन एस.एस.बी. के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा , द्वितीय कमान अधिकारी 45वी बटालियन ने बताया कि एस.एस.बी. अपने सीमा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रही है । विदित हो कि 45 बटालियन की तरफ से पूर्व में भी सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के विकास हेतु समय- समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं । इस क्रम में आज दिनांक 19.09.2023 को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के सामुदायिक सुविधाओं के विकास हेतु 45वी बटालियन की सीमा चौकी सतना के क्षेत्र में गोद लिए हुए गाँव मण्डल टोला में सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच चूज़ा वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामीण समन्वय समिति बैठक के साथ किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री रूपेश शर्मा, उप-कमांडेंट, 45 वाहिनी के द्वारा की गयी । बैठक में समवाय मुख्यालय सतना के समवाय प्रभारी, निरीक्षक विवेक पाण्डेय, बीरपुर वार्ड संख्या -02 के वार्ड पार्षद श्री रत्नेश कुमार तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे । बैठक में वार्ड पार्षद एवं समवाय प्रभारी द्वारा ग्राम- मण्डल टोला के 05 व्यक्तियों को चूज़ा देने के लिए नामित किया गया । इसके उपरांत श्री रूपेश शर्मा, उप-कमांडेंट द्वारा अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में नामित व्यक्तियों को प्रति व्यक्ति 10-10 चूज़े (कुल 50 चूज़े ) वितरित किए गए ।

### विश्वकर्मा पूजा को लेकर किया गया मेला का आयोजन







**संजीब यादव/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 18 सितंबर को बाबा ब्रह्मम स्थान मे विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित की और इसकी पूजा अर्चना बड़ी धूमधाम से की गई। 19सितंबर को बाबा विश्वकर्मा का विसर्जन किया गया। इस पूजा को लेकर बाबा ब्रह्मम स्थान मे मेला का भी आयोजन किया गया । इस मेला मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ - साथ कुश्ती का भी आयोजन किया गया।भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला वास्तुकार यानी वस्तु को रचनेवाला माना जाता हैं इस पूजा के शुभ अवसर पर सभी उद्योगों फैक्ट्री वाले, मोटर गैरेज वाले, चक्की मील वाले एवं छोटे बड़े कारखाने वालों ने अपनी अपनी मशीनों की एवं घरों की साफ - सफाई किया और बाबा विश्वकर्मा की पूजा पाठ बड़ी धूमधाम से कियाऔर प्रत्येक क्षेत्र के हर छोटे बड़े मिस्त्री , मैकेनिक कारीगरों के साथठ लोहा, लकड़ी के काम करने वाले ने भी हर्षोल्लास के साथ बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। वहीं सिमराही , राघोपुर न्यूमार्केट ,गनपतगंज अन्य छोटे बड़े सभी स्थानों पर बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई।

### पोषण माह कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र के महेशुआ पंचायत के वार्ड नंबर 8 स्थित पंचायत सरकार भवन प्रांगण में मंगलवार को पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी शंभूनाथ, सीडीपीओ रजनी गुप्ता, मुखिया निधि कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य की दृष्टि से मोटे अनाज के विभिन्न व्यंजन आदि के महत्व को दर्शाया गया। साथ ही इन्हें नियमित भोजन में शामिल करने पर बल दिया गया। इसके अलावे मुखिया के द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई जबकि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नन्हे बच्चों को सूजी की खीर खिलाकर अन्न प्राशन कराया गया। वही कार्यक्रम में अभियान के तहत फलाहार पोषण आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। खासकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार लेने का सुझाव दिया गया। एसडीएम शंभूनाथ ने कहा कि आज लोग बाजारू अनाज खाकर विभिन्न बीमारी के शिकार हो रहे है। लेकिन मोटा अनाज से बने व्यंजन खाकर लोग बीमारी से निजात पा सकते हैं। इसलिए लोगों को मदुवा, ज्वार बाजरा एवं मकई के बने आदि अनाजों का उपयोग करना चाहिए। जो स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होता है। इसके साथ ही सीडीपीओ रजनी गुप्ता ने पोषण के प्रति जागरूक किया। पोषण माह कार्यक्रम में पर्यवेक्षिका बबिता कुमारी, प्रगति आनंद, गीता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, नीतू कुमारी, प्रीति कुमारी, रूपम कुमारी समेत सेविका एवं सहायिका मौजूद थे।

# चचेरी भाभी पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने का आरोप, स्थिति गंभीर





**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर वार्ड 4 में एक शादीशुदा महिला पर उसके ही चचेरे देवर ने पेट्रोल छिड़ककर जलाने का आरोप लगाया है। जिस मामले का प्रकाश में आने के बाद आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। हालांकि पुलिस के संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। लिहाजा, पुलिस ने तत्काल मामले में आरोपित महिला से पूछताछ करने में जुटी है। मामले में दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाया है। घटना विगत 7 सितंबर की बताई जा रही है, लेकिन एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी दोनो पक्ष के परिजनों ने मामले को लेकर किसी को भनक तक लगने नहीं दी। बहरहाल, युवक की स्थिति नाजूक को देखते हुए पीड़ित युवक के परिजनों मंगलवार को घायल युवक को थाना लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। जानकारी में पता चला है कि जिस दिन घटना हुई, उसी दिन घायल युवक बाहर जाने वाला था। इधर, थाने में दिए आवेदन में पीड़ित युवक सागर कुमार ने बताया है कि बीते 7 सितंबर को पड़ोस के ही चचेरी भाभी रंजना देवी ने फोन कर उसे अपने घर बुलाई और कहने लगी तुमको दिल्ली या कहीं अन्य जगह नहीं जाना है। उसके बाद उसने मुझसे पचास हजार रुपये उधार देने को कही। जब मैंने उसे रुपये देने से मना कर दिया तो उसकी चचेरी भाभी अवैध संबंध के आरोप में फंसाने की धमकी देने लगी। इसी कहा सुनी के क्रम में रंजना देवी अपने दुकान से पैट्रोल लाकर उसके शरीरी पर छिड़क दिया और उनके पति अजित दास ने माचिस से आग लगा दिया। आग लगने पर जब वो चीखने चिल्लाने लगा तो आसपास के लोग दौड़कर पहूँचे और आग बुझाया।जिसके बाद परिजन उसे आनन फानन में इलाज के लिए विराटनगर नेपाल अस्पताल लेकर गए। उन्होंने बताया कि रंजना देवी से दो माह से वो फोन पर बातचीत कर रहा था। उन्होंने पूर्व में भी पैसे वो कुछ ज्वेलरी का सामान उसे दिया था। वही सागर की मां सुलेखा देवी ने बताया कि उनका बेटा रोजी रोटी के लिए दिल्ली में रहता है। महिला रंजना देवी ने उन्हें एक माह पहले फोनकर घर बुलाया था। हमको उनके साथ बातचीत की जानकारी थी हम अपने बेटे को कई बार समझाए भी थे। बताया कि बेटे की इलाज में सभी उलझे हुए थे इसीलिए कहीं जानकारी नहीं दे पाए। जहां करीब 10 दिनों तक चले लंबे इलाज के बाद भी युवक की स्थिति में सुधार नही होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन मंगलवार को गंभीर स्थिति में युवक को लेकर इलाज के लिए दरभंगा जाने के क्रम में भीमपुर थाना पर पहुंचे और घटना की सारी जानकारी पुलिस को दी। इधर आरोपी महिला के पति अजित दास ने बताया कि सागर उनका चचेरा भाई है। जिस कारण पहले से उनके घर आता जाता रहा है।दोनो में भाभी देवर के रिश्ते होने के नाते हंसी मजाक होता रहता था, दोनो के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी उन्हें नही है। उन्होंने कहा कि सागर ने नहाने के क्रम में उनके पत्नी का एक आपत्तिजनक वीडियो बनाया हुआ था। जिसके तहत वो उनके पत्नी को अवैध संबंध बनाने के लिए ब्लेक मेल कर रहा था। जब वो अपने मनसूबे में कामयाब नहीं पाया तो उन्हें ओर उनकी पत्नी को फंसाने के लिये अपने ऊपर पेट्रोल छिटकर आग लगा लिया। वही महिला रंजना देवी ने बताया कि सागर बीते 7 अगस्त को उनके पास आया और बोलने लगा कि हम दिल्ली जाने वाले है, इतना कहकर वो उनके साथ जबरदस्ती करने लगा। जिस बात की जानकारी उन्होंने अपनी सास को दिया तो उनकी सास ने उसे डाट फटकार कर घर से बाहर भी निकाल दिया। जिसके बाद सागर सबको फंसाने की धमकी देने लगा। जिसके बाद वह अपने आँगन चली आई। लेकिन जब वो अपने आँगन में थी उसी समय सागर उनके दरवाजे वाले दुकान पर आया दुकान से पेट्रोल का डिब्बा निकालकर अपने ऊपर छिड़क कर आग लगा लिया। इधर भीमपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही है साथ ही महिला से भी पूछताछ की जा रही है।

# आम जनों को लाभकारी योजना की दी गई जानकारी





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड के किशनपुर दक्षिण पंचायत भवन के प्रांगण में मंगलवार को सरकारी जन संवाद कार्यक्रम को लेकर जिला के तमाम पदाधिकारी एवं स्थानीय आम जनों के बीच विभिन्न लाभकारी योजनाओं का जन संवाद के माध्यम से जानकारी दी गई । कार्यक्रम के उद्घाटन जिला पदाधिकारी सुपौल कौशल कुमार एवं आरक्षी अधीक्षक शेषव यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस मौके पर जिला के सभी विभाग के उच्च पदाधिकारी एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं सभी सरकारी कर्मियों जन संवाद में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा सहकारिता विभाग में बिहार राज फसल सहायता योजना के तहत फसलों की छती होने पर प्रति हेक्टेयर 10 हजार रुपया दिया जाता है दो हेक्टेयर के लिए 20000 दिया जाता है जिसका लाभ लेने के लिए एक पोर्टल पर लॉगिन कर घर बैठे लाभ ले सकते हैं किशनपुर प्रखंड से 1922 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें 16 लाख 684 रुपया वितरण किया गया है इस योजना के तहत विभिन्न प्रकार का कृषि यंत्र भी किसान लिया है। जिला कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि अपने देश में 80% किस गांव में ही बसता है तथा खेती पर ही निर्भर रहता है अपने जिला में अनुदानित दर पर 158.77 कुंटल बीज का वितरण किया जा चुका है किसानों से उन्होंने कहा कि बीजों का अपने सूझबूझ से उपयोग करें दूसरों की बहकावे में ना आए इस बार खरीफ फसल में सुखार की स्थिति बन गई थी विभाग द्वारा किसानों को एक एकड़ जमीन के लिए 750 रुपया अनुदान दिया गया है सुखद अनुदान पाने के लिए कोऑर्डिनेटर एवं एसडीओ की अनुशंसा पर राज सरकार के द्वारा सीधे किसानों के खाता में पैसा को भेजते हैं गेहूं के उत्पादन में लागत अधिक होता है इसके हिसाब से किसानों को उतना मुनाफा नहीं हो पता है वही मक्का किस को प्रोत्साहन किया जाए तो दुगुना लाभ होता है तिलहन दलहन पैदावार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि किसान भंडारण के अभाव में ओने-पोने दामों में अनाज को भेज देते हैं इसके लिए सरकार द्वारा गोदाम कोल्ड स्टोर बनाने का भी स्कीम है जिससे इसका लाभ ले सकते हैं। बैंक लोन का भी प्रावधान है जैविक खेती को बढ़ावा के बारे में उन्होंने कहा कि गोबर के खास से अनेक रोगों से बचाव हो सकता है। शिक्षा विभाग के डीपीओ महताब आलम ने कहा कि सरकार द्वारा कई समग्र योजना चलाया जा रहा है सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ खासकर जागरूकता के अभाव में गरीब बच्चों को सही-सही रूप से लाभ नहीं मिल पाता है सरकार द्वारा छात्र एवं छात्राओं के लिए कई योजना के तहत मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना बालिका उत्थान योजना एसटीएससी छात्रावास योजना में उसे बच्चों को सारा खर्च सरकार में करती है उसके बाद मुख्यमंत्री साइकिल योजना में 3000 दिया जाता है पोशाक योजना में 600 दिया जाता है सैनिटरी पद के लिए 300 दिया जाता है इसके अलावा अन्य कोई योजना है सभी राशि बच्चों के खाता में सीधे भेजा जा रहा है जिला आश्रम संसाधन योजना पदाधिकारी ने कहा कि कुशल युवा योजना के तहत 15 से 28 साल के बीच के छात्र एवं छात्राओं में दसवीं पास छात्र-छात्राओं को निशुल्क कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है किशनपुर से अभी तक में सभी 1960 एवं छात्राओं को कंप्यूटर से प्रशिक्षित किया जा चुका है। ऊर्जा विभाग के कार्यपालक अभियंता ने कहा कि 3320 आवेदन लोगों के द्वारा प्राप्त हुआ है जिसका निष्पादन किया जा रहा है किशनपुर में कृषकों के लिए अलग से दो आदत सेंटर का निर्माण किया जा रहा है ताकि किसानों को आसानी से किसानों के लिए 70 पैसा पड़ती उम्मीद के दर से मात्र है राशि दिया जाएगा इससे किसानों को खेती करने में काफी लाभदायक साबित हो सकता है । वही जल संसाधन विभाग के द्वारा इस जन संवाद कार्यक्रम में एक भी अधिकारी एवं पदाधिकारी को उपस्थित नहीं होने से इसे जुड़े मामलों की जानकारी आम लोगों तक नहीं मिल सकी जबकि बार-बार नाम पुकारा गया। अल्पसंख्यक एवं कल्याण विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि एसटीएससी छात्र-छात्राओं के लिए सरकार द्वारा 1 से 12वीं कक्षा तक के लिए फ्री में खाना पीना पढ़ाई लिखाई सब दिया जा रहा है छात्रावास के लिए 1000 प्रतिमा दिया जाता है 6 किलो गेहूं 9 किलो चावल छात्रावास में रहने वाले छात्र में छात्राओं को दिया जाता है।

### आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला का आरडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को भीमपुर पंचायत स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण करते हुए मध्याह्न भोजन का जायजा लिया और विधि व्यवस्था से भी अवगत हुए। उन्होंने इस दौरान विद्यालय परिसर में बने पुस्तकालय कक्ष, शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में मध्याह्न भोजन के साप्ताहिक पोषण चार्ट की भी जांच की। उसके बाद उन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के कक्षा में एक शिक्षक के भांति उपस्थित छात्र-छात्राओं से कई सवाल पूछे व उनके सटीक जवाब देने पर शाबाशी भी दी। उन्होंने दोस्ताना अंदाज पर बच्चों से उनके भविष्य की शैक्षणिक योजना की जानकारी ली। आरडीओ ने विद्यालय के शिक्षक नरेश कुमार निराला को पिछले दिनों जिला पदाधिकारी के हाथों पुरस्कृत होने पर बधाईयां भी दिए।श्री सिंह ने कहा कि यदि शिक्षक ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं तो उन्हें जरूर सम्मान मिलता है। यह विद्यालय का सुसज्जित और सुव्यवस्थित है। यहाँ के शिक्षक और छात्र छात्राएँ काफी अनुशासित दिखे। श्री सिंह ने भविष्य के कल्पना को साकार करने के कई गुरुमंत्र दिए। उन्होंने ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उसके बाद आरडीओ श्री सिंह ने भीमपुर पंचायत में बन रहे डब्लूपीयू का बाधित रास्ता का जायजा लिया। जहां कुछ लोगों के द्वारा रास्ता जबरन बाधित कर दिया था। जिस शिकायत पर उन्होंने बाधित रास्ता का जायजा लेकर स्थानीय थानाध्यक्ष से बात कर मामले को निष्पादित कर दिया गया। मौके पर मुखिया रंजन कुमार भारती, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, शिक्षक नरेश कुमार निराला, निरंजन कुमार, अमजद अहमद, मोहम्मद अरबाज आलम आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से शुरू हुई गणेश महोत्सव, गणेश जी की प्रतिमा की पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड मुख्यालय के पिपरा बाजार स्तिथ बिनोवा मैदान में गणेश महोत्सव धूमधाम से शुरू हुआ है।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश जी की विधिवत पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए पट्ट खोल दिया गया है। मालूम हो कि युवा क्लब पिपरा द्वारा पिपरा बाजार में गणेश पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है। लिहाजा खास कर युवाओं में इस बात को लेकर काफी उत्साह है। गणेश उत्सव को भव्य रूप से बनाने के लिए 6 दिन तक गणेश पूजा के साथ साथ कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्ति जागरण के अलावा भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है।बताया गया है कि आज सुबह गणेश जी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई, जिसके बाद आज देर शाम भजन संध्या, बुधवार और गुरुवार को भक्ति जागरण, शुक्रवार को अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम, और शनिवार को महाआरती व छप्पन भोग और रविवार को भव्य शोभा यात्रा एवं प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। बताया गया की उत्सव में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर पूरी तैयारी की गई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा सरकारी गाइड लाइन का पालन करने का लोगों को निर्देश दिया गया है। साथ ही शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस बलों की भी तैनाती रहेगी।

जायजा | पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर आगजनी का जायजा लिया

# बैद्यनाथ मेहता ने अग्निपीड़ित को किया आर्थिक मदद







**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड रतनपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत साहेवान वार्ड 6 में बीते दिनों उपेंद्र मुखिया, देवनारायण मुखिया, झरीलाल मुखिया के घर में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। देर रात हुई इस भीषण आगजनी में तीनों परिवार के ट्रैक्टर सहित घर में रखे कपडे, बर्तन, अनाज जल कर राख बन गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बैद्यनाथ मेहता पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर आगजनी का जायजा लिया। इसके बाद परिवार के जरूरत को देखते हुए बैद्यनाथ मेहता ने पीड़ित परिवार के बीच साड़ी, लूंगी, मुढ़ी,चूड़ा,चना, थाली, लोटा, ग्लास, लोहिया, हांडी, करछुल, बाल्टी, चम्मच आदि राहत सामग्री का वितरण किया। इसके साथ ही तीनों परिवारों के बीच 15 सौ - 15 सौ आर्थिक मदद भी किया। राहत सामग्री का वितरण करने पहुंचे बैद्यनाथ मेहता ने कहा कि बीते दिनों हुई आगलगी में तीनो परिवारो का लाखों का सामान जल चुका है। एक परिवार का ट्रैक्टर भी पूरी तरह से जल चुका है। दूसरे परिवार को खाने के लिए अनाज और पहनने के लिए कपडे भी जल चुका है। लेकिन सरकार के सरकार के द्वारा इन पीड़ित परिवार को मात्र 11000 रुपए की आर्थिक मदद की गई है। जो बहुत ही कम है। सरकार इस दिशा में संवेदनहीन बनी हुई है। जरूरत है इस राशि को अविलंब बढ़ा कर कम से कम एक लाख रुपए किया जाना चाहिए। इस मौक़े पर पंचायत के मुखिया देवेन्द्र दास, सरपंच बीरेंद्र पासवान, पार्टी के प्रदेश महासचिव अशोक मेहता, जिला संगठन प्रभारी राम लखन भारती, अनु जाति के अध्यक्ष जवाहर ऋषिदेव, अनु जनजाति के अध्यक्ष विनोद उरांव, उपेंद्र यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जिले के कई स्थानों तथा मंदिरों में श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मना विश्वकर्मा पूजा





**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में 17 सितंबर सम्पूर्ण भारत में श्रृष्टि निर्माता भगवान विश्वकर्मा जी जन्मदिवस - पूजा अर्चना कर मनाया गया। पंडितों को मानने वाले कम संख्या के लोगों ने 18 सितंबर को पूजा अर्चना किया तो देश के अधिकतर लोगों ने 17 सितंबर को ही भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना किया तो वहीं उत्तरी बिहार के सुपौल मुख्यालय स्थित बस स्टैंड चौक विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्वकर्मा जन्मदिवस। जहां दर्शन को ले भक्तों का तांता लगा रहा। मेला कमेटी के महासचिव - कैलाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुजा स्थल पर 4 घंटे लोक गाथा भगैत भजन तथा आरती कर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। वहीं दूसरी तरफ रात्रि जागरण एवं मनोरंजन के लिए अनुमंडलीय आदेश व प्रशासनिक नियमानुसार मेला कमेटी तथा पुलिस प्रशासन की देखरेख में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चला जहां दर्शकों की भीड़ हजारों की संख्या में बनी रही। वहीं मेला कमेटी के अध्यक्ष - संजय शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में कई दशकों से ड्राइवर, बस मालिक व अन्य की सहयोग से श्रृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना कर जन्मदिवस मनाया जाता है । पिछले अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों बस व ट्रक चालक, बस और ट्रक मालिक, स्टैंड ठेकेदार, किरानी, शहर के मुख्य व्यवसायी, सभी वार्ड पार्षदों आदि के सहयोग से 17 सितंबर और 18 सितंबर को पूजा अर्चना कर यह भव्य कार्यक्रम किया तथा आज 19 सितंबर को सभी आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मेला कमेटी के उपाध्यक्ष - रंजीत यादव, दिनेश मंडल, संजय कु० यादव, महासचिव - उमेश यादव, पिन्टु कु० राम, सचिव - मो० इनुश, विपीन कुमार, रविन्द्र मंडल, वैद कु० यादव, कोषाध्यक्ष - सुमन कु० मुखिया, संगठन मंत्री - मल्हू शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य - कैलाश यादव, शिवकुमार पासवान, सभी हुकर, बुकर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में मोजूद रहे।

# ख़ास ख़बर

## देसी शराब और बाइक के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कछवां थाने की पुलिस ने देसी शराब एवं बाइक साथ तीन कारोबारी को गुप्त सूचना के आधार पर धर दबोचा । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सवारी पुल के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ही बाइक पर शराब की खेप को लेकर आ रहे तीन कारोबारी को रंगे हाथों पुलिस ने धर दबोचा । श्री कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सरैया निवासी बबुनी सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह एवं सवारी गांव निवासी नागेंद्र सिंह के पुत्र मिंटू सिंह और संदीप पासवान के पुत्र महाराज पासवान यानी तीनों कारोबारी को रंगे हाथों 14 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया । साथ ही मामले में प्रयुक्त कारोबारी के बाइक को भी जब्त किया गया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए कोविड-19 जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

## नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत , घर में छाया मात्तमी सन्नाटा

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव गांव में नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उक्त गांव के रहने वाले मूल निवासी विकास राम की 10 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे अपने घर से अकेले निकली । किशोरी अपने ही गांव के समीप नहर के चाट में अपने ही गांव के कुछ छोटे-छोटे बच्चे को नहाते देख बच्ची भी नहाने लगी । उक्त क्रम में बच्ची नहाने के क्रम में चाट के गड्ढे वाले भाग में चली गई । चाट में नहा रहे छोटे-छोटे बच्चों ने देखा कि गड्ढे में एक बच्ची डूब रही है । छोटे-छोटे बच्चे घटना को देख शोरगुल मचाना शुरू कर दिए । बच्चे के शोरगुल को सुन गांव के लोगों ने उक्त स्थल पर पहुंच गए और बच्चों के बताने के आधार पर गांव के लोग बच्ची को चाट में खोजबीन करने लगे । उक्त क्रम में चाट में डूबी हुई बच्ची को बाहर निकाले । जिस दौरान उक्त बच्ची की मौत हो चुकी थी । इसकी सूचना गांव के लोगों ने उसके परिजनों को दी । सूचना मिलते ही घटना स्थल पर जैसे ही परिजन पहुंचे तो मृत बच्ची को देख दहाड़ मारकर रोने लगे । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरांव गांव में मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे नहर के चाट में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई है । श्री कुमार ने कहा कि मृत बच्ची के परिजनों के समक्ष पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है ।

## विकास राशि के अभाव पर मुखिया संघ का बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय के जमूआ पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को अमरथा पंचायत मुखिया विजय कुमार सिंह के आवास पर बैठक आयोजित की गई । बैठक का नेतृत्व काराकाट प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया । बैठक में मुखिया संघ ने पंचायतों के विकास पर चर्चा की गई । मुखिया संघ का कहना है कि विकास राशि के अभाव में पंचायतों का विकास कार्य नहीं हो रहा है । बताया गया कि वितीय दो वर्षों मनरेगा योजना से पक्का कार्य बंद हो चुका है । 15 वीं वित्त योजना , षष्टम से लेकर कई योजनाओं से राशि नहीं आने से पंचायत का विकास बंद हो गया है । मुखिया संघ ने कार्यपालक पदाधिकारी रोहतास पर आरोप लगाया कि चयनित योजनाओं का प्राक्कलन भेजने पर कार्य की अनुशंसा नहीं की जाती है , जिससे कार्य योजना अधर में लटका हुआ है । प्रखंड के पंचायतों का कार्य बाधित हो चुका है । विकास राशि के अभाव में गांवों में विकास कार्य नहीं हो रहा है । विकास कार्य नहीं होने से ग्रामीण जनता मुखिया से अब सवाल जबाब करने लगे है कि विकास कार्य कब होगा । विकास कार्य नहीं होने से मुखिया अब चिंता सताने लगी है । केंद्र से लेकर बिहार सरकार से मुखिया संघ विकास की राशि उपलब्ध कराने की मांग किया । मौके पर बेनसागर पंचायत मुखिया अनील कुमार सिंह, मुंजी पंचायत मुखिया अजय प्रताप सिंह, किरही पंचायत मुखिया धर्मेन्द्र साह, बाराडीह पंचायत मुखिया अफरोज आलम, धनहरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विंध्याचल ठाकुर, अमौना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चिंटू सिंह, अमरथा मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान सहित अन्य मुखिया लोग उपस्थित थे ।

## मजदूर को जलकर मरने पर धरना में शामिल 500अज्ञात एवं 10 नामजद प्राथमिकी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम रोहतास।** रोहतास थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर की मौत के बाद धरना दिया गया था। धरना देने वाले 10 नामजद, 500 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराई गई है। मजदूर की मौत पर जताया था विरोध, सीओ ने थाने में दिया आवेदन। प्राथमिकी रोहतास अंचल के सीओ ने रोहतास थाने में दर्ज कराई है।

# धूमधाम से पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के विभिन्न भागों में बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के बाद मूर्ति विसर्जन का कार्य जारी है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले लोगों ने बताया कि मूर्ति बुधवार को विसर्जित किया जायेगा। जबकि अधिकांश भागों में मूर्ति विसर्जन सोमवार को ही हो चुका है। सासाराम, बिक्रमगंज, डेहरी अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा भक्ति भाव के साथ शहर नगर से लेकर गांवों के अलग-अलग स्थान चौक चौराहे और निजी दुकानों में भव्य पंडाल बनाकर प्रतिमा स्थापित की गई साथ ही शहर के कई व्यवसायों कंपनियों वाहन मालिकों छोटे-बड़े कारखाने द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ की गई। डी बी एस टाटा मोटर्स के एमडी विनोद सिंह ने टाटा मोटर्स में बड़े ही धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा की पूजा याचना की और भंडारा का आयोजन किया गया ।जिसमें सैकड़ो अतिथियों ने महाप्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया तार बंगाल में आरा मशीन मुकेश चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा रखकर विद्वत पूजा याचना की और शहर के लिए सुख समृद्धि मांगी वही घरों में भी लोग बड़े ही धूमधाम से पूजा याचना किया तार बंगला में संजय फिल्म के प्रोपराइटर संजय गुप्ता ने बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा याचना कर भगवान विश्वकर्मा से सुख समृद्धि की कामना किया गया।भलुनीधाम में पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने शिरकत किया। सरांव बाजार सहित विभिन्न स्थानों से पूजा पाठ के मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है।

# दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को ले बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** मंगलवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय दुर्गा स्थान गोराड़ी के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नगर पंचायत काराकाट ( गोराड़ी ) के बैनर तले बैठक आयोजित की गई । बैठक में दुर्गा पूजा को सफल बनाने को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष , सक्रिय सदस्य , जनप्रतिनिधि सहित अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया । बैठक में दुर्गा पूजा को सफल बनाने , पूजा पंडाल निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया । साथ ही साथ बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों को अलग- अलग जिम्मेवारी दी गई । बैठक में दूर दराज से आए हुए सभी श्रद्धालुओं की विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई । बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा । पूजा समिति से मिली जानकारी के अनुसार पूजा पंडाल निर्माण का कार्य 21 सितंबर से शुरू कर दिया जाएगा । बैठक में नगर पंचायत काराकाट गोराड़ी के उपाध्यक्ष रविश रंजन , प्रशांत कुमार , संजय राम , अनंत तिवारी , चितरंजन तिवारी , अमित कुमार , पिंटू कुमार , अप्पू कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे ।

# अकोढ़ा पैक्स में वार्षिक आम सभा आयोजित



**सासाराम (रोहतास)।** सहकारिता विभाग के सचिव के निर्देश पर जिले के अकोढ़ा पैक्स में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक कुमार पाण्डेय व संत श्री कृष्णा नंद महाराज ने संयुक्त रूप से किया। आम सभा में मौजूद किसानो को संबोधित करते हुए विधायक ने किसानों को पैक्स के माध्यम से दी जा रही सुविधा की जानकारी दी।साथ ही अधिक से अधिक किसानों को पैक्स के माध्यम से खाद्यान्न बेचने के लिए प्रेरित किया। वही पैक्स अध्यक्ष मनोज पटेल ने पैक्स में अब तक हुए लाभ की जानकारी सदस्यों को दिया और आमसभा में अंकेक्षण त्रुटि, आपत्तियों के निराकरण, लाभ का बंटवारा सदस्यों के अधिकार एवं कर्तव्य पर चर्चा, वर्तमान में राज्य सरकार की संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं व अधिप्राप्ति, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना आदि के बारे में जानकारी दिया। 17 सितंबर को पुरे राज्य में सहकारिता विभाग के निर्देश पर वार्षिक आम सभा का आयोजन किया जाना है। जहां आगत अतिथियो और किसानो को पैक्स की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक आम सभा में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी,मधुरेन्द्र कुमार,अमित कुमार, गौतम कुमार,राजन कुमार,जीतेन्द्र पासवान,पूर्व मुखिया रामू चौधरी, गुप्तेश्वर नाथ पांडेय , रघुनाथ सिंह,रामाकांत सिंह, दिनेश्वर राम, उमेश सिंह,नारद सिंह, सुमन सिंह,पारस सिंह, विपिन सिंह सहित अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

## विघुत प्रवाहित तार के चपेट में आने से मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के नटवार थाना क्षेत्र के मुसवथ टोला निवासी पूर्व मुखिया जगनारायण सिंह के इकलौते पुत्र दिलीप सिंह 50 वर्ष की विघुत प्रवाहित टूटे तार की चपेट में घायल होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल धनगांई में मौत हो गई। जिसमें बहुत गणमान्य लोगों के साथ पैक्स अध्यक्ष संतोष यादव ने पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। जबकि पुलिस द्वारा यूडी काण्ड दर्ज किया गया है।

## अनुमंडल से जुडी महिलाओ ने उपवास रख किया तीज व्रत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बिक्रमगंज/रोहतास** । हरितालिका ( तीज) व्रत पर प्रखण्ड के हजारों महिलाओं ने सोमवार को 24 घन्टे का निर्जल उपवास रखा। शाम को तालाब,पोखर,नहर व आहर में स्नान कर सामूहिक रूप से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा कर व्रत सम्बन्धी कथा श्रवण किया। बिक्रमगंज के सरोज देवी, तापसी यादव खुशबु ,प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल स्कूल कि प्राचार्या रंजनी कुमारी, मोथा के मीना देवी,कुमकुम कुमारी,नीलम कुमारी लक्ष्मी,काराकाट के संध्या देवी,पुनिता देवी व संसार डिहरी के उषा देवी, बिक्रमगंज के रानी देवी, के अनुसार शास्त्रीय मान्यता है कि इस व्रत को पूरी आस्था व विधि विधान के साथ करने वाली कुंवारी कन्याओं को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है, वहीं विवाहित महिलाओं को अखण्ड सौभाग्य मिलता है।

## बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया दुकान का उदघाटन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** मंगलवार की सुबह आरा रोड स्थित चाय जंक्शन दुकान का राजपूत करणी सेना के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू सिंह ने विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया। उदघाटन ले अवसर पर पिन्टु सिंह ने उद्यमी राजू राज सिंह के साहसिक हौसले की सराहना करते हुए कहा कि ईमानदारी से किए गए किसी भी कार्य की मिठास अलग एवं अपने आप मे काबिले तारीफ होती है । कोई भी कार्य बड़ा अथवा छोटा नही होता है, मनुष्य की मानसिकता व सोच छोटा और बड़ा होता है। किसी भी कार्य को छोटा समझकर करने वाले असफल व्यक्ति होते हैं। कार्य को करने से पूर्व बड़ा अथवा छोटा मनुष्य को आकलन नहीं करना चाहिए। ईमानदारी से किए गए हर छोटे कार्य से बड़ा व्यक्तित्व उभरता है। युवा पीढ़ी को रोजगार के प्रति अभिरुचि बढ़ानी होगी। कौशल विकास योजना से जुड़कर अनेकों युवा आत्मनिर्भर बनकर बेरोजगार युवकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे राजू राज सिंह के कार्यों का सिंह ने काफी सराहना किया। मौके पर शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीबीसीएस पाठ्यक्रम को ले विभागाध्यक्षों की बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)।** मंगलवार को अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज में सीबीसीएस पाठ्यक्रम के अनुपालनार्थ गठित समिति द्वारा छात्रों को विषयों के चयन में विभागाध्यक्षों से परामर्श के विषय पर एक अनिवार्य बैठक आइक्यूएसी कक्षा में किया गया। जिसमें सभी विभाध्यक्ष ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया ।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत समिति के संयोजक डॉक्टर अखलाक अहमद ने किया । विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध विज्ञान के फॉर्मेट के संबंध में डॉक्टर रमेश कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। इस संदर्भ में विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान डॉक्टर एस एस भास्करम के द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया। विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉक्टर कन्हैया सिंह नई शिक्षा नीति के तहत 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की महत्ता पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष गणित डॉक्टर अनिल कुमार ने एमडीसी के पाठ्यक्रम नहीं होने पर जताई चिंता। मानविकी के विषयों के संदर्भ में विभागाध्यक्ष हिंदी विशाल कुमार ने जानकारी दी। दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर गहन विचार विमर्श हुआ। सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में कई सवाल विभाग अध्यक्ष इतिहास डॉक्टर मोहम्मद परवेज अहमद के द्वारा किया गया। जिसका समाधान डॉक्टर अहमद ने स्वयं किया । सुकेश्वर सिंह संस्कृत विभाग ने एम आई एल पर चर्चा किया। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष ने व्यक्तित्व के विकास पर विमर्श किया।

तीज | महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा

# हरितालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र में हरतालिका तीज पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा है। शाम को भगवान गणेशजी, शिव व पार्वती की पूजा की।। रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन करते हुए व्रत किया। हरितालिका पर्व पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से फूलों और मिठाई की दुकानों पर भीड़ नर आई। दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने के लिए शिव-पार्वती की पूजा करना उत्तम माना गया है। सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना एवं कुंवारी कन्याए अच्छे वर के लिए हरितालिका व्रत करती हैं। शिव-पार्वती और गणेश की प्रतिमा पर तिलक करके दूर्वा अर्पित कर भगवान शिव को फूल, बिल्वपत्र व शमीपत्री अर्पित कर और माता पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित किए। तीनों देवताओं को वस्त्र अर्पित करने के बाद हरतालिका तीज व्रत कथा का श्रवण किया गया। पंडित चारों धाम मिश्रा ने बताया कि इस व्रत को हर तालिका इसलिए कहा जाता है क्योंकि पार्वती की सखी उन्हें पिता को बगैर बताए हर कर जंगल में ले गई थीं। हरित अर्थात हरण करना और तालिका अर्थात सखी। पार्वती जी भगवान शिव को पति के रूप में चाहती थीं। भगवान शिव ने पार्वती के व्रत से प्रसन्न होकर वर मांगने के लिए कहा। पार्वती ने वर के रूप में शिव जी को मांग लिया। शिव ने तथास्तु कहकर पार्वती को यह वरदान दिया था।

# शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सासाराम/रोहतास।** जिला कॉलेज शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की बैठक श्री शंकर कॉलेज सासाराम में हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर जिले के 8 अंगीभूत महाविद्यालय के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। ज्ञातव्य हो कि अगस्त का वेतन भुगतान अब तक नहीं हुआ है ।पिछले दिनों कर्मियों के आंदोलन के बाद जून और जुलाई माह का वेतन भुगतान हुआ। किंतु दुःखद बात है कि करीब 35 कर्मी जो जून 2023 में अनुकंपा पर विभिन्न कॉलेज में योगदान दिया था। मगर उनको भुगतान नहीं किया गया। एक कर्मी दीपक कुमार का भुगतान हुआ भी तो अगले कॉलेज कोष में राशि वापस जमा करने का फरमान विश्विद्यालय से जारी कर दिया गया। कारण पूछने पर बताया गया कि इन लोगों का वित्तीय वर्ष 2023, 2024 में राशि शामिल नहीं है। यह एक कोरा बहाना है। जब ये कर्मी नियुक्त किए गए तो इनका अनुपूरक बजट अलग से भेजा गया कि नहीं इसका जवाब नहीं दिया गया। इस कारण से इन कर्मियों को मार्च 2024 तक वेतन का इंतजार करना पड़ेगा। यह विश्वविद्यालय की लापरवाही का नतीज़ा है। एक तो ऐसे ही इनकी नियुक्ति तीन चार साल बाद हुई है और अब वेतन के भी लाले पड़ेंगे। सभी उपस्थित कर्मियों ने एक स्वर में नवनियुक्त कर्मियों का भुगतान आंतरिक स्रोत से करने की मांग की गई। विश्विद्यालय का दूसरा तुगलकी फरमान जारी किया है कि जिन कर्मियों का वेतन सत्यापन कोषांग द्वारा सत्यापन नहीं हुआ उन्हें 25 प्रतिशत राशि काटकर भुगतान किया जाएगा। सत्यापन का काम विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के कोषांग का है। इसके लिए कर्मी कैसे दोषी हैं? सत्यापन का प्रस्ताव विश्विद्यालय और कोषांग के स्तर पर लंबित है। इसे यथाशीघ्र पूरा करने की मांग की गई। कई कर्मी अभी सेवा निवृत होने के कगार पर हैं और अब तक उनकी सेवा संपुष्टि नहीं किया गया है जिसके कारण उन्हें पेंशन आदि में परेशानी होगी। सेवा संपुष्टि एक रूटीन वर्क है और यह प्रत्येक एक साल के बाद कर दिया जाना चाहिए। लेकिन विश्वविद्यालय मुख्यालय में कार्यरत शिक्षकेतर कर्मियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह कार्य भी लंबित रहता है। कुछ कर्मियों को कहा जाता है कि आपका पद स्वीकृत नहीं है तो सेवा संपुष्टि कैसे होगी? साहब नियुक्ति, सेवा समायोजन ,नियमितीकरण,वेतन निर्धारण आप करते हैं। सत्यापन कोषांग कर्ता है। उक्त कर्मी का अगर पद स्वीकृत नहीं था तो फिर नियुक्ति, सेवा समायोजन, वेतन निर्धारण और अंत में वेतन सत्यापन कैसे किया गया? उस समय आपने यह क्यों नहीं बताया कि आपका पद स्वीकृत नहीं है ? 20, 25 सेवा लेने और वेतन भुगतान करने के बाद आपको मालूम हुआ कि उक्त पद स्वीकृत नहीं है? यह पूरी तरह से आपकी गलती है जिसका दंड आप कर्मी को देना चाहते हैं। अपनी गलतियों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मियों की प्रोन्नति को लेकर भी चर्चा की गई। 2016 के बाद कर्मियों की प्रोन्नति नहीं किया गया है। कई कर्मी इस बीच सेवा निवृत हो गए। कई अब जीवित भी नहीं हैं। 2016 के बाद से अब तक कर्मियों को वेतन उन्नयन योजना का लाभ नहीं मिला है। 2017 से 2023 तक कई कर्मी इस दायरे मे आते हैं जो आशा लगाए बैठे हैं कि उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

## ख़ास ख़बर

### महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। जिस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया की ग्राम भगावनपुर सिवान में एक मनचले युवक के द्वारा महिला के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है महिला ने थाना मे लिखित आवेदन दिया है की ग्राम भगवानपुर का एक युवक हमारे साथ छेड़खानी कर रहा था। मना करने पर हमारे साथ मारपीट किया महिला के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया । आरोपी थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी मोतिचंद राम पिता राधेश्याम राम बताया गया।जिसे उसके घर से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। स्वास्थ्य जांच के उपरांत आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

### 200 मिलीलीटर की 22 नग टेट्रा पैक शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा 200 मिलीलीटर की 22 नग टेट्रा पैक शराब के साथ महिला तस्कर को किया गया गिरफ्तार। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि सरकार द्वारा जारी मद्य निषेध कानूनों के रक्षा हेतु नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में सोमवार देर शाम थाना प्रशासन द्वारा गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कुदरा रेलवे लाइन की ओर से आ रही महिला को रोका गया। मौके पर महिला पुलिस कर्मी द्वारा जब महिला की तलाशी लिया गया तो महिला के पास कमर में टेप के सहारे ब्लू लाइन देसी शराब 200 मिली लीटर की 22 टेट्रा पैक बरामद किया गया। जिस जुर्म में शराब जप्त करते हुए, महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों की माने तो इस महिला द्वारा ऐसा तरीका अपना कर, काफी दिनों से शराब तस्करी का धंधा किया जा रहा है, पास पड़ोस के लोगों की एतराज करने पर महिला झगड़ने को भी तैयार रहती है। महिला होने के नाते कोई इसके विरुद्ध बोलता नहीं है, जिस वजह से प्रशासन की निगाहें नहीं जा पा रही थी। मंगलवार को महिला की स्वास्थ्य जांच करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार महिला तस्कर आशा देवी पति मदन राम वार्ड क्रमांक 14 नगर पंचायत कुदरा की निवासी बताई जा रही है।

### हरियाणा पहुंच दो शराब तस्करों के घर पर कैमूर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभुआं शराब मामले में फरार चल रहे हरियाणा के दो आरोपियों के घर पर पहुंच कैमूर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार। जानकारी देते हुए भभुआ थाना के सब इंस्पेक्टर अनीश कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य के सुजाना थाना क्षेत्र भभेंवा गांव निवासी रणधीर सिंह के पुत्र धीरेंद्र कुमार जबकि दूसरा हरियाणा राज्य के ही झोझुंकला थाना क्षेत्र के झोझुंकला गांव निवासी सूर्यभान सिंह के पुत्र संदीप है। जो न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे थे पुनः दुबारा से वारंट जारी होने पर शराब तस्करों के घर पर हरियाणा राज्य में जाकर कैमूर पुलिस के द्वारा इश्तेहार चिपकाए गया है। दोनों तस्कर पूर्व के शराब तस्करी मामले में फरार चल रहे हैं।

पोषण माह का मुख्य उद्देश्य कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण करना छह माह तक के बच्चे को पिलाएं केवल मां का दूध सीडीपीओ

# आंगनबाड़ी में मनाया अन्नप्राशन दिवस नियमित खानपान की दी गई जानकारी



**दैनिक भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमुर)**। प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। इसके साथ-साथ धातृ व गर्भवती महिलाओं को सही पोषण सहित नियमित खानपान की भी जानकारी दी गयी। कुपोषण के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है।जानकारी देते हुए सीडीपीओ संगीता कुमारी ने बताया की अन्नप्राशन करने का मुख्य उद्देश्य कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण है, लेकिन यह तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उचित पोषण की जानकारी होगी।पोषण माह के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पोषण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। सीडीपीओ ने अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान बताया कि गर्भावस्था के 270 दिन तथा उसके बाद दो वर्ष तक लगभग 730 दिन बच्चे के सबसे सुनहरे हजार दिन होते हैं।इसी समय बच्चे को सही आहार दिया जाना चाहिए। पौष्टिक आहार के रूप में छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध एवं उसके बाद ऊपरी आहार दिया जाना चाहिये। बहुत सी महिलाएं और किशोरी को एनीमिया की शिकायत है जिसका असर उनके होने वाले बच्चों में भी पड़ सकता है। अन्नप्राशन दिवस पर दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत जनार्दनपुर आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 119 पर सेविका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित अन्नप्राशन दिवस कार्यक्रम में सेविका कुमारी निकिता पाठक ने बताया कि छः महीने बाद से ही शिशुओं को स्तनपान कराने के साथ अतिरिक्त अनुपूरक आहार दिया जाना चाहिए। ।इस उम्र में शिशुओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास तेजी से होता है। इसलिए इस दौरान शिशुओं को ज्यादा आहार की जरूरत होती है।इस मौके पर सुपरवाइजर आशा कुमारी,मोबाइल डाटा ऑपरेटर एकता सिंह,वार्ड सदस्य रविंद्र कुमार पांडे रिंकू सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## डड़वास पंचायत में लगा पेंशन योजना शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत डड़वास पंचायत में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। सही लाभुकों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित शिविर में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन से संबंधित लगभग 50 मामले आए। जिसमे 30 मामलो का समीक्षात्मक अध्ययन कर निष्पादित किया गया।शिविर में पंचायत अंतर्गत सभी वार्डों से आए ग्रामीणों से आवेदन के साथ ही संबंधित कागजात भी संग्रह किए गए। साथ ही आवेदकों को आश्वस्त किया गया कि जल्द ही उन्हें पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। डडवास पंचायत के मुखिया राजेश प्रसाद ने कहा कि प्रखंड के अन्य गांवों में भी यह अभियान चल रहा है और वैसे ग्रामीण जो अबतक पेंशन योजना से वंचित हैं, उन्हें पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत वार्ड सदस्य जय प्रकाश मनोज कोनोजिया रत्न लाल साह महेन्द्र राम विकाश मित्र विजय कुमार पंचायत सचिव प्रफुल झा कार्यपालक सहायक प्रभु पासी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पांच पियक्कड़ गिरफ्तार चार चक्का वाहन जप्त




**दैनिक भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र से पांच पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया गया भेजा गया न्याय हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया गस्ती में निकली पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग और कर्णपुरा आकोढी मेला पथ से पियकड़ो को गिरफ्तार किया । प्रशासन द्वारा कुलहरिया गांव के सामने दो शराब के नशे में घूमते बकबक करते हुए व्यक्तियों को देखा। जहां से दोनों शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और थाने लाई। जब शराबियों का नशा चटका तो अपने को थाने में देखकर घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ किया तो पता चला कि दोनों व्यक्ति दुर्गावती थाना क्षेत्र के लवकुश कुमार बिंद महेंद्र बिंद दोनों ग्राम महूअरिया के रहने वाले हैं। वही जिला भोजपुर आरा के तीन पीयक्कड़ो को चार चक्के वाहन साथ गिरफ्तार किया गया।जिनका नाम रितेश कुमार ग्राम इटाढी दीनबंधु कुमार हरनही नितेश शिंग रौजा निवासी तीनो जिला भोजपुर आरा के निवासी बताए जाते है। जो उत्तर प्रदेश से शराब पीकर प्रखंड के कर्णपुरा के रास्ते आ रहे थे जिनको कर्णपुरा गांव के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया और साथ में चार चक्का वाहन भी । जब तीनो व्यक्तियों का चेकअप प्राथमिक स्वस्थ केंद्र पर कराया गया तो तीनों नशे में पाए गए।अगर देखा जाए तो शराब मामले में नित्य प्रति छापेमारी और पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद कोई कमी नहीं आ रही है।

## शौच के लिए गए व्यक्ति की नहर में डूबने से हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के भभुआं प्रखंड के सारंगपुर गांव में शौच के लिए गए व्यक्ति की नहर में डूबने से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना राम उम्र 40 वर्ष पिता हरि राम सोमवार की रात्रि में शौच करने के लिए गए हुए थे, नहर में पानी छूने के क्रम मे नहर में गिर गए और तेज धार के चलते उसी में डूब गए। नहर में पहाड़ी क्षेत्र से पानी आने से नहर की रफ्तार काफी बढ़ गई है। पानी की तेज रफ्तार होने की वजह से उनका शव करीब 1 किलोमीटर बह कर बेतरी गांव जा पहुंचा, बेतरी गांव में मछली मारने के लिए ग्रामीणों द्वारा लगाए गए जाल में जाकर मुन्ना राम का शव फंस गया। फिर जाकर मुन्ना राम के परिजनों द्वारा शव का पहचान किया गया। घटना की सूचना मिलने के उपरांत प्रशासन द्वाराशव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। जिला परिषद सदस्य विकासशील उर्फ लालू पटेल की तरफ से भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराया गया। परिवार काफी गरीब है कुल पांच बच्चियों और दो बच्चे मुन्नाराम को है उनका कोई सहारा अब नहीं है। जिला परिषद सदस्य ने भरोसा दिलाते हुए परिवार से कहा कि सरकार से मिलने वाली मुआवजा की राशि बहुत जल्द ही दिला दी जाएगी। और परिवार के साथ हर संभव मदद का भरोसा दिया और इस शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े रहे।

### मारपीट के आरोप में दो अलग-अलग मामलों में लगभग आधा दर्जन लोगों पर हो सकता है मामला दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा कैमूर)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवरास गांव एवं मेउड़ा गांव में हुए दो पक्षों की आपसी विवाद में मारपीट के मामले में लगभग आधा दर्जन लोगों पर हो सकता है मामला दर्ज। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला थाना क्षेत्र के नेवरास गांव के दो पक्षों में मारपीट में चार लोग घायल हो गए। घायलों में दोनों पक्ष के लोग बताए गए हैं, जिनमें नरेंद्र कुमार तथा चिंता देवी और उनके पुत्र व पुत्री शामिल बताए गए हैं। सभी घायल नेवरास गांव के ही निवासी बताए गए हैं। मारपीट का कारण पहले का विवाद बताया गया है। मारपीट के बाद घायलों को कुदरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां उनका उपचार किया गया हालांकि आवेदन दोनों पक्ष की ओर से दिया गया है। वही दूसरा मामला थाना क्षेत्र के मेउड़ा गांव पुरानी रंजीश के कारण बच्चों की कहा सुनी में दो पक्ष में विवाद हो गया जिसमें की एक पक्ष के लोगों द्वारा दूसरे पक्ष के साथ मारपीट किया गया जिसमें श्री भगवान पासवान पिता छट्ठू पासवान बुरी तरह से घायल हो गए वहीं उनके पत्नी को भी कुछ चोटें लगी हैं। पीड़ित का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा में कराया गया। पीड़ित द्वारा आवेदन के माध्यम से थाना प्रशासन से न्याय की गुहार लगाया गया। संदर्भ में थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि दोनों मामले में पीड़ितों से आवेदन प्राप्त हुआ है। आगे की प्रक्रिया किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला व एक पुरुष घायल



**दैनिक भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी कुदरा राष्ट्रीय राजमार्ग 2 विमल स्टोर के सामने मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक महिला व मोटरसाइकिल सवार घायल। घायल व घायल के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सकरी ग्रामवासी किरण रस्तोगी पति जय कृष्ण रस्तोगी मंगलवार दिन करीब 3:00 बजे के लगभग कुदरा सकरी राष्ट्रीय राजमार्ग 2 विमल स्टोर के सामने सड़क पार करने के क्रम में सड़क की दक्षिणी लेन में पश्चिम की ओर से आ रही मोटरसाइकिल की चपेट में आ गई जिससे कि घायल हो गई। वही मोटरसाइकिल सवार सुशील तिवारी पिता स्वर्गीय कमलेश तिवारी भी बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा, दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा दोनों की उपचार किया गया। घायल महिला को समुचित इलाज हेतु रेफर कर दिया गया।

### मैजिक की टक्कर से टेंपो सवार महिला की मौत



**दैनिक भास्कर संवाददाता, मोहनिया (कैमूर)**। मोहनियां थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर पटना मोड़ के समीप मैजिक वैन की टक्कर में टेंपो पर सवार महिला की हुई मौत।मिली जनकारिंक अनुसार मृतक मंगलवार को अपने पुत्र के साथ टेंपो से भभुआं जा रही थी, की पटना मोड़ के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मैजिक वैन ने टेंपो में टक्कर मार दी।इससे टेंपो पलट गया।दुर्घटना के बाद चालक वैन लेकर फरार हो गया।गंभीर रूप से घायल महिला को आसपास मौजूद लोगों की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है की मृतिका गांव के ही विद्यालय में रसोइया का कार्य करती थी। मृतक महिला कुदरा थाना क्षेत्र के शेखपुरवां ग्राम वासी स्वर्गीय रंगु चौधरी की 48 वर्षीय पत्नी नाथनी देवी बताई जा रही है।

कलश यात्रा — यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2023 से मंत्री अनुराग ठाकुर जी के आवाहन पर शुरू किया गया

## कलश यात्रा निकालकर घर-घर से मिट्टी एवं चावल का किया गया एकत्रिकरण




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)**। प्रखण्ड में नेहरू युवा केंद्र द्वारा विभिन्न गांव में कलश यात्रा निकालकर घर-घर से मिट्टी एवं चावल का किया गया एकत्रीकरण। आपको बता दे की मंगलवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई, जिस से संबंधति जानकारी देते हुए जिला युवा पदाधिकारी सुशील करौलिया ने बताया कि इस अमृत कलश यात्रा में घर-घर जाकर मिट्टी चावल एकत्रित करने का कार्य किया गया । यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2023 से माननीय मंत्री युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर जी के आवाहन पर शुरू किया गया है। जो जिले के कुल 1700 गांव से मिट्टी और चावल एकत्रीकरण कर दिल्ली भेजा जाएगा। इसके बाद वहां पर वीर शहीदों के नाम पर अमृत वाटिका का निर्माण होगा। उसके बाद कार्यक्रम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वहां पर मौजूद लोगों को हाथ में मिट्टी और चावल देकर शपथ दिलाया जाएगा। जिसको लेकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। वही कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर बिंद महामंत्री अनुपम पाण्डेय चैनपुर उतरीं मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय उर्फ रिंकू पाण्डेय चैनपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन पटेल राजू पटवा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### उरी में शहीद हवलदार की सातवां शहादत दिवस मना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा भोजपुर**। उरी में शहीद हवलदार अशोक सिंह के सातवां सहादात दिवस समरोह पूर्वक मना।दीप प्रज्वलित कर शहादत दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया।शहीद अशोक सिंह अमर रहे की गगन भेदी नारो से गूंज उठा रकटू टोला गांव । सैकड़ों लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दिए। दो मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया शहीद अशोक सिंह को । शहीद अशोक सिंह के धर्मपत्नी वीरांगना संगीता देवी ने अपने शहीद पति अशोक सिंह के प्रतिमा को चंदन टीका कर नमन किए । उनके पुत्र एमआर्मी जवान विशाल कुमार ने अपने शहीद पिता अशोक सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि दिए। पूर्व सैनिक संघ भोजपुर जिला अध्यक्ष श्री राणा प्रताप सिंह,शैलेश कुमार,सतनारायण सिंह ,विनोद सिंह,मुन्ना यादव सहित दर्जनों पूर्व सैनिक, एनसीसी के जवान, थाना से आये पुलिस पदाधिकारी, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता, शहीद अशोक सिंह के मित्र जो सेना अभी है, शहीद होने के दिन भी साथ में रहे सेना के जवान भी शहीद अशोक सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि दिए।

## समकालीन अभियान के दौरान पांच पियक्कड़ को किया गया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलांव थाना क्षेत्र से रविवार को सम कालीन अभियान के दौरान तरांव गांव से पांच पियक्कड़ को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।जिसकी जनकारी देते हुए बेलांव थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया की सम कालीन के दौरान गुप्त सूचना मिली की उक्त गांव में पांच पियक्कड़ दारू पी कर ग्रामीणों से हो हल्ला कर रहे है। पुष्टि के लिए जाकर देखा गया तो पुलिस वाहन देख पांच व्यक्ति भागने लगे। पुलिस बल द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया तो पांचों के मुंह से शराब जैसी बदबू आ रही थी।पीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने पांचों को शराब पीने की पुष्टि की।.पूछ ताछ के दौरान उक्त गांव के उपेंद्र बिंद,लवकुश बिंद,संतोष बिंद ,नन्हू राम व जोखन बिंद बताया.रविवार की रात पूरी रात हाजत में रख.मध्य निषेध कानूनों के तहत कानूनी प्रक्रिया कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ख़ास ख़बर

### तहसील स्थित बार सभागार में मंगलवार को बार के अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई

**जमानिया।** हापुड़ जनपद के न्यायालय में 29 अगस्त को पुलिस प्रशासन द्वारा निर्दोष अधिवक्ताओं को बिना किसी कारण के बर्बरतापूर्वक पिटाई करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों व अन्य दोषी अधिकारियों के विरूद्ध अब तक कोई शक्त कार्यवाही न होने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू न किये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष गोरख नाथ सिंह ने कहा कि बार एसोसिएशन हापुड़ द्वारा मांगे गये समर्थन पर विचार किया गया और सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि उनके आंदोलन के समर्थन में अग्रिम सूचना तक सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता इस दौरान किसी भी न्यायालय में कोई न्यायिक कार्य नहीं करेगा। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय में प्रस्ताव सौंपा। इस अवसर पर सचिव अशोक कुमार सिह, उदय नरायण, घनश्याम, सुरेन्द्र प्रसाद, बजरंगी यादव, फैसल होदा, मेराज हसन, रवि प्रकाश, सुनील कुमार, रामजी राम, दिग्विजय तिवारी, लखेश्वर सिंह, कमलकांत यादव, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

### फाँसी लगाकर युवक ने किया आत्महत्या

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के हिंदू का पुरवा गांव में फांसी के फंदे से झूलता हुआ युवक का शव बरामद किया गया सूचना पर पहुँची पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार भोर सुबह हिंदू का पुरवा मजरे फीरोजपुर मखदूमी गांव के पच्छिम दिशा की ओर आम के पेड़ की डाल में गमछा से फांसी लगाकर युवक का शव झुलता हुआ देखकर गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी होने पर घटना स्थल पर पहुंचे वहीं पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा सूचना पर कोतवाली रुदौली पुलिस पहुंच कर शव मृतक विरेंद्र कुमार उम्र 30 वर्ष को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को भोर सुबह घर से नित्य क्रिया के लिए गया था। गांव आम के पेड़ की डाल में गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया मृतक के तीन बच्चे हैं।एस आई जयसिंह ने बताया कि मृतक विरेंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश आम का पेड़ की डाल में गमछा के सहारे युवक का शव झूलता हुआ पाया गया पेड़ के नीचे मृतक का चप्पल बोतल भी मिला है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव की पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण पता चले गा अभी ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### विभूति एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 36 वर्षीय युवक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर विभूति एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 36 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सूचना पर जानकारी अनुसार विभूति एक्सप्रेस सोमवार की शाम 7 बज कर 40 मिनट पर स्थानीय रेलवे स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म पर पहुँची और दो मिनट रुकने के बाद खुल कर जाने लगी। इसी दौरान युवक चढ़ने के दौरान अनियंत्रित होकर रेल पटरी के अंदर गिर गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृत युवक का हांथ कटने के साथ ही सिर धड़ से अलग हो गया। ट्रेन जाने के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुँचे स्टेशन के आरपीएफ स्टाफ वकर्मचारियों ने शव को रेल पटरी से हटवाया और घटना की जानकारी दिलदारनगर जीआरपी को दी। सुचना पर पहुँची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए उसके जेब की तलाशी ली। तलासी के दौरान निर्वाचन कार्ड मिला उसके आधार पर मृतक की पहचान चंदन हासदा पुत्र कांदुरा हासदा 36 वर्ष के रूप में हुई। निवासी पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जनपद स्थित गंगारामपुर क्षेत्र के सहनाली नन्दनपुर गांव मृतक की पहचान होने के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### एंटीरोमियो टीम ने 4 नवयुवकों के विरुद्ध किया कार्यवाही




**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या ।** थाना पटरंगा पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने अश्लील हरकतें करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई।जानकारी के अनुसार पटरंगा पुलिस एंटीरोमियो टीम शोहदों अश्लील हरकतें करने वाले कि गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह,कमलेश सरोज का0 अमरेश कुमार, महिला का0 अंजू दूबे के साथ पहुँच पंकज वर्मा पुत्र ओमप्रकाश नि0 गजकरी,शिवा पुत्र दिलीप कुमार मिश्रा नि0 गजकरी,कैफ अहमद पुत्र मुशीर अहमद नि0 अलियाबाद लालइमली थाना दरियाबाद,तारिक पुत्र सैयद अहमद नि0 अलियाबाद को गिरफ्तार कर उनके दो को हिदायत दे छोड़ दिया एवम दो के विरुद्ध धारा 294 में कार्यवाही की गई।

# ग्रामीण दिव्यांग को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**पीडीडीयू नगर नियामताबाद।** आज विकासखंड सभागार में मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण दिव्यांग लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल रहे। कुल 41दिव्यांग व एक दैवीय आपदा से ग्रसित व्यक्ति को ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर ग्रामीणों को आवास मिले खास करके उन दिव्यांगों को जो दैवीय आपदा से ग्रसित है ब्लॉक सभागार में उपस्थित दिव्यांग जनों को स्वीकृति पत्र भेंट करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित को देखते हुए काम कर रही है और कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार से देश और प्रदेश का नाम विश्व में ऊंचा हो रहा है आज बहुत ही गौरव पूर्ण क्षण का अनुभव भी हो रहा है स्वीकृति पत्र पाकर सभी दिव्यांग जनों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शरद चंद्र शुक्ला, ए डी ओ पंचायत मनोज कुमार सिंह, आईएसबी धर्मेंद्र कुमार सिंह, लेखाकार अभिमन्यु कुमार, शिव कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## शहर में दो नवजात शिशु के मिलने से मचा हड़कंप



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा,गोण्डा।** बाबू ईश्वर शरण जिला अस्पताल में तड़के सुबह सर्जिकल वार्ड के शौचालय में एक नवजात बच्ची के मिलने से हड़कंप मच गया। मामला तब प्रकाश में आया जब वार्ड में भर्ती मरीज शौच के लिए गए। जहां मौके पर पहुंचे फार्मेसिस्ट ने बच्ची को शौचालय से निकाल उसे महिला जिला अस्पताल भेजा। जहां बच्ची को आईसीयू में रखा गया है। वहीं दूसरी घटना में नवजात शहर के एक होटल के पीछे पड़ा मिला। बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में मंगलवार को सर्जिकल वार्ड की ओर बने मरीजों के लिए शौचालय में एक नवजात शिशु शौचालय की सीट के अंदर पड़ा मिला। शिशु के मिलने की घटना देख पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आननफानन में अस्पताल स्टाफ व स्टाफ नर्स ने बच्ची को शौचालय से निकाल तत्काल उसका ईलाज शुरू कर उसे जिला महिला अस्पताल भेजा। जहां बच्ची को साफ सुथरा खर उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि जब वार्ड में भर्ती मरीज व उनके तीमारदार सुबह जल्दी उठ शौच के लिए गए तो वहां पर एक नवजात शिशु को शौचालय की सीट के अंदर पड़ा दिखाई दिया। जिसपर मरीजों व तीमारदारों ने उसकी सूचना इमरजेंसी में तैनात फार्मेसिस्ट शैलेन्द्र सिंह आजाद को दिया।

## कौड़िया पुलिस द्वारा गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजन को किया सुपुर्द



**ब्यूरो गोंण्डा ।**गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा बालकों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कौड़िया पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के पर्यवेक्षण में गुमशुदा/अपहृत को पतारसी-सुरागरसी कर अथक प्रयास से बरामद किया गया। गुमशुदा लड़का दिनांक 02.09.2023 को अपने घर से नाराज होकर कर चला गया था और घर नही लौटा था। जिसके सम्बन्ध में वादी राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया पुत्र हजुरी प्रसाद चौरसिया निवासी ग्राम बेलहा मौजा रूकमंगदपुर थाना कौडिया जनपद गोण्डा द्वारा थाना कौड़िया में इसकी सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कौड़िया में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। गुमशुदाअपहृत बालक को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति गोण्डा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मोहम्मद तालिब नामक युवक ने अपने जन्मदिन पर सैकड़ो गरीब असहायों को कराया भोजन




**पीडीडीयू नगर ।** आज डीडीयू नगर में रेलवे स्टेशन के बाहर मुहम्मद तालिब नामक शख्स ने गरीबों में भोजन वितरित कर आरपीएफ व पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन मनाया। भोजन का पैकेट पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। आधुनिक युग में जन्मदिन का दौरा तेजी से चल रहा है। लोग तमाम तरह के आयोजन कर अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन नगर के मोहम्मद तालिब ने गरीबों के बीच अपना जन्मदिन मनाने का फैसला किया। यही नहीं मुख्य अतिथि के तौर पर आरपीएफ कमांडेंट आर के रावत व कूड़ा बाजार चौकी प्रभारी हरिकेश को भी आमंत्रित किया। पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन के बाहर रविवार को दोपहर में मुख्य अतिथियों के साथ इन्होंने पहुंचकर लगभग 300 यहां मौजूद गरीबों में भोजन का पैकेट वितरित कर गरीबों के हाथों केक काटकर जन्मदिन मनाने का काम किया। यह आयोजन देख रेलवे स्टेशन के बाहर काफी संख्या में भीड एकत्रित हो गई। हर कोई इस तरह के आयोजन की प्रशंसा की। वही भोजन का पैकेट प्रकार गरीबों के भी चेहरे खिल उठे। मोहम्मद तालिब ने बताया कि मेरा गरीबों के मदद करने का हमेशा हौसला रहता है। इसीलिए प्रत्येक जन्मदिन पर मैं गरीबों के बीच अपना जन्मदिन मनाने का फैसला लिया है। इस मौके पर सिपाही आलोक, सत्येंद्र, आंसू सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने किया राजकीय जिला पुस्तकालय व मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का निरीक्षण

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा मंगलवार को आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा योगेश्वर राम मिश्र एवं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने राजकीय जिला पुस्तकालय एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा में संचालित निःशुल्क कोचिंग का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने राजकीय जिला पुस्तकालय में साफ-सफाई, इंटरनेट व्यवस्था, कुर्सी व सभी अन्य व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिये। उन्होंने यह भी कहा कि यहां पर बच्चे एक अच्छी तैयारी करने की उम्मीद से पुस्तकालय में आते हैं, इसलिए यहां की सारी व्यवस्थाएं अच्छी होना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वहां पर तैयारी करने हेतु आए हुए छात्र-छात्राओं से पुस्तकालय में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जानकारी के दौरान छात्राओं द्वारा अवगत कराया गया कि पुस्तकालय में इंटरनेट की स्पीड ठीक नहीं है। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने मण्डलायुक्त से और अच्छी कुर्सी पुस्तकालय में लगवाने की मांग किये। वहीं निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संज्ञान में लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये हैं कि राजकीय जिला पुस्तकालय में इन्टरनेट की स्पीड को सही कराया जाय, साथ ही यहां पर अच्छी कुर्सियां नई लगवाने के निर्देश दिये। इसके बाद मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में पहुंच कर वहां पर संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत निःशुल्क कोचिंग सेंटर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त व डीएम ने निरीक्षण के दौरान वहां पर तैयारी कर रहे छात्र- छात्राओं से कोचिंग के संबंध में जानकारी ली। जानकारी के दौरान सभी बच्चों द्वारा अवगत कराया गया कि बहुत अच्छी तैयारी करवा रहे हैं, सभी बच्चे खुश नजर आये। उन्होंने यह भी कहा है कि शड्यूल देख कर बतायें तो अधिकारी भी आयेंगे कोचिंग में बच्चों को जानकारी देने के लिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार पाण्डेय सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने उठाई आवाज़,हम लेकर रहेंगे विश्वविद्यालय



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा,गोण्डा।** इन दिनों विश्वविद्यालय की मांग को लेकर जहां पूरे जिले में आवाज उठ रही है तो वहीं पहली बार किसी राजनैतिक पार्टी के रूप में सड़क पर उतरी कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार शहर में प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय जिले में बनाने की मांग की। कांग्रेस शहर अध्यक्ष की अगुवाई में निकली पैदल यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र आयुक्त को सौंपा। मंगलवार को शहर में कांग्रेसियों ने विश्वविद्यालय को लेकर हाथ में तख्ती पोस्टर के साथ सड़कों पर पैदल यात्रा निकाली। शहर अध्यक्ष रफीक रैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय को लेकर प्रदेश सरकार ने जिले में अलग अलग जगहों पर सर्वे कराया था। जिसमें शहर से महज 7 किमी की दूरी पर डोमाकल्पी को चिंहित किया गया। लेकिन आज विश्वविद्यालय गैर जनपद में बनने की बात आ रही है।

### पुलिस ने 12 वारण्टी को किया गिरफ्तार




**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या ।** थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग अलग स्थान से न्यायालय में समय से हाजिर न होने वाले बारह वारन्टी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि न्यायालय में समय से हाजिर न होने वाले 12 अभियुक्तगण कही जाने की फिराक में है।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ओमप्रकाश,एसआई कमलेश सरोज,आशीष कुमार द्वितीय के साथ अलग अलग स्थान पर पहुँच अभियुक्त रामदेव रावत पुत्र नन्हे रावत निवासी कोटवा,धर्मेंद्र वर्मा पुत्र नरेश निवासी पटरंगा,सीताराम पुत्र बरसाती निवासी जैनाबाद,तिलकराम पासी पुत्र बाबूलाल निवासी रजागंज मजरे खेदीपुर,चांद पुत्र सईद निवासी कोपेपुर,दिनेश पुत्र राजकुमार निवासी नियामतपुर पटरंगा को गिरफ्तार कर लिया।सभी वारन्टी अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अरुण कुमार कुरील द्वारा योग दिवस पर आयोजित योग सप्ताह में विभिन्न ब्लॉकों में या अन्य स्थानों पर योग करवाने वाले आयुष विभाग के समस्त योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया I योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया उपस्थित समस्त योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष विभाग के योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी की सराहना करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि महर्षि पतंजलि की धरती पर योग के क्षेत्र में किया जा रहा जन-जागरण का प्रयास काफी सराहनीय है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अरुण कुमार कुरील ने कहा कि योग आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यक आवश्यकता है।हम अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं।

अभियान — भारत अपने इतिहास और संस्कृति की वजह से पूरे विश्व में एक विशेष स्थान रखता है

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर कला जमानिया महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या,जमानियां ।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर कला जमानिया गाजीपुर महिला सशक्तिकरण के विषय में समझाया गया जागरूक कराया गया महिला कांस्टेबल अंकित सिंह व साधना जैसल व ऐक्स अखिलेश सिंह व रविकांत सिंह और रमन कुमार मौजूद रहे। इस दौरान छात्राओं को साधना सिंह, अंकिता सिंह ने बताया की भारत अपने इतिहास और संस्कृति की वजह से पूरे विश्व में एक विशेष स्थान रखता है। हमारा यह देश सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य शक्ति आदि में विश्व के बेहतरीन देशों में शामिल है। वैसे तो आजादी के बाद देश की इन स्थितियों में सुधार की पहल हुई। लेकिन हालिया समय में इस क्षेत्रों में पहल बहुत तेज हुई है। इसके लिए समाज के मानव संसाधन को लगातार बेहतर, मजबूत व सशक्त किया जा रहा है और समाज की आधी आबादी स्त्रियों की है। इस बाबत उनके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों महिला हेड कांस्टेबल ने कहा कि यदि किसी समाज की प्रगति के बारे में सही-सही जानना है। तो उस समाज की स्त्रियों की स्थिति के बारे में जानो। कोई समाज कितना मजबूत हो सकता है, इसका अंदाजा इस बात से इसलिए लगाया जा सकता है क्योंकि स्त्रियाँ किसी भी समाज की आधी आबादी हैं। बिना इन्हें साथ लिए कोई भी समाज अपनी संपूर्णता में बेहतर नहीं कर सकता है। समाज की आदिम संरचना से सत्ता की लालसा ने शोषण को जन्म दिया है। स्त्रियों को दोयम दर्जे के रूप में देखने की कवायद इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा की भारत में विभिन्न संस्कृतियों का संगम है। स्त्री हर संस्कृति के केंद्र में होकर भी केंद्र से दूर है। स्त्री पैदा नहीं होती, बनाई जाती है। समाज अपनी आवश्यकता के अनुसार स्त्री को ढालता आया है। उसके सोचने से लेकर उसके जीवन जीने के ढंग को पुरुष अभी तक नियंत्रित करता आया है और आज भी करने की कोशिश करता रहता है। पितृसत्तात्मक समाज ने वह सब अपने अनुसार तय किया है। जब-जब सशक्तिकरण का सवाल उठता है तब-तब समाज ही कठघरे में खड़ा होता है। समाज में लगातार बदलावों के लिए संघर्ष चलता रहता है। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि जब हम महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं, तो उसका आशय यह नहीं है कि अब पितृसत्तात्मक समाज को बदल कर मातृसत्तात्मक समाज में बदल दिया जाए।

# DDU रेल मण्डल में साक्ष्यों में उलट फेर कर फरेब ढंग से रेलवे विभाग में नौकरी करने का मामला



**शुभ भास्कर,पीडीडीयू नगर।** DDU रेल मंडल में अभिलेखीय साक्ष्य में उलट फेर कर फरेब ढंग से रेलवे विभाग में नौकरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें कुटरचित दस्तावेज तैयार कर नौकरी करने वालों में हड़कंपम मचा हुआ है। इस बाबत आर०टी०आई से प्राप्त उ०प्र० शिक्षा परिषद, इलाहाबाद द्वारा जारी कक्षा दसवीं का गजट क्रास लिस्ट व दसवीं के फेल अंक पत्र के अनुसार पास दिखाकर अनुकंपा पर रेल में नौकरी प्राप्त कर लिया।इस बाबत सुनील कुमार यादव यूनिवर्सल साइबर सीटी बस स्टैंड निवासी -अमोघपुर ने DRM DDU, रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, विजीलेंस हाजीपुर व अन्य स्थानों पर डाक द्वारा भेजा है। जिसमें DDU मण्डल के अधिकारी जांच न करते हुए मामले कि लीपा-पोती में लग गए हैं । सुनील ने बताया कि हरेंद्र प्रसाद 379 इएफ इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी निवासी जो वर्तमान में रेलवे में गार्ड (ट्रैन मैनेजर) के पद पर कार्यरत है,जो शुरू से ही 420 धोखेबाज एवं अभिलेखीय साक्ष्यों में उलट फेर करने वाला एक नटवर लाल किश्म का व्यक्ति है जो अपने पिता की मृत्यु के उपरांत नाबालिक होते हुए अपने हाई स्कूल प्रमाण पत्र में अंकित उम्र व फेल मार्कशीट में हेरा-फेरी कर अनुकंपा के आधार पर रेल में नौकरी करने लगा । आरोप लगा कि कुटरचित दस्तावेज में हेर-फेर करने वाले हरेंद्र सरकारी पेंशन घोटाले के कार्य में भी लिप्त है। अपनी मां के मृत्यु के बाद जिंदा दिखाकर पेंशन लेते रहे। जिसकी शिकायत के बाद पोस्ट आफिस के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ हैं।

## ख़ास ख़बर

### कुरपनिया शिवमंदिर में आज से होगा अखंड हरिकीर्तन



**फुसरो**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन श्रीश्री शोकहरण नाथ शिवमंदिर में 20 सितंबर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन 2 बजे दिन से शुभारंभ होगा और 21 सितंबर को आरती, पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न होगा। साथ ही शाम को भजन संध्या का भी कार्यक्रम होगा। उक्त आशय की जानकारी लाखन सिह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि अखण्ड हरिकीर्तन की तैयारी जोर-शोर चल रही है। बेरमो कोयलांचल के सभी अखण्ड हरिकीर्तन मंडलियो, भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। हरिकीर्तन समारोह व भजन संध्या में समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडे, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल, बी एंड के महाप्रबंधक एमके राव को भी आमंत्रित किया गया है।

### बारीडारी में गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन



**बोकारो**। मंगलवार को दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ग्राम बारीडारी (गोमिया) में आयोजित गणेश पूजा में सम्मिलित हुए। उन्होंने गणेश पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान शंखनाद और श्रीगणेश जी के जयकारों गणपति बप्पा मोरया आदि से गांव क्षेत्र गुंजायमान हो गया। श्री महतो ने श्रीगणेश जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका और क्षेत्र के सुख, समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को गणेश चतुर्थी एवं गणेश पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूजा समिति ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### तुपकाडीह में गणेश पूजा की धूम



**बोकारो**। तुपकाडीह नहर किनारे गणेश पूजा धूमधाम के साथ की जा रही है। भव्य पंडाल और गणपति की आकर्षक प्रतिमा देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। तीन दिवसीय इस उत्सव में भजन कीर्तन के साथ-साथ जागरण का कार्यक्रम होगा। कमेटी के अध्यक्ष राजेश महली और नीरज कुशवाहा ने बताया कि पूरा तुपकाडीह भगवान गणपति बप्पा की अराधना में लीन है। कमेटी के शशि महतो, प्रकाश, चमन, अरविन्द, तुलसी, पांचू, राजा, रवि, राजेंद्र, सुखदेव, मनोज, टिंकू आदि शांति व्यवस्था बनाये रखने में लगे हैं।

### ललपनिया में माओवादियों ने लगाए पोस्टर

**बोकारो**। बेरमो अनुमंडल अंतर्गत ललपनिया बाजार, रामगढ़ रोड पर भाकपा माओवादियों ने 18 सितंबर की रात आठ पोस्टर चिपकाए। जानकारी मिलते ही ललपनिया पुलिस दलबल के साथ पहुंचकर पोस्टर को उखाड़ कर थाना ले गई। इस बावत बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि पोस्टर का सत्यापन किया जा रहा है। बताते चलें कि करीब 5-6 महीना पहले नक्सलियों ने ललपनिया क्षेत्र के गांव में लेवी की मांग हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर जलाया था। पुनः नक्सलियों का एक दस्ता दुबारा ललपनिया क्षेत्र में दस्तक देकर दहशत का माहौल बनाने में लगा है।

# एटीएम मशीन की चोरी में संलिप्त एक अपराधी पुलिस के गिरफ्त में

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। जामताड़ा जिले के कर्माटॉड थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाझरिया बाजार स्थित एसबीआई एटीएम बूथ से एटीएम मशीन की अज्ञात चोरों के द्वारा उखाड़कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। हालांकि जामताड़ा पुलिस की मुस्तैदी से अपराधी एटीएम मशीन छोड़ फरार हो गए थे। मौके पर एसपी अनिमेष नैथानी ने जल्द अपराधी को दबोचने की बात कही थी। इस घटना में संलिप्त अपराधी की धड़पकड़ के लिए जामताड़ा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी की नेतृत्व में पुलिस तत्परता से जुटी हुई थी। साथ ही मौका ए वारदात पर पहुंचकर मामले को पूरी तरह अपने संज्ञान में लिया था।जिसके आधार पर करमाटांड थाना में कांड सं0 89 / 2023 दिनांक 14.09.2023 धारा 461 / 379/427 भा०द०वि० विरूद्ध अज्ञात दर्ज की गई थीं। उक्त मामले में मो० मेहदी अंसारी उर्फ दुधन उर्फ सूर्या (उम्र करीब 37 ) पिता मो0 असलम, पांडारपाला, रहमतगंज, भूली ओ०पी०, धनबाद को गिरफ्तार किया गया हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता जारी कर बताया की पकड़े गए अपराधी से पूछताछ में मो० मेंहदी अंसारी ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एवं घटना में संलिप्त अपने सहयोगियों का भी



नाम बताया है। पुलिस पूरी सक्रियता से मामले की जाँच की जा रही है । वही मामले में शामिल सभी लोगों को जल्द पुलीस के गिरफ्त में होंगे। वहीं पुलिस की छानबीन में बताया जा रहा है कि इस एटीएम चोरी में सम्मिलित सभी अपराधी लोहे की चोरी में एक्सपर्ट हैं। इससे पूर्व भी लोहे की चोरी आदि मामलों में जेल जा चुके हैं। वहीं पकड़े गए अपराधी मो० मेंहदी अंसारी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा हैं । जो लोयाबाद थाना में आरोपित है। वहीं प्रेस वार्ता में एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, नारायणपुर सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार चौधरी, कर्माटांड़ थाना प्रभारी नागेश्वर साव मौजूद थे।

## मधुपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर**। देवघर पुलिस कप्तान के निर्देश पर मधुपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है। वहीं पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को मधुपुर थाने ले आई है और इसकी सूचना जिला खनन विभाग के पदाधिकारी को दे दिया है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा ने बताया कि एनजीटी के तहत नदी घाट से बालू के उठाव पर प्रतिबंध होने के बावजूद बालू माफिया अवैध रूप से बालू को उठाकर तस्करी करते हैं। जिसको लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर मधुपुर कॉलेज रोड से छापेमारी कर अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। जबकि चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। छापेमारी अभियान में मधुपुर थाने के एसआई एवं एएसआई सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

## असमाजिक तत्वों व अपराधियों पर लगेगी लगाम, कानुनी व्यवस्था पर रहेगी नजर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। नवागत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेंद्र ने सोमवार की शाम एसडीपीओ कार्यालय में पहुंच कर अपना चार्ज संभाला है। गौरतलब हो कि बीते बुधवार को गृह विभाग बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर 33 पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टींग किया गया था। जिसमें बगहा के निवर्तमान एसडीपीओ कैलाश प्रसाद भागलपुर पुलिस मुख्यालय गये तथा कटिहार रेल उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत कुमार देवेंद्र को बगहा एसडीपीओ कार्यालय का चार्ज प्राप्त हुआ। मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान कुमार देवेंद्र ने बताया कि बगहा के लोग काफी शांति प्रिय हैं। हमारी प्राथमिकता भी यही रहेगी कि क्षेत्र में लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपना जीवन यापन करें व ला एंड आर्डर कायम रहे। उन्होंने बताया कि अपराधियों व असमाजिक तत्वों की खैर नहीं होगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई तय है। नवागत एसडीपीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप पुलिस प्रशासन की सहयोग करें, हम आपकी सहयोग में सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सुचना गोपनीय तरीके से दे। ताकि ससमय पुलिस प्रशासन आपकी सहयोग कर सके।

# वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। दस दिवसीय गणेश महोत्सव का मंगलवार से शुभारंभ हो गया। स्थानीय गांधी मैदान में भगवान गणेश की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा पाठ प्रारंभ हुआ। इस दौरान पंडितों द्वारा फूल बेलपत्र प्रसाद चढ़कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। वहीं पूजा के अंत में आरती तथा पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि दस दिनों तक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक दिन सुबह में पूजा आरती तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें काफी संख्या में झूला, मीना बाजार तथा मनोरंजन के



अन्य साधन उपलब्ध हैं। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि मेला की मॉनिटरिंग की जा सके। आयोजन समिति के वालंटियर के अलावा पुलिस बल की भी तैनाती मेला प्रांगण में की गई है। गणेश महोत्सव को लेकर पंडाल तथा उसके आसपास के क्षेत्र में रंग-बिरंगे लाइट लगाई गई है और पूरा गांधी मैदान तथा उसका आसपास का क्षेत्र जगमग कर रहा है। मेला के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें समिति के लोगों द्वारा रक्तदान कर लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### सराहनीय कार्य थाना गौरा चौराहा बलरामपुर

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर ब्रजनंदन रॉय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष तेजनरायन गुप्ता थाना गौरा चौराहा के कुशल नेतृत्व में- सिंघवापुर मोड़ के पास से थानाध्यक्ष गौरा चौराहा मय हमराह उ0नि0 कमलेश कुमार यादव उ0नि0 किसलय मिश्रा मय हमराह हे0का0 प्रभात कुमार यादव व हे0का0 जितेंद्र कुमार व का0 मुकेश कुमार यादव व म0का0 साक्षी राज द्वारा मु0 अपराध संख्या 115/23 धारा 302 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर से सम्बंधित वांछित अभियुक्त 1. साधु उर्फ हग्गन पासवान पुत्र तुलसी पासवान 2. निर्मला पासवान पत्नी साधु उर्फ हग्गन पासवान 3. रामबरन पासवान पुत्र तुलसी पासवान निवासीगण ग्राम भुसैलवा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया।

### थाना कोतवाली देहात मामला संख्या 404/ 2016 से संबंधित नफर वारंटी गिरफ्तार

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक केशव कुमारके निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री जयदीप दुबे के कुशल नेतृत्व में- थाना को0 देहात पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभि0 मामला संख्या अपराध संख्या 404/ 2016 धारा 411/ 419 /420 /467/ 468/ 471 भादवी से संबंधित अभियुक्त महेश वर्मा पुत्र राम छबीले वर्मा निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया।

### बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, कामगार स्वरोजगार हेतु ऋण के लिए करें आवेदन

**जिला संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर**। जिलाधिकारी बलरामपुर के निर्देश में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कामगार जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, उन्हें अपने ही गांव में स्वरोजगार के लिए 10.00 लाख तक के ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना होगा अवशेष ब्याज विभाग द्वारा प्रदान किया जायेगा व महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को पूंजीगत मद में ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति योजना के ई-पोर्टल www.cmegp.data-center.co.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, व परिवार रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड की छाया प्रति के साथ ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कॉपी कार्यालय में अनिवार्य रूप से किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। इस सम्बन्धम में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, निकट रानी धर्मशाला, नौशहरा, बलरामपुर में जानकारी ले सकते है अथवा मो० नं० 9580503170/9598782988 पर भी सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों को स्कोर कार्ड के माध्यम से चयन किया जायेगा तथा आवेदकों के ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन बैंको को वित्तपोषण हेतु अग्रसारित किया जायेगा। जनपद के बेरोजगारों से अपेक्षा है कि उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कामगार स्वरोजगार हेतु ऋण के लिए करें आवेदन

**बलरामपुर**। जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर के निर्देश के अनुपालन में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कामगार जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, उन्हें अपने ही गांव में स्वरोजगार के लिए 10.00 लाख तक के ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना होगा अवशेष ब्याज विभाग द्वारा प्रदान किया जायेगा व महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को पूंजीगत मद में ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति योजना के ई-पोर्टल ूूबउमहचण्कंजं.बमदजमतण्बवण्पद पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, व परिवार रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड की छाया प्रति के साथ ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कॉपी कार्यालय में अनिवार्य रूप से किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। इस सम्बन्धम में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, निकट रानी धर्मशाला, नौशहरा, बलरामपुर में जानकारी ले सकते है अथवा मो० नं० 9580503170/9598782988 पर भी सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों को स्कोर कार्ड के माध्यम से चयन किया जायेगा तथा आवेदकों के ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन बैंको को वित्तपोषण हेतु अग्रसारित किया जायेगा। जनपद के बेरोजगारों से अपेक्षा है कि उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें और स्वावलम्बी बन कर प्रदेश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें।

**शोक सभा** — सचिव विमल कुमार सिंह की धर्मपत्नी नीता देवी के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

# अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से मध्य विद्यालय नाला में शोक सभा आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलावनी के शिक्षक सह अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के गेड़िया अंचल के सचिव विमल कुमार सिंह की धर्मपत्नी नीता देवी (51) के असामयिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर सुनते ही खासकर शिक्षक समुदाय शोकाकुल है।इधर इस शोक संवाद को सुनते ही नाला स्थित आवास में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के नाला एवं गेड़िया अंचल के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित हुए। साथ ही उनके विद्यालय के सहयोगी अध्यापक गण एवं नाला के समाजसेवी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित होकर शोकाकुल परिवार को संवेदना व्यक्त किए। बताया जाता है कि शिक्षक विमल कुमार



सिंह की धर्मपत्नी नीता देवी का इलाज ब्रह्मानंद हॉस्पिटल जमशेदपुर में चल रहा था, मंगलवार अहले सुबह ही उनका हृदय गति अवरुद्ध हो जाने के कारण उनकी अकस्मात निधन हो गई। उनके इस असामयिक निधन से पूरा शिक्षक समुदाय शोकाकुल है।इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शोकसभा का आयोजन कर विमल कुमार सिंह के स्वर्गवास धर्मपत्नी की आत्मा के शांति हेतु एक मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की । इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के परिमल मरांडी, वासुदेव यादव, अदैत्य कुमार मंडल, सुधीर कुमार, संजीव कुमार ठाकुर, सरोज मुर्मू, वैद्यनाथ पाल, रामरतन मुर्मू, ठाकुर हेम्ब्रम, दिलीप रविदास, मुकेश कुमार सिंह, नवीन कुमार, दामोदर मंडल, संजय कुमार, कैलाश यादव, कृष्ण कुमार घोष, सुव्रत कुमार चौधरी, जयकांत तिवारी, प्रशांत कुमार सिंह, महेश्वर घोष के अलावे सेवानिवृत्त शिक्षक सुनीति कुमार मंडल, उज्जवल मंडल, दिलीप कुमार सिंह,सी आर पी परिमल मंडल, सहायक अध्यापक दयामय मंडल, प्रदीप कुमार मंडल,एन्थोनी किस्कु, समाजसेवी तापस भट्टाचार्य,बापी साधु,कुमोद सिंह, रंजीत डोकानिया,मो० असगर अंसारी,रामधन सिंह, संजय कुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक मौजूद होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लगाइ गुहार,अतिक्रमण को लेकर न्यायालय जाने को मजबूर होंगे ग्रामीण

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोर्ट, भागलपुर (बिहार)**। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी में महीनों से जल जमाव एवं सरकारी नाले पर अतिक्रमण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।ग्रामीणों ने पुनः एक लिखित आवेदन जिला प्रशासन को दिया है।आवेदन में लिखा है पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी मुख्य सड़क यूको बैंक से शमशाद चाय दुकान एवं मुख्य सड़क पंचायत भवन पुरैनी दक्षिणी से मध्य विद्यालय पुरैनी दक्षिणी से होकर सरकारी नाले के अतिक्रमण को लेकर जल जमाव का निकासी करना है इस संबंध ग्रामीणों ने 17.08.2023 को पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं जिला परिषद के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं बिहार राज्य महिला आयोग सदस्य राबिया खातून, राजद नेता अकबर अंसारी गाँव के बुद्धिजीवी के साथ जिला परिषद के आवास पर बैठक हुई। प्रखंड से आए पदाधिकारी,जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीण जनता के साथ स्थल निरीक्षण किया और कहा के सरकारी नाले पर जो भी अतिक्रमण कर रखा है एक सप्ताह के अंदर हटा लें नहीं चलेगी बुलडोजर अंचल कार्यालय द्वारा 2 अमीन, राजस्व कर्मचारी एवं संबंधित मौजा के नक्शा अनुसार अतिक्रमण वाले नाले और सड़क का मापी कराया गया। आमीन द्वारा बताया कि 15 फीट सड़क के दोनों



ओर अतिक्रमण है। यह सड़क पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी से होकर जाने वाली मुख्य सड़क जो आगे कई गाँव को जोड़ता है आवेदन में आगे लिखा है विधि व्यवस्था की इज्जत करने वाले अपने-अपने सामने से अतिक्रमण हटा लिया है कुछ ग्रामीण आना कानी कर रहे हैं ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि का आरोप है प्रशासनिक कार्रवाई में विलंब होने के कारण बुलडोजर के साफ सफाई में परेशानी हो रही है ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाया है। स्थाई सरकारी नाले पर अतिक्रमण से मुक्ति और साफ सफाई को ले कर प्रशासन की सहयोग की आवश्यकता है। आवेदन में संयुक्त रूप से वार्ड सदस्य मुश्ताक़ पंचायत समिति समाया शमीम जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार सरपंच जीनत परवीन, आसफा खातून उपसरपंच वसीम उप मुखिया सिराजुल एवं ग्रामीण जनता राजद नेता अकबर अंसारी जफर अहमद जहांगीर शाहजहां परवेज चाय वाला इलियास समीर यासीन अब्दुल अफरोज अशफाक मोहम्मद रज्जाक आदि ने दिया है।

## ख़ास ख़बर

### सराहनीय कार्य थाना गौरा चौराहा बलरामपुर

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर ब्रजनंदन रॉय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष तेजनरायन गुप्ता थाना गौरा चौराहा के कुशल नेतृत्व में- सिंघवापुर मोड़ के पास से थानाध्यक्ष गौरा चौराहा मय हमराह उ0नि0 कमलेश कुमार यादव उ0नि0 किसलय मिश्रा मय हमराह हे0का0 प्रभात कुमार यादव व हे0का0 जितेंद्र कुमार व का0 मुकेश कुमार यादव व म0का0 साक्षी राज द्वारा मु0 अपराध संख्या 115/23 धारा 302 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर से सम्बंधित वांछित अभियुक्त 1. साधु उर्फ हग्गन पासवान पुत्र तुलसी पासवान 2. निर्मला पासवान पत्नी साधु उर्फ हग्गन पासवान 3. रामबरन पासवान पुत्र तुलसी पासवान निवासीगण ग्राम भुसैलवा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया।

### पट्टे की जमीन को लेकर दो पक्षों के महिलाओं में जमकर मारपीट

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, दुल्लापुर गाजीपुर।** दुल्लापुर थाना क्षेत्र सैया गांव में पेट को जमीन को लेकर दो माह में तीसरी बार मारपीट हुई जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों से दो महिलाओं का शांति बाग में चालान कर दिया जबकि पीड़ित 12 वर्षीय रुचि पुत्री सहबल्ली यादव ,प्रमिला पत्नी सहबल्ली पर विपक्ष में काफी दिनों से पट्टे की भूमि को लेकर दुश्मनी चल रही है।जिसमे आज विपक्ष के लोग नीव खुदाई करने लगे तो पीड़िता पक्ष के महिलाओं ने रोका तो मारपीट हो गई।जिसमे पुलिस ने प्रथम पक्ष प्रमिला यादव और द्वितीय पक्ष मिला यादव का शांति भंग में चालान किया।दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनो लोगो का पट्टा भूमि का निर्धारण नही हुआ एक पक्ष की महिला नीव खुदाई करने लगे तभी दूसरे पक्ष ने रोका जिसमे मारपीट हुई।दोनो पक्षों से दो महिलाओं का शांति भंग में चालान किया गया।

### जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में मद्य निषेध एवं नशीली पदार्थ के रोकथाम के संबंध में बैठक संपन्न

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषेध एवं नशीले पदार्थों के रोकथाम के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय ने कहा की नशीले पदार्थ पर रोकथाम के लिए सीमा पर विशेष रूप से निगरानी सशस्त्र सीमा बल, पुलिस एवं एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जाए। इसके लिए इंटेलिजेंस व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीमा से लगे ग्रामों में नशीले पदार्थ के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ का अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर समस्त एसडीएम वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। बैठक में एक्साइज इंस्पेक्टर अनंत कुमार मिश्रा व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### भ्रमण एवं प्रशिक्षण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय पन्त नगर उत्तराखण्ड के लिए किया गया रवाना

**बलरामपुर।** शासन द्वारा जारी सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) की कार्य योजना वर्ष 2023-24 द्वारा जनपद से राज्य के बाहर 07 दिवसीय कृषक भ्रमण एवं 07 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस क्रम में आज मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर प्रतिनिधि श्री श्याम मनोहर तिवारी द्वारा भ्रमण एवं प्रशिक्षण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय पन्त नगर उत्तराखण्ड के लिए रवाना किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर सुबेदार यादव मौजूद रहे।

### लम्पी वायरस से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लम्पी स्किन डिंजीज ( एल0एसएडी0 ) से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि लम्पी पशुओं में होने वाली वायरस जनित बीमारी है जो मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियों और टिक्स द्वारा एक पशु के शरीर से दूसरे पशु के शरीर में फैलता है। लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं को तेज बुखार आने के साथ ही उनकी भूख कम हो जाती है, इसके अलावा पशुओं के चेहरे, गर्दन, थूथन, पलकों समेत पूरे शरीर में गोल उभरी हुई गांठें बन जाती हैं। उन्होंने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। इस रोग से ग्रसित होने पर मवेशी सम्पूर्ण शरीर की चमडी विशेष रूप से सिरगर्दन, थूथन, थनों,गुदा व अंडकोष या योगिगुख के बीच के भागों पर गांठों के उभार वन जाते है। कभी भी पूरा शरीर गौठों से ढक जाता है। लम्पी रोग से ग्रसित होने पर पशु के श्वसन पथ में घाव होने से सॉस लेने में कठिनाई होती है, पशुओं का वजन घट जाता है,शरीर कमजोर हो जाता है। बचाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम निकटतम पशुचिकित्साधिकारी को सूचित करें, प्रभावित पशु को स्वस्थ पशु से अलग करें। प्रभावित पशुओं का आवागमन प्रतिबन्धित करें। पशुओं को सदैव साफ पानी पिलायें। पशु के दूध को उबाल कर पियें। पशुओं को मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि से बचाने हेतु पशुओं के शरीर पर कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। पशुबाड़े और पशुखलिहान की फिनायल या सोडियम हाइपोक्लोराइट इत्यादि का छिड़काव कर उचित कीटाणु शोधन करें। बीमारी पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को भी स्वस्थ पशुओं के बाडे से दूर रखना चाहिए।

### बगहा में जंगल राज पार्ट 2 की शुरुआत भय का माहौल - विधायक राम सिंह

# बगहा में 35 से 40 लाख की दो घरों में भीषण सामान की चोरी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा पुलिस जिला के नगर थाना क्षेत्र के परसा बंचहरी पंचायत के परसा में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में भीषण चोरी का अंजाम दिया है। जिसके चलते आस पास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गयी है। चोरी की घटना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस तफसिस में जुटी है। नवागत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेंद्र ने चोरी के घटना की सुचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन करने के बाद पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि किसी भी सुरत पर अपराधी बख्से नहीं जायेंगे। घटना की उदभेदन शीघ्र करने की दावा करते हुए कहा कि आधुनिक व वैज्ञानिक पद्धति से मामले की जांच शुरु है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी की घटना ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि परसा गांव के शशिभूषण मिश्र, वकील मिश्र के यहां चोरी की घटना हुई है। पुलिस की त्वरित जांच के क्रम सीसीटीवी फुटेज में चोरों का फोटो की शिनाख्त में लगी हुई है। घटना की सुचना मिलते ही बगहा विधायक राम सिंह ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवारों को विश्वस्त करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द ही मामले का उद्भेदन करने का भरोषा दिया। कहा कि बिहार में जंगल राज 2 का खेल शुरू हो चुका है। जनता बेबस नजर आ रही है। बगहा की पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। हाल की चोरी की घटना लगभग एक माह पूर्व नगर थाना के छोटकीपट्टी बड़गांव में तीन घरों में भीषण चोरी की घटना घटी थी। लेकिन पुलिस इस घटना को पर्दाफाश कटने में असफल रही है। लोगों में विश्वास की कमी देखी जा रही है।पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय साह व ग्रामीणों की माने तो चार घरों में चोरी की घटना घटी है। जिसमें शशिभूषण मिश्र, वकील मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र तथा मंजित मिश्र आदि लोगों के घरों चोरी हुई है। जिसमें लैपटॉप,कीमती आभूषण, कीमती वस्त्र, सहित लाखों रुपये मुल्य की सामानों की चोरी बताई जा रही है। गौरतलब हो कि छोटकी पट्टी बडगांव समेत लगभग एक माह के अंदर आधा दर्जन घरों में भीषण चोरी हुई। ग्रामीणों की माने तो जो लोग अपने घरों से बाहर इलाज तथा अन्य कार्यों को ले कर चले जाते है। उनके घरों को शातिर चोर निशाना बना रहे हैं। अपराधियों के तांडव से लोगों में भय व दहशत का माहौल कायम है।

## जनता की सुनवाई जनता का अधिकार इसलिए जनसुनवाई अतिआवश्यक



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में प्रदेश सरकार के आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र ''दयालू'' ने सोमवार को जनसुनवाई की । इस दौरान उन्होंने समक्ष आए हुए मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पीड़ितों की समस्याओं को प्राथमिकता के स्तर पर निस्तारित करें। मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र "दयालु" ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब वर्ग के हितो की रक्षा कर रही है। कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश की बदहाल दशा को संवारकर विकास की नई दिशा दी। कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जनता के लिए समर्पित सरकार है। कहा कि जनता और शासन के मध्य सदैव संवाद बना रहना चाहिए, तभी हम जनता की दुख,तकलीफ और समस्याओं से रूबरू हो पाएंगे,और तभी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। आज जनसुनवाई के दौरान मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र "दयालु" ने समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग के अफसरों कोई निर्देश भी दिया। जनसुनवाई में सड़क निर्माण, सीवर समस्या नाली समस्या जमीन से संबंधित समस्याओं को भी निस्तारित किया गया। इस दौरान वाराणसी के थाना चौक निवासिनी फरियादी श्रीमति छाया देवी ने अपनी पुत्री सुनीता प्रजापति के आंत में सूजन सहित पेट में पथरी होने की बात कही और धनाभाव के कारण ईलाज ना करा पाने की असमर्थता जताते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद मांगी। कोटवां निवासिनी रहम बीबी पत्नी स्व. मोहम्मद अयूब ने आवंटित आवास में कब्ज़े को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।इसी क्रम में सेवानिवृत्त होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा.उपेंद्र राय ने अपने एरियर भुगतान को लेकर गुहार लगाई। एक अन्य मामले में वाराणसी निवासी मंगल प्रसाद जायसवाल ने कंपनी गार्डन मैदागिन से होटल बारादरी तक मार्ग की साफ-सफाई और लाइट सम्बंधित समस्या को लेकर प्रार्थनापत्र दिया। इसी तरह बच्छाव निवासी विवेक सिंह ने अपने मोहल्ले की 200 मीटर लंबी जर्जर और खस्ताहाल सड़क के निर्माण हेतु आयुष मंत्री के स्वनिधि से निर्माण कराने का आग्रह किया जिसे आयुष मंत्री द्वारा स्वीकार लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कई मामलों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आयुष मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र "दयालु" ने संबंधित विभाग को अविलंब कार्यवाई के निर्देश दिए और कई मामलों का त्वरित निस्तारण किया। जनसुनवाई में कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक, मंत्रीजी के पीआरओ गौरव राठी, कौशल मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा (बबलू ),हरदत पाठक, दिलीप यादव, राजेश वर्मा, सौरभ पाठक, जय विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, सागर मुलानी आदि सहयोगी उपस्थित थे।

## निजी कार्यालय में संचालित होता है पंचायत कार्यालय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** प्रखंड के पंचायत स्तरीय कर्मी पंचायत कार्यालय में नियमित रूप से नहीं जा रहे हैं। यह सिलसिला एक कर्मी का नही पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, ग्रामीण आवास सहायक,विकास मित्र, लेखापाल, पंचायत रोजगार सेवक समेत अन्य कई कर्मियों का बना हुआ है। अपनी समस्या लेकर पंचायत कार्यालय पहुचे ग्रामीणों को कई दिनों तक पंचायत कर्मियों से पंचायत कार्यालय में मुलाकात नहीं हो पाता है। जिसके चलते पंचायतों का कई कार्य प्रभावित हो रहा है। यहीं नहीं पंचायत सचिव दूसरे पंचायत में होने का हवाला देकर पंचायत मुख्यालय से मनमर्जी गायब रह रहे हैं और निजी कार्यालयों का संचालन करते आ रहे हैं। हैरत की बात यह कि इन कर्मियों को न कोई पूछने वाला और न कोई टोकने वाला है। पंचायत प्रतिनिधियों की मानें तो राजपुर तुमकड़िया पंचायत में पंचायत सचिव मो. जलालुद्दीन का एकमात्र पंचायत का प्रभार होने के बाद भी वे पंचायत भवन में कभी कभार हीं जाते है। मंगलवार को भी वह पंचायत कार्यालय में नही थे और पूछने पर बताये की आज नही आये है कल आएंगे। वही हाल परोराहा पंचायत में पंचायत सचिव जगदीश हजरा पिछले दो साल में पंचायत भवन कार्यालय में एक बार भी नहीं गए। पंचायत के महत्वपूर्ण बैठकों में अब तक महज चार बार हीं उपस्थित हुए हैं। इतना हीं नहीं पंचायत सचिव शंकर प्रसाद, दिनेश पांडेय और बाबूराम प्रसाद यादव भी अपने पंचायतों में कम और निजी कार्यालयों में अधिक रहते हैं। बता दें कि पंचायत स्तरीय कर्मियों में पंचायत सचिव के अलावे, कार्यपालक सहायक, किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत रोजगार सेवक, लेखापाल, ग्रामीण आवास सहायक, विकास मित्र शामिल हैं। सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि पंचायत कार्यालय होने के बाद भी पंचायत सचिव शंकर प्रसाद का निजी कार्यालय हरदिया चौक स्थित एक मकान में चलता है। पंचायत सचिव बाबूराम प्रसाद यादव का कार्यालय हरदिया के लौरिया रोड में एक निजी मकान में चलता है। इसी तरह पंचायत सचिव मो. जलालुद्दीन का कार्यालय हरदिया में चलता है। जबकि दिनेश पांडेय का कार्यालय ब्लॉक रोड में चलता है। वही इस संदर्भ में बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि पंचायत का अतिरिक्त प्रभार होने के चलते एक रोस्टर तैयार किया गया था जिसके हिसाब से पंचायत सचिव व अन्य पंचायत स्तरीय कर्मियों को अपने अपने पंचायतों में रहना है।

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कामगार स्वरोजगार हेतु ऋण के लिए करें आवेदन

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर के निर्देश के अनुपालन में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कामगार जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, उन्हें अपने ही गांव में स्वरोजगार के लिए 10.00 लाख तक के ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाते हैं। बताया कि सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना होगा अवशेष ब्याज विभाग द्वारा प्रदान किया जायेगा व महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को पूंजीगत मद में ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति योजना के ई-पोर्टल www.cmegp.data-center.co.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, व परिवार रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड की छाया प्रति के साथ ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कॉपी कार्यालय में अनिवार्य रूप से किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। इस सम्बन्धम में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, निकट रानी धर्मशाला, नौशहरा, बलरामपुर में जानकारी ले सकते है अथवा मो० नं० 9580503170/9598782988 पर भी सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों को स्कोर कार्ड के माध्यम से चयन किया जायेगा तथा आवेदकों के ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन बैंको को वित्तपोषण हेतु अग्रसारित किया जायेगा। जनपद के बेरोजगारों से अपेक्षा है कि उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें और स्वावलम्बी बन कर प्रदेश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री आवास योजना के 1494 लाभार्थियों को मिली प्रथम किस्त की सौगात

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रथम किस्त का वितरण कार्यक्रम जनपद के सभी 09 विकास खंडों में आयोजित किए गए। इस अवसर पर विकासखंड बलरामपुर सदर में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी श्री संजीव कुमार मौर्य एवं माननीय विधायक बलरामपुर सदर श्री पल्टूराम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं माननीय विधायक सदर द्वारा 633 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। विकासखंड हरैया सतघरवा में माननीय विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में माननीय विधायक जी द्वारा 304 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। विकासखंड उतरौला में माननीय विधायक उतरौला श्री राम प्रताप वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। माननीय विधायक जी द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

### जनपद में मुख्यमंत्री आवास योजना के 1494 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की सौगात मिली

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लम्पी स्किन डिंजीज ( एल0एसएडी0 ) से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि लम्पी पशुओं में होने वाली वायरस जनित बीमारी है जो मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियों और टिक्स द्वारा एक पशु के शरीर से दूसरे पशु के शरीर में फैलता है। लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं को तेज बुखार आने के साथ ही उनकी भूख कम हो जाती है, इसके अलावा पशुओं के चेहरे, गर्दन, थूथन, पलकों समेत पूरे शरीर में गोल उभरी हुई गांठें बन जाती हैं। उन्होंने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। इस रोग से ग्रसित होने पर मवेशी सम्पूर्ण शरीर की चमडी विशेष रूप से सिरगर्दन, थूथन, थनों,गुदा व अंडकोष या योगिगुख के बीच के भागों पर गांठों के उभार वन जाते है। कभी भी पूरा शरीर गौठों से ढक जाता है। लम्पी रोग से ग्रसित होने पर पशु के श्वसन पथ में घाव होने से सॉस लेने में कठिनाई होती है, पशुओं का वजन घट जाता है,शरीर कमजोर हो जाता है। बचाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम निकटतम पशुचिकित्साधिकारी को सूचित करें, प्रभावित पशु को स्वस्थ पशु से अलग करें। प्रभावित पशुओं का आवागमन प्रतिबन्धित करें। पशुओं को सदैव साफ पानी पिलायें। पशु के दूध को उबाल कर पियें। पशुओं को मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि से बचाने हेतु पशुओं के शरीर पर कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। पशुबाड़े और पशुखलिहान की फिनायल या सोडियम हाइपोक्लोराइट इत्यादि का छिड़काव कर उचित कीटाणु शोधन करें। बीमारी पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को भी स्वस्थ पशुओं के बाडे से दूर रखना चाहिए। पहले स्वस्थ पशुओं को चारा व पानी दें, फिर बीमार पशुओं को दें। बीमार पशुओं को प्रबंधन करने के पश्चात हाथ साबुन से धोयें। लम्पी स्किन डिजीज होने पर सामूहिक चराई के लिए अपने पशुओं को ना भेजें। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में अपने पशुओं को ना भेजे। बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न करायें। प्रमावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर ना लायें। यदि किसी पशु की मत्यु होती है, तो शव को खुले में न फेकें एवं वैज्ञानिक विधि से दफनायें तथा रोगी पशु के दूध को बछडे को न पिलायें।

### फिल्मी स्टाइल में मनबढ़ ने युवक को तलवार लेकर दौड़ाया था, आज मिलीं जमानत





**वाराणसी।** खुलेआम तलवार लेकर दौड़ने (आर्म्स एक्ट) के मामले में आरोपित को जमानत मिल गयी। अपर सत्र न्यायाधीश (सातवां) (अजय कुमार. तृतीय) की अदालत ने खजुरी थाना लालपुर-पाण्डेयपुर निवासी आरोपित सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू सिंह को 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के मुताबिक पिछले महीने वाराणसी में एक सीसीटीवी फुटेज बहुत तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक युवक दुसरे युवक को तलवार लेकर दौड़ा रहा है। इस वीडियो के वायरल हो ने के बाद वाराणसी से लखनऊ तक हड़कंप मचा दिया था। पुलिस ने संज्ञान लिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उक्त व्यक्ति को ढूंढने में लग गयी। मामला लालपुर-पाण्डेयपुर थानाक्षेत्र के हुकुलगंज का था। इस दौरान हुकुलगंज मुहल्ले में रहने वाले सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू और अन्नू सोनकर उर्फ रोहित की तलाश किया गया दोनों व्यक्ति भगवा नल के पास किसी के इंतजार में तलवार लेकर बैठे थे वहां एक व्यक्ति सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशु सिंह पकड़ा गया दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर वरना नदी के रास्ते भाग गया।

**20 अगस्त को हुई थी घटनाः** 20 अगस्त को शाम 6 बजे लालपुर-पाण्डेयपुर थानाक्षेत्र के हुकुलगंज बर्फ फैक्ट्री के पास युवकों के दो गुटों में जमकर विवाद हुआ और मारपीट शुरू हो गयी। इसके बाद कुछ लोगों ने संदीप नाम के युवक की जमकर पिटाई जान बचाकर भगा तो एक युवक उसके पीछे तलवार लेकर दौड़ा था।

**सीसीटीवी हुआ था वायरल तो मचाया था हड़कंपः** इस घटना का एक 23 सेकेण्ड का सीसीटीवी फुटेज तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें मनबढ़ संदीप को तलवार लहराते हुए दौड़ा रहे हैं। इस वीडियो में एक शख्स और तलवार लेकर आता दिखाई दे रहा है पर वह फ़ौरन ही लौट गया। इस मामले के संज्ञान पुलिस ने गंभीरता से लिया और आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश डाली, जिसमें एक युवक पकड़ा गया था।

**अभियान** | स्वच्छ भारत अभियान से लोगों के अंदर जागरुकता पैदा करना, शौचालयों का प्रयोग व खुले में शौच से फैलती है बीमारियां - मुन्ना दास

# भैरोगंज पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड नं 13 सार्वजनिक स्थल पर की गई सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के भैरोगंज पंचायत के भैरोगंज गांव स्थित वार्ड नं 13 सार्वजनिक स्थल पर पंचायत के मुखिया मुन्ना दास के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों ने अभियान चला कर सफाई की। मुखिया मुन्ना दास ने लोगों को जागरुक करते हुए समाज के लोगों को संदेश दिया कि सरकार ने देश को स्वच्छ करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मुहिम चलाई है। जो सराहनीय प्रयास है, अपने आस पास हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर अपनी जिम्मेदारियों की आभास होता, तो इस अभियान की जरुरत ही नहीं पडती। उन्होंने कहा कि कितनी शर्मिन्दगी की बात है हर कोई अपना घर साफ तो जरुर करता है, लेकिन अपनी सारी गंदगी कुडा कचरा बाहर गलियों, सडकों और चौराहा पर फेंक देते हैं। नहीं सोचते कि पुरा पंचायत हमारा घर है। मुखिया ने कहा कि कोई भी पडोसी या बाहर का नहीं आयेगा,साफ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। देश, राज्य, जिला, प्रखंड व पंचायत को साफ सुथरा देखना राष्टपिता महात्मा गांधी का सपना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी गांधी जयंती के अवसर पर 2014 को स्वच्छता अभियान की आगाज किया था। तथा देश को स्वच्छ रखने की क्रांतिकारी कदम उठाया था। कहा कि गांधी जी का सपना था कि स्वच्छ भारत व स्वस्थ देश के लोग। मुखिया ने पंचायत के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जिस तरह आप अपने घरों की साफ सफाई रखते हैं ,उसी प्रकार चौक चौराहों को भी साफ सुथरा रखें। तभी हम स्वस्थ एवं खुशहाल रह सकते है। गंदगी ही सारी बीमारियों की जड है, स्वच्छ रहे स्वस्थ रखने की नारा देते हुए कहा कि खुले में शौच नहीं करे, तभी हम स्वच्छ व स्वस्थ भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 सितंबर से शुरुआत है जो 2 अक्टूबर तक अभियान के तहत चलाया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों के साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षक यशवंत चौधरी समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### भाजपा एवं कांग्रेस से परेशान पाली विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण जनता बड़े परिवर्तन के मूड में



**कर्मपाल सिंह सवाली,पाली राजस्थान**। पाली विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पाली विधानसभा क्षेत्र के प्रबल उम्मीदवार पुखराज सुथार ने कहा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी राष्ट्रीय सुप्रीमो सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में पाली विधानसभा क्षेत्र के लम्बे समय से अनेक समस्याओ और उद्योग नहीं मिलने से सर्व समाज के आजादी के 77 वर्ष बाद भी परेशान होकर एक बड़े परिवर्तन के रूप में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को आपना विकल्प रूप में बड़े पैमाने पर जुड़कर अपना भविष्य देख रही है। उन्होंने कहा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल एक मजबूत किसान परिवार से हैं जो किसानों के अधिकारों के लिए और उनके उत्थान के लिए लम्बे समय से आंदोलन के रूप में अपना कर्तव्य प्रदेश में गांव-गांव ढाणी-ढाणी में निभा रहे हैं। कहीं भी अत्याचार हो बहन बेटियों को न्याय दिलाने के लिए अपनी टीम के साथ पहुंच कर न्याय दिलाते हैं। किसान नेता पुखराज सुथार ने दावा करते हुए कहा पाली विधानसभा क्षेत्र में मजबूत उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना बेटा बेटियों को लघु उद्योग से हजारों लोगों को जोड़कर व्यापार क्षेत्र में भी उपलब्धि के प्रयास किए जाएंगे और युवाओं के लिए आर्मी पुलिस अकादमी में भी राजस्थान के सभी जिलों में स्थापना करने का प्रयास डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर सर्वजनिक लाइब्रेरी (पुस्तकाल प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापना करके बेटा बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए नोटिस उच्च उच्च शिक्षा के लिए भी पुस्तकालय लाइब्रेरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आत्मनिर्भर बनने का एक अमूल्य प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कांग्रेस और भाजपा ने लम्बे समय से बढ़ता भ्रष्टाचार और अनेक समस्याएं अभी भी गरीब कमजोर बस्तियों में विकास नही करवाने की वजह सिर्फ 4 साल में एक बार ही इस आम गरीब मजदूरों की बस्तियों का चुनावी दौरा होता है। अब ग्रामीण जनता परेशान होकर बड़े परिवर्तन के रूप में कांग्रेस और भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों को सर्व समाज के लोग निकार कर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक का पार्टी राष्ट्रीय सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को शानदार मौका देकर नया इतिहास बनाने की तैयारीयो में जुटे हुए हैं और ग्रामीण जनता भी पूरी आंधी की तरह बड़े बदलाव के कारण इन राजनीतिक दलों नेताओं के भी सिंहासन हिले हुए हैं।

### कमांडो प्रशिक्षण शिविर का रहा धमाकेदार समापन



**कर्मपाल सिंह सवाली, सुमेरपुर राजस्थान**। कमांडो प्रशिक्षण शिविर का रहा धमाकेदार समापन। उपखंड मुख्यालय सुमेरपुर के ढोला गांव में सनातन गौ सेवा समिति पाली SGSSP कमांडो कैंप 9 दिवसीय शिविर का रहा समापन मुख्य कमांडो प्रशिक्षण के कमांडो प्रेम वीर आर्य ने बताया कि इस शिविर में लगभग 160 छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया वह 14 सहायक शिक्षक सम्मिलित रहे इस प्रशिक्षण में बालक बालक बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जूडो कराटे बॉक्सिंग लाठी अस्त्र-शस्त्र संचालन एवं कमांडो ट्रेनिंग में राइफल्स शूटिंग तीरंदाजी एसाल्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया योग प्राणायाम करवाया गया इस मौके पर विधायक जोराराम विशेष अतिथि ने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों को संस्कारों का बीजारोपण किया जा सकता है। विधायक कुमावत ने संबोधन करते हुए कहा छात्र-छात्राएं पूरे जज्बे के साथ इस शिविर में ट्रेनिंग लेकर आने वाले समय में सोल्जर बनकर राष्ट्र निर्माण के लिए अमूल्य योगदान देंगे। सरपंच मेघाराम परमार ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन से बच्चों का शारीरिक व मानसिक आध्यात्मिक विकास किया जा सकता है संस्था संरक्षक महेश बागड़ी के उद्बोधन में युवाओं को नशा मुक्त रहने का संदेश दिया। पूरे 9 दिवसीय शिविर मैं छात्र- छात्राएं ने बहुत ही हैरत अंगेज बहादुर के कारनामे दिखाकर आने वाली पीडियो के अंदर राष्ट्र निर्माण के जज्बे के साथ देशभक्ति बलिदान त्याग उनके अंदर पैदा करने का आसाधारण शौर्य प्रदर्शन करके राष्ट्र को मजबूत बनाने का एक शानदार कदम बढ़ाया इस संस्था ने शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र विद्या से निपुण बनाने का महान किया है। इस अवसर में पर संस्था के सदस्य नरसिंह आर्य शरद पारीक राजेश कीर सुरेंद्र सिंह जोधा हुकमाराम बंजारा आदि लोग मौजूद रहे विनय आर्य हेमलता चौधरी धीरज नागोरा करण सिंह प्रियंका गहलोत आदि ट्रेनर मौजूद रहे।

# कांग्रेस की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए चलो पंचायत अभियान कार्यक्रम का आगाज

**कर्मपाल सिंह सवाली, गोगुंदा राजस्थान**। यूथ कांग्रेस राजस्थान पर बड़ी मोहम्मद शाहिद ने युवाओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कहा यूथ कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की शानदार योजनाओं को गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव ढाणी ढाणी में युवा अध्यक्ष बालू भील के नेतृत्व में पूरी टीम ने ग्रामीणों के रूबरू होकर विकास की योजना को पहुंचकर का महत्वपूर्ण कार्य की करने का संकल्प लेकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्य में अपना अमूल्य योगदान देकर आगामी विधानसभा चुनाव में भी गोगुंदा के अलावा पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराने के लिए युवाओं को कांग्रेस की योजनाओं को घर-घर में पहुंचने का लक्ष्य लेकर चलो पंचायत अभियान कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं जिससे आमजन और किसान लोगों को लाभ मिला है प्रदेश में अपना शानदार प्रदर्शन करके एक बार युवाओं की भागीदारी से ऐतिहासिक विकास की ओर बढ़ेगी।यूथ कांग्रेस राजस्थान प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने कहा महाराणा प्रताप राजतिलक स्थली वीर भूमि पर पहुंचकर आज मैं वीरों की धारा पर यूथ कांग्रेस का इस कार्यक्रम को संबोधन करके गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। यूथ कांग्रेस गोगुंदा विधानसभा की पूरी टीम को बालू भील ने अपनी मेहनत लगन से सभी युवाओं में संगठन के प्रति जज्बा पैदा करके अहम भूमिका निभाई। राजस्थान प्रभारी ने सरकार की चिरंजीवी योजनाओं पर जिक्र करते हुए कहा 25 लाख के इलाज के लिए जो पूरे जीवन के साथ स्वास्थ्य जीवन बीमा जो शानदार योजना देकर जन-जन को लाभ दिया है इंदिरा स्मार्ट योजना के अंतर्गत विधवा महिला और छात्राओं को भी मोबाइल देकर उच्च शिक्षा से मजबूत और आत्मनिर्भर बनने के महत्वपूर्ण योजना से लाखों लोगों को भी लाभ दिलाया है जो गांव गांव ढाणी ढाणी तक कांग्रेस की योजना से ग्रामीण जनता बहुत ही खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े-बड़े भाषणों के जरिए ग्रामीणों को झूठे वादे करके विकास करवाने के लिए नाकाम ही रहे 4 साल की शानदार योजनाएं अशोक गहलोत की सरकार उपलब्धियां की चर्चा करते हुए काहे इतना विकास भाजपा ने 10 वर्ष में भी नहीं किया होगा जितना विकास गहलोत सरकार ने 4 वर्ष में ऐतिहासिक योजनाएं देकर ग्रामीणों को शानदार लाभ दिलाया है। पूर्व खेल राज्य मंत्री डॉ मांगीलाल गरासिया ने कहा भाजपा के मोदी और उनके नेताओं ने ने झूठ बोल ग्रामीणों से वोट हासिल किया उन्होंने विधानसभा लोकसभा चुनाव में विदेश से काला धन लाने के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाने के बाद आज तक अभी काला धन विदेशों से वापस नहीं आया क्योंकि भाजपा के जुमलेबाजी से आम आम ग्रामीणों को विश्वास नहीं है क्योंकि कांग्रेस ने ऐतिहासिक योजनाएं देकर लाखों लोगों को योजनाओं का फायदा दिलाया आज यूथ कांग्रेस के चलो पंचायत अभियान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहे। भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों के जरिए कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में क्या किया क्योंकि कांग्रेस ने जिस जहाज में नरेंद्र मोदी सफर करते हैं तो उसका निर्माण सबसे पहले करवाने में अहम भूमिका निभाना के लिए देश को शानदार विकासशील बनाया। आज यूथ कांग्रेस गोगुंदा विधानसभा अध्यक्ष बालू भील की पूरी टीम का धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा यूथ कांग्रेस में बहुत ही जज्बे के साथ युवाओं को जोड़कर बालू भील ने शानदार अपना कर्तव्य निभाया है। और कांग्रेस की योजनाओं को गांव-गांव ढाणी ढाणी में पहुंचने के लिए अपनी टीम को पूरे जोश के साथ युवाओं का बढ़ता कारवा देकर आगामी विधानसभा चुनाव में भी बालू भील युवाओं के भविष्य को आगे तक लेकर चलेंगे इसके लिए हमारा आशीर्वाद उनके साथ रहेगा। विधानसभा के दावेदार बालू भील के समर्थन में हजारो की तादाद में बैठी युवा शक्ति के सामने " बालू भील तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है " व "बालू भील ज़िंदाबाद का नारा लगा दिया,तथा आगामी समय में बालू भील के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में गोगुन्दा में कांग्रेस का विधायक बनाने की बात कही. पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासीया ने कहा की युवा कांग्रेस इतिहास में गोगुन्दा में इस तरह से पहली बार सक्रिय हुई है ,बालू भील के नेतृत्व में युवा शक्ति निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. सायरा प्रधान सवाराम गमेती ने इस अवसर पर कहा की इन्होंने इस तरह का आयोजन गोगुन्दा में युवा कांग्रेस की तरफ़ से पहली बार देखा है यह



हमारे लिए गर्व की बात है की जिस समाज की विधानसभा में सर्वाधिक जनसंख्या है उनमे एक ऐसे युवा का सक्षम नेतृत्व है .देहात युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष रौनक़ गर्ग ने बालू भील के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक आयोजन की सराहना की तथा कहा की तराजू तौल कर देखों किसका पलड़ा भारी है,उन्हें हुंकार प्यारी है तो इन्हें ललकार प्यारी है ,इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष व कांग्रेस के मजबूत दावेदार बालू भील ने अपने धन्यवाद भाषण में पधारे हुए सभी कार्यकर्ताओं,वरिष्ठजनो,युवा कांग्रेस पदाधिकारियों,सरपंचगणो,पंचायत समिति सदस्य,ज़िला परिषद सदस्य आदि का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया तथा आगामी विधानसभा चुनाव में गोगुन्दा 10 सालो से कांग्रेस पड़े हुए अकाल को समाप्त करने की बात करते हुए पुनः गोगुन्दा में इस बार कांग्रेस की जीत का दावा किया. इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद शाहिद,पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासीया,सायरा प्रधान सवाराम गमेती,देहात कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष हेमंत श्रीमाली,ज़िला कांग्रेस महासचिव कुशलेश चौधरी,देवला मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष निकाराम,युवा कांग्रेस देहात ज़िलाध्यक्ष रौनक़ गर्ग,ईसवाल मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह झाला,सामल सरपंच प्रकाश गमेती,पंचायत समिति सदस्य दीपक गमेती,कविता सरपंच लोकेश गमेती,ईसवाल सरपंच पति दिनेश डागी,सायरा सरपंच संघ अध्यक्ष शंकर लाल ,कमोल सरपंच वाला राम,NSUI राष्ट्रीय संयोजक शक्ति सिंह झाला,जितेंद्र रावल रामा,प्रदीप जोशी,ज़िले की सभी विधानसभाओं के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व पदाधिकारी और युवा हजारों की तादाद में युवा कार्यकर्ता पहुंच कर यूथ कांग्रेस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे जोश में अपना कर्तव्य निभाया है।

**राजस्थान प्रभारी ने बालू भील तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, उनके शक्ति प्रदर्शन से भाजपा के भी होश उड़ेः** युवा कांग्रेस गोगुन्दा विधानसभा अध्यक्ष बालू भील के नेतृत्व में चलो पंचायत व नम्बर 1 राजस्थान का ऐतिहासिक आगाज किया,ग़ौरतलब है कि बालू भील अभी गोगुन्दा विधानसभा से कांग्रेस के दावेदार भी है उन्होंने हज़ारो की तादाद में युवा शक्ति के साथ वाहन रैली व ऐतिहासिक आयोजन कर युवा कांग्रेस से आए हुए प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद व युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को अपनी ताक़त दिखाई, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने इस ऐतिहासिक आयोजन से प्रसन्न होकर ख़ुद ही गोगुन्दा विधानसभा के दावेदार बालू भील के समर्थन में हजारो की तादाद में बैठी युवा शक्ति के सामने " बालू भील तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है " व "बालू भील ज़िंदाबाद" का नारा लगा दिया!!

बारिश से किसानों की कटी फसले खराब हुई को लेकर दिया ज्ञापन

# मुख्यमंत्री से किसानों को राहत पैकेज देने की मांग : भाकियू

**कर्मपाल सिंह सवाली, पाली, राजस्थान**। भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल के नेतृत्व में पाली जिले व रोहट ;पाली के सैकड़ों किसानों ने जिला कलेक्टर, पाली के मार्फत राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पिछले 4 दिनों से पाली जिले व रोहट में हो रही असमय बारिश के कारण कटी हुई फसल पूरी तरह से खराब हुई, जिसका उच्च स्तरीय सर्वे करवाकर, गिरादवरी कर मुआवजा, बीमा, अनुदान व राहत पैकेज देने की मांग की। ज्ञापन में पूर्व विधायक भीमराज भाटी, पूर्व जिला परिषद् सदस्य पीराराम पटेल राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मंगलाराम पटेल भीण्डर, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गाराम पटेल, पाली ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कीर, महासचिव सदाराम विश्नोई सहित अनेक किसान नेताओं ने बताया कि पाली जिले और रोहट में किसानों की पहले ही कम बरसात के कारण फसले जल चुकी थी और अब किसान अपनी बची हुई फसल को काट



रहा था, अचानक पिछले 4 दिन से भारी बरसात के कारण खेतों में कटी हुई फसल मूंग, तिल, ज्वार, बाजरा, ग्वार आदि अनेक धान पानी में भीगने से सड़, गल गई और काश्तकार के मुंह आई फसल बर्बाद हो गई। जिले के किसानों को इस वर्ष आकाल जैसे वर्ष से भी ज्यादा नुकसान हुआ है। किसानों ने महंगा खाद, बीज, डीजल आदि कर्ज लेकर खेती की। लेकिन वर्तमान में सभी फसले नष्ट हो चुकी है। अति वृष्टि से पानी से खेत भर गये और कटी हुई फसल पानी में तैर रही है। इस भारी नुकसान से किसान इस वर्ष कर्ज में डूब जायेगा। प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना जिसमें किसानों को टोल फ्री नम्बर पर 72 घण्टों में सूचना देने वाला फोन भी बन्द पड़ा है, जिससे किसान परेशान है। बीमा कम्पनीयों की मनमानी का खामियाजा भी किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जागरवाल ने ज्ञापन में यह भी बताया कि जिला प्रशासन, राजस्व विभाग गांव की चौपाल व खेत में जाकर शीघ्र गिरदावरी कर नुकसान का जायजा राज्य सरकार को निष्पक्ष शीघ्र भिजवावे ताकि समय पर काश्तकार को सरकार द्वारा राहत पैकेज, अनुदान, बीमा पैकेज का लाभ मिल सके। इस मौके पर महासचिव मांगूसिंह दूदावत, पूर्व उप सरपंच जगदीश पटेल, बिथू भीमाराम पटेल सरदारपुरा, रणछोड़राम पटेल जैतपुर, पेमाराम पटेल दिवान्दी, ओमप्रकाश वैष्णव खुटाणी, गणपतसिंह भोमिया दिवान्दी, बाबूसिंह राजपुरोहित बिठू, भगवतसिंह मूलियावास, कानसिंह जोधा खुण्डावास, चिमनाराम पटेल, वेनाराम पटेल, रूघनाथराम पटेल, तिलोकराम पटेल, रामलाल सुथार मालवा, खुदाबक्श पठान, हासम खां तेली, लक्ष्मणराम दर्जी, वेलाराम पटेल, कानाराम मेघवाल, भगवानचन्द कवाड़ जैतपुर, सोहनसिंह राजपुरोहित गुरडाई, वजाराम भील, उदाराम मेघवाल, भोमाराम भील, हीरालाल भील, महादेवसिंह जोधा मूलियावास, मनोज कुमार मीणा, रतनलाल मेघवाल खुंडावास, मांगीलाल पटेल दिवान्दी, मदनलाल भील खुटाणी, मदनलाल सैन दिवान्दी सहित मानपुरा, पाली पंचायत समिति व रोहट पंचायत समिति के सैकड़ो किसानों ने जोरदार नारेबाजी कर अपने हकों की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

### प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक आमुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभः कर्मपाल सिंह सवाली



**राजसमंद**। आमेट-स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल आमेट में आज तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रधानाध्यापकों का छ दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामावतार जी मीणा, आर पी नारायण सिंह जी राव, नरेन्द्र जी के आतिथ्य में हुआ। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के समस्त पी ई ई ओ व प्रधानाध्यापकों को नई शिक्षा नीति के नवाचारों से अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर दक्ष प्रशिक्षक प्रिंसिपल सुनील गुर्जर, जी एल मीणा, सुल्तान चौधरी, सत्यप्रकाश मीणा उपस्थित रहे। अन्य संस्थाप्रधानों में दूल्हे सिंह झाला, किशन लाल , राजू लाल ,मोहन लाल जाट, मनोहर लाल कुमावत, राजेंद्र सिंह , राजकुमार, बृजमोहन,भिखाराम,शैलेन्द्र ,सत्यनारायण , सुमनप्रकाश जी, महावीर , देवी लाल जी, व अन्य आदि उपस्थित रहे।

### राजस्थान शिक्षक एवं पंचायतीराज कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कर्मपाल सिंह सवाली, रेलमगरा राजसमंद**। राजस्थान शिक्षक एवं पंचायतीराज कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया के नेतृत्व में पांच सूत्री मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा को ज्ञापन सौंपा गया। पांच सूत्रीय मांग में अधिशेष शिक्षकों का समायोजन नए शिक्षकों की नियुक्ति से पूर्व ,तृतीय श्रेणी अध्यापको को शीघ्र स्थानांतरण,गत तीन वर्षों से शिक्षको की रुकी हुई पदोन्नति शीघ्र करने,टीएसपी से नोनटीएसी में 1903 शिक्षको सहित समायोजन से वंचित शिक्षकों की गृहजिलो में समायोजन,नई शिक्षक भर्ती में विधवा,परित्यक्ता,दिव्यांग,गम्भीर बीमारी से ग्रसित,पति पत्नी दोनों राजकीय सेवा में होने वाले अभ्यार्थियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके गृहजिलो में नियुक्ति देने सम्बन्धी मांगें रखी गई। इस दौरान घनश्याम मेनारिया,शान्तिलाल कुमावत,सीताराम मीना,महेंद्र मीना ,नरेंद्र रेगर ,पीयूष आमेटा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्राम सेवा सहकारी समिति भुवाणा से काग्रेस समर्थित बोर्ड के अध्यक्ष बने सुखेर के मदन डाँगी



**कर्मपाल सिंह सवाली, उदयपुर/बड़गाँव**। बड़गाँव पंचायत समिति के ग्राम सेवा सहकारी समिति भुवाणा से काग्रेस समर्थित बोर्ड के अध्यक्ष पद पर मदन डांगी ,उपाध्यक्ष पद पर दयाशंकर पालीवाल एवम डायरेक्टर पद पर इन्द्र सिंह भागरोत, ओम प्रकाश पुष्करना, हीम्मत मेघवाल, बाबू लाल गमेती, रेखा डांगी, ममता सुथार विजयी हुए. इस अवसर पर सरपंच भँवर लाल पुष्करणा,खेमली ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी,युवा कांग्रेस मावली से योगेश पुष्करना,देवी सिंह भागरोत,जगदीश पुष्करणा,दीपक पुष्करणा आदि ने हर्ष व्यक्त किया। जय मीडिया को जानकारी शक्ति सिंह झाला ने दी।

बैठक | 23-24 का प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया गया एवं उसे अनुमोदित किया गया

# स्थानीय संघ सादड़ी की सत्र 2023-2024 की प्रथम कार्यकारिणी सभा का आयोजन

**कर्मपाल सिंह सवाली,देसुरी /पाली, राजस्थान**। स्थानीय संघ सादड़ी कि सत्र 2023-2024 की प्रथम कार्यकारिणी सभा का आयोजन हुआ संपन्न, सचिवपुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार स्थानीय संघ सादड़ी के फिजिक्स लैब के सभागार में प्रथम कार्यकारिणी बैठक आहूत की गई इसमें स्थानीय संघ कार्यकारिणी के 22 सदस्यों ने भाग लिया एवं इसमें जो पद रिक्त हुए हैं सेवानिवृत्ति और स्वर्गवास के बाद जिन-जिन के पद रिक्त हुए हैं उनमें प्रधान के पद पर हीरालाल मेहरावत नाडोल को निर्वाचित किया गया इसी प्रकार प्रभारी सहायक कमिश्नर के रूप में छगनलाल भाटी ने पदभार संभाला अरविंदसिंह राणावत



को सहायक जिला कमिश्नर एवं जगदीश चौधरी देसूरी प्रधानाचार्य को सहायक कमिश्नर के रूप में नियुक्ति दी गई साथ ही साथ संयुक्त सचिव के पद पर सुश्री तस्लीम बानो राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय नारलाई को नियुक्त किया गया बिना मीना को गाइडर प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किया गया इसी प्रकार कार्यकारिणी के रिक्त पदों को सर्व समिति से निर्वाचित किया गया रोवर लीडर के रूप में जी प्राचार्य क्षेत्रपाल महाविद्यालय को कार्यकारिणी में रोवर लीडर के रूप में किया गया इसी तरह जय प्रकाश को रोवर लीडर प्रतिनिधि के रूप में तथा महाविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में देवेंद्रकुमार संचालक क्षेत्रपाल महाविद्यालय को निर्वाचित किया गया। इस कार्यकारिणी में 23 सितंबर शनिवार को क्षेत्रपाल महाविद्यालय में वार्षिक अधिवेशन आहूत किया जाएगा जिसमें स्थानीय संघ परिक्षेत्र के प्रधानाचार्य संस्था प्रधान एवं यूनिट लीडर्स लगभग 200 की संख्या में भाग लेंगे इस हेतु महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है वार्षिक अधिवेशन में जिन भामाशाहों ने 18वी जंबूरी के लिए यूनिट्स को आर्थिक सहयोग दिया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा जिन भामाशाहों ने पाली जिला मुख्यालय पर भवन बनवाकर लोकार्पित किए हैं उन्हें स्थानीय संघ गौरव नामक सम्मान दिया जाएगा जिन यूनिट लीडर्सने जंबूरी में भाग लेकर अपनी शानदार सेवाएं दी है उन्हें स्थानीय संघ रत्न नामक सम्मान से नवाजा जाएगा द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर इस बार दो स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

### पिताजी की प्रेरणा से कांग्रेस के सच्चे वफादार सिपाही की तरह अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे-चंदन सिंह राजपुरोहित



**कर्मपाल सिंह सवाली, जयपुर, राजस्थान**। बाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस किसान नेता चंदन सिंह राजपुरोहित ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा उनके पिता श्री स्वर्गीय प्रधान जेठू सिंह राजपुरोहित तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी बलिदान की प्रेरणा से प्रभावित और मेरे पिता श्री की प्रेरणा से पूरे परिवार से कांग्रेस के सच्चे वफादार सिपाही की तरह लम्बे समय से संगठन के लिए कार्य करते हुए कभी भी टिकट के लिए बगावत नहीं की। उन्होंने अपने दिल की बात बताते हुए कहा मेरे पिताजी राम लहर में सिर्फ 182 वोट से हारे थे मगर कांग्रेस में आपसी सिस्टम भेरूसिंहजी शेखावत ने जमाया ओर टिकेट काट दी मगर प्रधान जेठूसिंह जी ने कभी कांग्रेस से गद्दारी नही की तथा सदैव कांग्रेस का परचम लहराये ये प्रयास किया। कांग्रेस नेता चंदन सिंह राजपुरोहित ने जयपुर राजस्थान प्रवास के दौरान हमारे विशेष ब्यूरो चीफ राजस्थान कर्मपाल सिंह सवाली से बाली विधानसभा क्षेत्र के विशेष मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए कहे उन्होंने कहा जब-जब मैं देसूरी और मंगरा क्षेत्र का दौरा किया है तो भाजपा के 30 साल के विकास ऊट के मुंह में जीरे वाली कहावत सिद्ध हो रही है। जब-जब चुनाव का समय आता है तो भाजपा नेता बड़े-बड़े भाषणों के जरिए ऐतिहासिक विकास करवाने के नाम पर गरीब ग्रामीण और आदिवासियों से वोट लेकर सत्ता पर काबिज होने के बाद भी विकास करवाने के लिए नाकाम रहे आजादी के 77 वर्ष बाद भी बाली विधानसभा मंगरा क्षेत्र में बेटा बेटियों के उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए आज भी यूनिवर्सिटी से वंचित ही हो रहा है अनेक बेटा बेटियों को महंगी पढ़ाई के लिए दूसरे दूर दराज शहरों में ऊंचे पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। सुविधाजनक हॉस्पिटल नहीं होने के कारण आम गरीब आदिवासी लोगों को उदयपुर या जोधपुर महंगे इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस की योजनाओं का चर्चा करते हुए कहा इतनी योजनाएं भाजपा ने केंद्र में 9 वर्ष शासनकाल में भी नहीं दी।

## ख़ास ख़बर

### कांग्रेस प्रभारी बन्ना गुप्ता के द्वारा जन समस्याओं से संबंधित जनसुनवाई कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर / सोहेल किरमानी हजारीबाग ।** स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण सह आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार कोडरमा जिला कांग्रेस प्रभारी बन्ना गुप्ता के द्वारा जन समस्याओं से संबंधित जनसुनवाई कार्यक्रम का आगामी 21 सितंबर को 11:00 बजे कोडरमा जिला के महाराणा प्रताप चौक झुमरी तिलैया स्थित श्रम कल्याण भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है सभी जिला वासियों से इस जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर जन समस्याओं के निदान हेतु उपस्थित होने की अपील करते हुए कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### किशनगंज में सामाजिक सुरक्षा योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित कि गई



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी) ।** किशनगंज जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में मो॰ मिनहाजुद्दीन, सहायक निदेशक की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक सभी कार्यपालक सहायक /डाटा इंट्री ऑपरेटर के साथ किया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित समस्याओं का जायजा लेते हुए सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, द्वारा बताया गया कि सभी प्रकार के पेंशन योजनाओं में आवश्यक प्रगति लाने हेतु आवश्यकता है। कबीर अंत्येष्टि योजना के लाभुकों को त्वरित लाभ पहुचाने और उनके आवेदन को पोर्टल पर अविलंब अपलोड करने हेतु निदेशित किया गया! संबल योजना अंतर्गत बैटरी चालित ट्राईसाईकिल में 60% चलंत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को पंचायत में कार्यरत कर्मियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आवश्यक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु प्रेरित करने का सुझाव दिया गया। किशनगंज जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना अंतर्गत आवेदकों की संख्या शून्य होने के कारण इस योजना में आवश्यक प्रगति लाए जाने के लिए सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत कार्यरत सभी कार्यपालक सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को दुर्घटना एवं अपराधिक घटना में मृतकों के आश्रित से समन्वय स्थापित कर इस योजना अंतर्गत आच्छादित करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही जन शिकायत मामलों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित निष्पादन करने हेतु निदेश दिया गया।

### गणेश चतुर्दशी के मौके पर सजी विघ्न विनाशक गणेश की आकर्षक झांकी



**मीरगंज गोपालगंज, अशोक वर्मा ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पर " गणेश चतुर्थी "के शुभ अवसर पर श्री गणेश जी की मनमोहक झांकी सजाई गई ! गणेश के चैतन्य रूप में काजल बहन सजी थी। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन ने गणेश चतुर्दशी के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गणेश जी की चूहे की सवारी अर्थात विकारों पर सवारी का प्रतीक ,चौड़ा माथा बुद्धिमता का प्रतीक ,रस्सी सदैव अनुशासित रहने का प्रतीक। लम्बी सुड़ कार्य कुशलता का प्रतीक , कुल्हाड़ी अर्थात सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति का प्रतीक ! लडडू खुशियो का प्रतीक, उन्हें हम सभी विघ्नविनाशक ही कहते हैं ! विघ्न हरने वाले हैं !बडे कान वेहतरीन श्रवण शक्ति का प्रतीक, बड़ा पेट सब कुछ स्वीकारने का प्रतीक है, एक दांत बुरी चीजों को त्याग और अच्छी चीजों को बनाए रखने का प्रतीक है,। कार्यक्रम में उपस्थित ,बीके उर्मिला बहन,विनोद भाई,मालती माता, सतीस भाई,सुरेश भाई ,टुनटुन भाई,रिंकी बहन, अनन्ता बहन, काजल बहन ,विमला माता, कुमकुम माता,तारा माता आदि थे ।

# जिलाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी) ।** किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला परिषद,सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं तथा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी बीडीओ,सभी सीओ समेत विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस बैठक में पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, सीओ ,बीपीआरओ व अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय के साथ विकासात्मक और लोककल्याणकारी योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का सतत अनुश्रवण करें तथा लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। बैठक में डीएम श्री शास्त्री के द्वारा लोक शिकायत,आरटीपीएस, सीएम डैश बोर्ड, पीएमओ पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त आवेदन का निष्पादन की गहन समीक्षा की गई। राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु डीएम के द्वारा सभी पदाधिकारियों की ब्रीफिंग किया गया। बता दें कि प्रथम जन संवाद बैठक कोचाधामन प्रखंड में 20 सितंबर (बुधवार) को पुरंदहा पंचायत में डीएम श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की जाएगी।कार्यक्रम स्थलः दोघडिया अंधासुर शिवमंदिर के पास मैदान, पुरन्दहा पंचायत, कोचाधामन है।* आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।इस शनिवार, 23 सितंबर को ठाकुरगंज में जन संवाद बैठक प्रस्तावित है। जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में विधि उप समाहर्त्ता के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय,पटना में दायर वाद में तथ्य विवरणी/शपथ दायर करने की अद्यतन स्थिति से अवगत करवाया। विधि प्रशाखा के अंतर्गत विभिन्न न्यायालय में लंबित सभी वादो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विधि उप समाहर्त्ता सहित सम्बंधित कार्यालय प्रधान को निदेशित किया कि वादों के निष्पादन हेतु तथ्य विवरणी आदि ससमय तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा में डीएम के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 47 भूमिहीन विद्यालय के लिए भूमि चयन,75 विद्यालय के सीमांकन कार्यों को संबंधित सीओ से समन्वय कर पूर्ण करवाएंगे। विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं,पठन पाठन,विद्यालय भवन का सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। हाउस कीपिंग कार्य, प्री फैब स्ट्रक्चर और विभागीय निदेशानुसार विद्यालय निरीक्षण सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अन्तर्गत सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा योजना/पेंशन, प्रोत्साहन स्कीम,मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह अनुदान योजना,निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना , यूडीआईडी निर्गत करने, कबीर अंत्येष्टि ,जीवन प्रमाणीकरण ,मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना व राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के आवेदनों में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।

### कटिहार के समाहरणालय में प्रमोशन हुए पुलिसकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर , जिला ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा ,कटिहार ।** जिले में कार्यरत लगभग 100 पुलिस कर्मियों को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रमोशन दिया गया है। इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित कार्यालय में प्रमोशन हुए सभी पुलिस कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान एसपी जितेंद्र कुमार के द्वारा प्रमोशन हुए सभी पुलिसकर्मियों को बैच पहना कर उनका सम्मान बढ़ाया। मौके पर पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर एसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि कटिहार जिले में कार्यों को बेहतर तरीके से करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रमोशन दिया गया। उन सभी पुलिसकर्मियों को मंगलवार को कार्यालय में बुलाकर उन्हें बैच पहनाया गया। एसपी ने बताया कि कटिहार के 14 पीटीसी को स.अ.नी के पद पर प्रमोशन दिया गया। वही 59 स.अ.नी को पु.अ.नी के पद पर प्रमोशन दिया गया। जबकि 27 पु.अ.नी को इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन दिया गया। एसपी जितेंद्र कुमार ने सभी को शुभकामना देते हुए आगे इन लोगों को और बेहतर तरीके से कार्य करने को अपील किया

### कटिहार जिला के ब्लड बैंक में आज श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर ब्लड डोनेट किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर , जिला ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा , कटिहार ।** ब्लड बैंक में आज श्री नरेंद्र मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के और से आज ब्लड बैंक में शिविर लगाया गया जिसमें भाजपाईयों के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया जिसमें कटिहार जिला के पूर्व DPT,सीएम श्री तारकेश्वर प्रसाद और उनके जो भी सहयोगी हैं जिसमें महिला मोर्चा की वर्तमान जिला अध्यक्ष सीमा झा कोढ़ा, विधायक कविता पासवान. पूनम सिंह पुर्व सांसद निखिल ,चौधरी और संयोजक पूजा शर्मा इस रक्तदान शिविर के नेतृत्व कर्ता गौरव कुमार पासवान थे और भी युवा मोर्चा के कार्य कर्ता ने प्रधानमंत्री के जन्म दिन के अवसर पर आज बारी बारी से अपना इंतजार किया ब्लड डोनेट के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन के शुभ अवसर पर किया कुछ कहा बिहार के पूर्व डिप्टी CM श्री तारकेश्वर प्रसाद ने रक्त दान महादान हर इंसान को इस रक्त दान मे बढ़ चढ़ कर अपना आगे आना चाहिए किसी के ब्लड से किसी का जान बच जाता है तो ये सबसे अच्छा दान है ।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग ।** कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत बाझा पंचायत के हटकोना गांव निवासी महादेव सिंह भोक्ता की पत्नी छबेली देवी 22 वर्षीय का शव हटकोना जंगल में मृत अवस्था में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटकमसांडी पंचायत के लखनु गांव अवस्थित छलटा टोला निवासी गणेश भूईंया की पुत्री का विवाह विगत एक साल पूर्व हटकोना निवासी शिवनाथ सिंह भोक्ता के पुत्र महादेव सिंह भोक्ता के साथ हुई थी। मृतिका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों से द्वारा हमेशा दहेज में मोटरसाइकिल और नगद रुपए की मांग की जा रही थी जिसको लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा था शुक्रवार को युवती की हत्या कर पति महादेव सिंह भोक्ता अपने ससुराल में खबर दिया कि छबीली गायब है और दो दिनों तक खोज के बाद जब छबीली नहीं मिली तो थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई हत्या के शक को लेकर जब मायके और लखनु गांव वाले जंगल में खोज कर रहे थे तब चमेली देवी पेड़ से लड़की हुई मिली इधर शव मिलते ही पति महादेव सिंह भोक्ता कटकमसांडी थाने में आत्म समर्पण कर दिया।



### मालिक अपने स्टाफ पर लगे 30 लख रुपए गबन करने का आरोप बहादुरपुर थाना में मामला दर्ज

**दरभंगा।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बीएनपी 13 के समीप डीडीआई इंडस्ट्रीज एंड देसी मसाला कैफे रेस्टोरेंट चल रहा है जिसका मालिक परमानंद कुमार देव है इनका बिजनेस दिल्ली में भी है अक्सर यह दिल्ली रहते हैं और अपना दरभंगा का कारोबार अपने गांव के ही करीबी पप्पू कुमार देव पिता देवनारायण देव उर्फ देवन गांव टीकापट्टी पोस्ट दसाउथ अलीनगर दरभंगा के रहने वाले को देखने में दिया दिया था लेकिन इसकी गतिविधि और लेनदेन की सामग्री एवं बिजनेस के कारोबार में अचानक लापरवाही और झूठ बोलते इंडस्ट्रीज और रेस्टोरेंट के मालिक परमानंद कुमार देव को शक हुई जिसके बाद सभी कारोबार का हिसाब एवं बकाया पैसा की मांग मैनेजर पप्पू कुमार देव से मांग किया तो अपने पत्नी के साथ फरार हो गया साथ में रेस्टोरेंट के स्टाफ अक्षय कुमार लाल भी फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पप्पू कुमार देव जो मैनेजर के रूप में सब कुछ देख कर रहा था उसकी पत्नी अमृता देवी भी इंडस्ट्रीज में ही साथ में रहती थी वही रेस्टोरेंट में अक्षय कुमार लाल भी रहता था जो मैनेजर पप्पू कुमार देव का सहयोग कर रहा था। इस पूरे मामले में डीडीआई इंडस्ट्रीज एंड देसी मसाला कैफे एंड रेस्टोरेंट के मालिक परमानंद कुमार देव ने आरोप लगाया कि पप्पू कुमार देव अमृता देवी एवं अक्षय कुमार लाल यह तीनों मिलकर मेरे 30 लख रुपए का आगमन कर दिया है और समाज की भी चोरी की है हिसाब मांगने पर यह सभी फरार हो गए हैं इस मामले को लेकर के बहादुरपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। बता दे की अमृता देवी और उसके पति पप्पू कुमार देव टीकापट्टी अलीनगर दरभंगा का रहने वाला है वही अक्षय कुमार लाल जीवनी अंदामा थाना बहादुरपुर जिला दरभंगा का रहने वाला है। वही इंडस्ट्रीज के मालिक परमानंद कुमार देव टीकापट्टी थाना अलीपुर जिला दरभंगा का रहने वाला है जिनका कारोबार दिल्ली में भी बड़े पैमाने पर चल रहा है जहां इंटीरियर डिजाइन बनाने का काम करते हैं और कहीं फैक्ट्री भी है कोविद के दौरान अपने गांव दरभंगा आए थे तो बाजितपुर पंचायत के बीएमपी 13 के समीप बहादुरपुर थाना अंतर्गत एक डीडीआई नमक इंडस्ट्रीज की शुरुआत की जिसमें चादरा का एसबेस्ट बनाया जाता है। वहीं पर देसी मसाला कैफे एंड रेस्टोरेंट का भी संचालन होता है जिसमें दरभंगा और गांव के लोगों को रोजगार देने का काम किया।

### बेगूं विधानसभा में किसान नेता हाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सदस्यता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ ।** जिले की बेगूं विधानसभा से भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के निर्देशानुसार बेगूं विधानसभा में समस्त भाजपा मंडल में विशेष अभियान चलाकर ग्यारह हजार नए सदस्य बनाए। बेगूं विधानसभा से किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चित्तौड़गढ़ पहुंचकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं चित्तौड़गढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष मिठूलाल जाट को सदस्यता अभियान के तहत बनाए सदस्यों की सूची सौंपी।

### परी ने नौ पौधा लगाकर नौवां जन्मदिन मनाया



**मोतिहारी, अशोक वर्मा,हेनरी ।** बाजार निवासी 9 वर्षीय परी जायसवाल ने अपना नौवा जन्मदिन नए अंदाज में मनाया ।उसने 9 पौधा लगा करके उसे पूरी तरह सुरक्षा देने का संकल्प भी लिया ।गौरतलब है कि परी जायसवाल नगर के जाने-माने पर्यावरण विद विनोद जायसवाल की भतीजी है ।विनोद जायसवाल कई वर्षों से जिले में मुफ्त पेड़ पौधा लगाने का अभियान चला रहे हैं।अब तक इनके द्वारा लाखों पौधे लगाये जा चुके है। इन्होंने नगर में कई गोष्ठियां आयोजित कर आम लोगों का आह्वान भी किया है कि आप लोग अपने किसी भी विशेष मौके पर हर हालत में एक पौधा अवश्य लगावें। विनोद जायसवाल के घर के जितने भी सदस्य हैं सभी के जन्मदिन मैरिज डे या पूर्वजों की पुण्य स्मृति दिवस हो,सभी अवसर पर पौधा निश्चित रूप से लगाकर नगर वासियों को ऐसा करने का संदेश देते हैं। सच में चैरिटी बिगिंस एट होम वाली कहावत को विनोद जायसवाल अपने पूरे परिवार के साथ सफल कर रहे हैं ।

सम्मान | समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें मिला यह सम्मान

# लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग द्वारा रंजन चौधरी को सेवा रत्न सम्मान-2023 से किया गया सम्मानित





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग ।** लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग द्वारा हजारीबाग शहर के प्रधान कैफेटेरिया सभागार में मंगलवार को आयोजित क्लब के चौथे स्थापना दिवस समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्र यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों के साथ समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को "सेवा रत्न सम्मान- 2023" से सम्मानित किया गया । लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग के द्वारा विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को यह सम्मान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, क्लब के डीजी कमल जैन और रीजन चेयरपर्सन राजीव आनंद के द्वारा संयुक्त रूप से भेंटकर सम्मानित किया गया । ज्ञात हो की विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। हजारीबाग में समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। विधायक मनीष जायसवाल के साथ रहकर जहां शिद्दत से अपने कामों को करते हैं वहीं आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के मदद को 24 घंटें तत्पर रहते हैं। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कमियों को भी समय-समय पर उजागर कर्जन जरूरत के हित में सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हैं। रंजन चौधरी समाज की विसंगतियों और जरूरी ज्वलंत मुद्दों पर आलेख लिखते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से भी समाज को हरसंभव जागरूक करने का सकारात्मक कार्य करते हैं । रंजन चौधरी मूलतः बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत सिमुलिया के रहने वाले हैं। वे एक युवा समाजसेवा, युवा पत्रकार, युवा पर्यावरणविद्ध भी हैं। इन्होंने अपनी पढ़ाई हजारीबाग से ही की है। इन्होंने आईएससी और बीएससी (जन्तु विज्ञान) अन्नदा कॉलेज से और एमएससी (जन्तु विज्ञान) से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से की है। साल 2010 से विधायक मनीष जायसवाल के साथ बतौर मीडिया प्रतिनिधि समाज में अपनी सेवा प्रदान कर रहें हैं।

# डीपीएस स्कूल में गणपति पूजनोत्सव की धूम, पूजन में शामिल हुए सदर विधायक

**दैनिक शुभ भास्कर, सोहेल किरमानी हजारीबाग ।** गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गुंजायमान हुआ वातावरण गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मंगलवार को स्थानीय बड़कागांव रोड के शंकरपुर अवस्थित डीपीएस स्कूल में गणेश पुजनोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे स्कूल परिसर को आकर्षक साज-सज्जा का स्वरूप दिया गया। मौके पर विषेशरूप से विधायक मनीष जायसवाल भी गणपति पूजन उत्सव में शामिल हुए और भक्ति- भाव से विधिवत पूजन- अर्चन के पश्चात भगवान गणेश की महा आरती किया। गाजे-बाजे, ढोल- ताशे के संग नाचते- झूमते बच्चों ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को रंग-गुलाल और पुष्प अर्पित करते हुए गणपति बप्पा मोरया के जमकर जयघोष करते हुए उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। डीपीएस और एंजल्स हाई स्कूल के बच्चों द्वारा किए गए जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्यनीय माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य विवाह, गृह प्रवेश, और भूमि पूजन आदि से पहले गणेश जी की पूजा करके आगे का विधि विधान किया जाता है। निश्चित रूप से संस्कृति और सभ्यता से बच्चों को रूबरू कराया जाना बच्चों के चारित्रिक विकास में मददगार साबित होगा। स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि वर्तमान दौर में लोग अपनी पुरातन संस्कृति-सभ्यता को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर अधिक अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को पुरानी परंपरा, धर्म, संस्कृति व सभ्यता से जोड़ें रखने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी डीपीएस स्कूल परिसर में धूमधाम से गणपति पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है ।





## ख़ास ख़बर

### गंगा में डूबे दवा व्यवसायी का तीसरे दिन भी नही चला पता



**चहनियाँ (चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ गांव निवासी दवा व्यवसायी 34 वर्षीय आलोक रंजन सिंह उर्फ बिक्की का गंगा में डूबने के बाद तीसरे दिन भी पता नही लग पाया । परिजन व ग्रामीण दो नावों से दो दिनों तक सैदपुर घाट से चोचकपुर घाट तक अलग- अलग घाटो पर डुबे व्यवसायी की तलाश कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिली। लक्ष्मणगढ़ निवासी सारनाथ सिंह के सबसे छोटे बेटे आलोक रंजन सिंह उर्फ बिक्की लक्ष्मणगढ़ लक्ष्छु ब्रम्ह बाबा मंदिर के सामने मेडिकल स्टोर कि दुकान चलाते थे। रविवार को वह टेम्पो से पहुंचकर सैदपुर तीरगांवा पक्का पुल पे अपनी मोबाइल रख कर गंगा में छलांग लगा लिया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुचे मारूफपुर चौकी प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने युवक के तलाश में गोताखोर को लगा दिया । तीसरे दिन उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने पहुंचकर एनडीआरएफ टीम के साथ व्यवसायी के तलाश में जुटे । तीन दिनों से घर में नहीं जले चूल्हे मृतक के पिता सारनाथ सिंह, माता पुष्पा देवी,पत्नी मदुलिका सिंह,भाई आशीष सिंह व राजबहादुर सिंह का दूसरे दिन भी रोकर बुरा हाल रहा ।

### सड़क किनारे उगी झाड़ियां दे रहीं दुर्घटना को दावत



**संवाददाता मो तसलीम, चकिया, (चंदौली)।** चकिया_चंदौली मार्ग के दोनों किनारों पर घनघोर झाड़ियां उग गई है जिससे दुर्घटना का भय बना है। मार्ग पर झाड़ियों का जाल इस कदर फैल गया है कि सामने से आ रहे वाहन दिखाई ही नहीं देते। इससे वाहनों के आपस में टकराने का भय बराबर बना रहता है। उक्त मार्ग वन क्षेत्र में होने के कारण वन्य जीव व पशु भी सड़क को पार करते हैं। ऐसे में वाहनों से वन्यजीवों की भी टक्कर हो जाती है। समस्या से निजात के लिए कई बार लोगों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन झाड़ियों की कटाई नहीं कराई जा रही है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### सेनानी के गाँव की सड्क की दुर्दशा से क्षुब्ध ग्रामवासियों ने प्रदर्शन कर निकाली भड्स



**सैयदराजा (चंदौली)।** विकास खण्ड बरहनी अंतर्गत ग्रामसभा तेन्दुहान के ग्राम दुधारी को जाने वाली सड्क काफी जीर्ण-शीर्ण होने से ग्रामीणों सहित छात्रों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड्ता है। जिसके सम्बन्ध में कई बार उच्चाधिकारियों से निर्माण कराने की मांग के बावजूद सड्क निर्माण न होने से ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्रित होकर जबर्दस्त प्रदर्शन कर भड्ास निकाली। बताते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0चन्द्रिका दत्त शर्मा की स्मृति में दुधारी तिराहे पर बना मुख्य द्वार का गेट आज भी गवाही दे रहा है। इसके बावजूद भी सांसद डा0महेन्द्र नाथ पाण्डेय एवं विधायक सुशील सिंह की डबल इंजन की सरकार में भी इस गाँव की सड्कों की हालत दिन पर दिन खराब होने से आवागमन में आने जाने वाले राहगीरों को दुर्घटना का शिकार होना पड्ता है। आवागमन करने वाले पैदल हों या बाइक सवार जो सड्क खराब होने से अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जा रहें हैं।जिससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जबर्दस्त प्रदर्शन किया। वहीं अविलम्ब सड्क निर्माण की प्रबल मॉग किया है। वरना इस बड्ा आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान रजनी कांत पाण्डेय,मदीना अंसारी,गुलाम अनवर,अवधेश चौहान,सागर चौहान,दिलशाद अंसारी, अरविंद पासवान, घरभरन चौहान, निरंजन पासवान, सुनील पासवान, अरविंद पासवान, पिंटू पासवान, वीरभद्र चौहान, गोविंद राम, रामअधार चौहान, रोहित चौहान ,अनिल पासवान, हंसलाल, बंसलाल, मोहन चौहान, राजकुमार चौहान, सोनू चौहान आदि लोग उपस्थित रहे ।

### आवास का स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे



**शुभ भास्कर, जनपद चन्दौली।** विकास खण्ड सकलडीहा में प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को दिनांक 19/09/2023 दिन मंगलवार को प्रदेश भर में दिव्यांग,आपदा राहत व मुशहर आर्थिक कमी व्यक्तियों को राज्य सरकार बेघर लोगों को छत प्रदान की वहीं ग्रामीण स्तर पर ब्लॉक प्रमुख विकास खण्ड अधिकारी ने लाभार्थियों को योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विकास खण्ड सकलडिया में कुल 136 लाभार्थियों को आवास योजना स्वीकृति लाभ मिला। गरीब असहाय लोगों को घर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई है मुख्यमंत्री आवास योजना 2023 की सूची के साथ लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित शुरू हो गया है। लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र मिलते ही मानो उनके खिले चहरे विकास खण्ड अधिकारी ने जानकारी दी मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग पात्र लाभार्थियों के लिए विधिक सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

# तीज पर्व पर उजड़ी खुशियां, ट्रक की चपेट में आकर दो युवको की मौत

**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंघिताली गांव के पास नेशनल हाईवे दो पर सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों कि मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित ट्रक को कब्जे में ले लिया और दोनों शवो को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर विधि कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार अलीनगर थाना क्षेत्र के चंदरखा गांव निवासी कमलेश यादव और विजय लाल यादव बाइक से नेशनल हाइवे दो से रॉन्ग साइड कि तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। दोनों बाइक से जैसे ही सिंघीताली गावं के पास नेशनल हाइवे दो के पुल पर पहुंचे थे कि वाराणसी से बिहार की तरफ जा रही ट्रक से पास लेने के चक्कर में दोनों की बाइक ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गयी । ट्रक बाइक को चार मीटर दूर तक घिसटती आगे बढ़ गयी। इस दौरान दोनों बाइक से नीचे सड़क पर गिर गए और ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस दौरान वाराणसी से अलीनगर अपने घर आ रहे समाजसेवी चंद्रशेखर यादव ने घटना को देखा और अपनी सफारी गाड़ी से ओवरटेक कर ट्रक को रोक लिया ।उन्होंने चालक को पकड़ लिया। साथ ही तत्काल घटना की सूचना अलीनगर पुलिस को दी। सूचना पाकर अलीनगर थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय पुलिस फिरस के साथ मौके पर पहुंचे। घटना को देखते हुए नेशनल हाईवे 2 पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग मृतकों के शिनाख्त का प्रयाश करने लगे।मौके पर पहुंची ने दोनों युवको के क्षत विक्षत शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। अलीनगर पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।इस दौरान बाईक से मिले दस्तावेज के आधार पर दोनों मृतकों कि शिनाख्त हुई। पुलिस मामले में परिजनों को सूचना देने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।



# लैपटॉप, मोबाइल फोन बरामद तीन गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** मुम्बई पुलिस के नेहरू नगर थाना के निरीक्षक यूसुफ सौदागर द्वारा मोबाइल नंबर से प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ डीडीयू को सूचना दिया गया कि कुछ व्यक्ति मुम्बई से एक अधिकारी का लैपटॉप व पासपोर्ट लेकर ट्रेन संख्या 12322 डीएन मुम्बई मेल से बिहार की तरफ भाग रहे है। तथा ट्रेन अभी डीडीयू पहुंच रही है,साथ ही मुम्बई पुलिस द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो उपलब्ध कराया गया।इनको पकड़वाने में मदद किये जाने के आग्रह पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के अधिकारीगण व बल कर्मी तथा जीआरपी/डीडीयू के अधिकारीगण व बल कर्मी द्वारा ट्रेन के डीडीयू स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर आगमन के बाद वांछित अभियुक्तों के प्राप्त विवरण के अनुसार गाड़ी में खोजबीन करने पर संदिग्धावस्था में कोच संख्या एस/6 में विवरण के अनुसार मेल खाता एक व्यक्ति मिला।पूछताछ करने पर उसने अपना नाम-पिंटू कुमार मंडल 23 वर्ष, पिता-हुलास मंडल,निवासी -पंचायत ससखों ब्लॉक डुमरी, ग्राम-नवादा,थाना-डुमरी, जिला-गिरिडीह (झारखंड)बताया।जिसके पास से तीन मोबाइल तथा एक स्लीपर क्लास का टिकट (छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से डेहरी ऑन सोन)किसी अन्य यात्री का पाया गया।प्राप्त सूचना में चोरित लैपटॉप के संबंध में पूछने पर बताया कि मेरा दो साथी विकास कुमार मंडल व संदीप कुमार मंडल, उसी ट्रेन में है और लैपटॉप का बैग उन्हीं के पास में है पकड़े गए व्यक्ति को जीआरपी/ डीडीयू लाया गया।

# 343 वाहनों का चालान करके 1086500 रुपये का जुर्माना



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** सड़क पर गाड़ी चलेगी तो आपका नाम पद कद संप्रदाय जाति और धर्म के आधार पर नहीं बल्कि यातायात विभाग द्वारा वाहनों के लिए तय की गई हद के अनुसार और वह है स्पष्ट साफ एवं निश्चित मानक की नंबर प्लेट,इन मानकों का उल्लंघन करते हुए जो भी वाहन सड़क पर दौड़ता हुआ मिला उसको पुलिस ने नियमों का पाठ पढ़ाते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही की।पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में सुरक्षा एवं शहर में सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए जनपद के समस्त थानो/चौकी व ट्रैफिक पुलिस द्वारा दो दिवसीय अभियान के तहत की गई कार्यवाही जिसमें 343 वाहनों का चालान करके 1086500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।यातायात पुलिस द्वारा चलाये गए दो दिवसीय विशेष अभियान में पुलिस अधीक्षक चंदौली द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन/ नोडल यातायात के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में प्रभारी यातायात मय टीएसआईगण के दिनांक- 17.9.2023 व 18.9.2023 को जाति सूचक,पद सूचक, संप्रदाय सूचक या अन्य आपत्तिजनक शब्द या चित्र का प्रयोग करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद चंदौली में विभिन्न स्थानों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी जिसमें कुल-343 वाहनों का चालान किया गया तथा 1086500 रू का जुर्माना किया गया।

# डीडीयू जंक्शन पर लिफ्ट में फंसे बीस छात्र, मचा हड़कंप

**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर। चंदौली।** डीडीयू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर स्थित लिफ्ट में सोमवार को दोपहर में बीस बच्चे फंस गए। बच्चों को लिफ्ट में फंसे होने की सूचना पर स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे इलेक्ट्रिकल विभाग ने लिफ्ट को खोलकर सभी बच्चों को बाहर निकाला। अन्यथा बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। विभाग के अनुसार लिफ्ट में क्षमता से बहुत अधिक लोग सवार हो गए थे। जिससे लिफ्ट फर्स में धंस गई और दरवाजा जाम हो गया। जानकारी के अनुसार उड़ीसा के बालेश्वर से स्कूल की तरफ से कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बच्चे अयोध्या जा रहे थे। 72 छात्रों का दल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से सोमवार की पूर्वाह्न 11 बजे प्लेटफार्म संख्या दो पर उतरा। अध्यापक के साथ सभी छात्र फुटओवर ब्रिज से उपर चले गए। बच्चों के मन में आया कि लिफ्ट को देखा जाए। तभी 20 बच्चों का एक ग्रुप लिफ्ट में घुसकर नीचे उतरने लगे। तभी क्षमता से अधिक लोड होने के कारण लिफ्ट नीचे उतरकर सतह पर पहुंच गया। काफी देर तक उसका दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा न खुलने पर बाहर खड़े अन्य छात्र शोर मचाने लगे।शोर सुनकर यात्रियों की भीड़ जुट गई। इसी बीच आरपीएफ और जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को वहां से तत्काल हटा दिया। इसकी सूचना सीएसजी एनके मिश्र को दिया। तभी सीएसजी ने इसकी सूचना इलेक्ट्रीयल विभाग को देकर मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद इलेक्ट्रिकल विभाग के लोग पहुंचे और भीतर का दरवाजा खोलकर फंसे सभी छात्रों को बाहर निकाला। तब जाकर लोगों ने राहत का सांस लिया। अध्यापक सभी छात्रों को साथ लेकर बिना कुछ कहे वहां से वाराणसी की तरफ निकल गए।




### गैंगस्टर एक्ट का वांछित 25 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली डा0 अनिल कुमार के द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पंजीकृत अभियोगों के वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन एवम् क्षेत्राधिकारी पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अलीनगर जनपद चन्दौली से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुकेश यादव निवासी ग्राम बनसिंहपुर थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली को मुखबिर की सूचना पर उसके घर ग्राम बनसिंहपुर थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मुकेश यादव उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा ल25 हजार रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा पूर्व में की गयी है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, हे0का0 प्रह्लाद यादव थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, का0 सत्येन्द्र गुप्ता थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, का0 शुभम पाण्डेय थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली रहे।

### पीडीडीयू नगर में आज रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**डीडीयू नगर।** आज एक जिम के उद्घाटन कार्यक्रम में रक्तदान शिविर लगाया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है,इसके लिए हर लोगों को आगे आकर किसी न किसी की जिंदगी बचाने में सहयोग करने की जरूरत है ।उक्त बातें मझवा विधायक डॉ विनोद बिन्द ने रेमा के पास तबेलनेस जिम में रक्तदान शिविर के दौरान कही। कहाकि मरीज को जब भी जान बचाने के लिए रक्त की जरूरत होती है तो लोग इसके काफी जगह पर परेशान होते हैं। लेकिन यही रक्तदान ब्लड बैंक में रहेगा तो आसानी से लोगों को उपलब्ध हो जाती है और मरीज की जान तक बचाई जाती है। इसके लिए हर किसी को नहीं संकोच आगे आकर रक्तदान करने की जरूरत है। वही सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से तमाम जिंदगियों को बचाई जा सकती है जो जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। जिंदगी बचाने के बाद उनकी दुआएं इन सभी रक्तदाताओं की उम्र लंबी करने में भी सहायक होती है। रक्तदान करने से रक्तदाता भी स्वस्थ रहता है और ब्लड सरकुलेशन हमेशा बना रहता है। रक्तदान शिविर में लगभग तीन दर्जन लोगों ने रक्तदान करने का काम किया। सभी लोगों को आयोजक ने प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया।इस मौके पर आयोजक मोहम्मद तालिब, दिलशाद अहमद,इरशाद,नौशाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को प्रातःकाल कराया जाता है योगाभ्यास



**शुभ भास्कर, चंदौली।** योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है,स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार निर्धारित दिनों में पुलिस लाइन चन्दौली में सम्बन्धित अधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया जाता है। इसी क्रम में दिन मंगलवार को अ0पु0अ0ऑप0 व प्रतिसार निरीक्षक के निर्देशन में जनपद चन्दौली पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

### खंड विकास अधिकारी ने पशु आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**चहनियाँ (चंदौली)।** सर्वानन्दपुर स्थित पशु आश्रय स्थल पर मंगलवार को खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने पशु चारा ,पशुओं के दवा,साफ सफाई,पानी की सुविधा आदि का निरीक्षण किया । वही आवश्यक दिशा निर्देश भी दी । सर्वानन्दपुर स्थित पशु आश्रय केंद्र स्थल का निरीक्षण करते हुए खंड विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम पशुओं के चारे पर विशेष ध्यान दिया । उसके बाद पानी टंकी से पानी की व्यवस्था देखी । स्टोर रूम में रखी एक -एक दवाइयों का निरीक्षण किया । विशेष तौर पर पशु स्थलों को साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई कर्मियों के बारे में पूछताछ कर यहां प्रतिदिन उपस्थित रहने के बारे में पूछा । यहाँ व्यवस्था सन्तोष जनक देख संतुष्ट हुई । उसके बाद पशुओं को अपने हांथ से गुड़ खिलाया । वहां मौजूद कर्मी को साफ सफाई रखने का निर्देश दिया । इस दौरान कहा कि पशु आश्रय स्थल के चारो तरफ पौधरोपण किया जायेगा । इसके जल्द ही विभाग के लोग कार्य शुरू करेंगे । यहां जो भी कमी होगी उसे पूर्ण किया जायेगा ।

भूमिपूजन — क्षेत्र में पहली जमीन पर भूमिपूजन को लेकर गांव के लोगो मे हर्ष ब्याप्त है

# गोदाम और कूड़ा निस्तारण केंद्र के जमीन पर भूमिपूजन

**चहनियाँ (चंदौली)।** ग्राम पंचायत सेवड़ी हुदहुदीपुर में राशन गोदाम व कूड़ा निस्तारण केंद्र लिए प्रधान संग अधिकारीयो ने जमीन पर भूमिपूजन किया । क्षेत्र में पहली जमीन पर भूमिपूजन को लेकर गांव के लोगो मे हर्ष ब्याप्त है । राशन की गाड़ी गांव में आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था । शासन के निर्देश पर हर गांवो में सरकारी खाद्यान्न की गोदाम व कूड़े की निस्तारण के लिए कूड़ा घर बनना है। जिलाधिकारी चन्दौली व खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा के निर्देशन में सप्लाई इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी के नेतृत्व में सेवड़ी हुदहुदीपुर में प्रधान आशुतोष कुमार सिंह के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल अनिल गुप्ता ने 8 सितम्बर को जमीन की मापी किया गया था । मंगलवार को प्रधान आशुतोष कुमार सिंह व एसडीयो आइएसबी रविशंकर सिंह ने जमीन पर विधिः विधान से ब्राम्हणों द्वारा भूमिपूजन किया । इस दौरान प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि भूमिपूजन के बाद जल्द ही एक दो दिन के अंदर कार्य प्रारंभ हो जायेगा । इस दौरान एपियो राजन सिंह, लेखपाल अनिल गुप्ता, तकनीकी सहायक दीनानाथ यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार, सुदामा पाण्डेय,, गुप्तेश्वर पाण्डेय, अंजनी पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, प्रताप नारायण मिश्र, रामभजन, अलगू मिश्र, शिवनारायण राय, बुल्लू राय, अजय कुमार, सनी सिंह, खारा देवी, प्रभाकर कुमार आदि उपस्थित थे ।



# विकास पुरुष का झूठा तमगा लेकर घूम रहे हैं डॉ महेंद्र नाथा पांडेयः सलमा किन्नर

**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू की अगुवाई में निकाले गए गंगा कटान मुक्ति यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को किन्नर समाज की अध्यक्ष सलमा किन्नर अपने समर्थकों व साथियों के साथ गंगा कटान मुक्ति जनसम्पर्क यात्रा में शामिल हुई। सलमा किन्नर ने पूर्व सपा विधायक मनोज सिंह डब्ल्यू के इस प्रयास की सराहना की। सलमा किन्नर ने कहा कि मनोज सिंह डब्ल्यू लगातार कुछ महीनो से जनता की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे है। जनता की समस्यायों को सामने लाने का काम कर रहे है और जनता का अपर स्नेह उनको मिल रहा है। जो सत्ताधारी नेताओं की नींद उड़ाने के लिए काफी है।इस दौरान सलमा किन्नर ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद चंदौली डा.महेंद्रनाथ पांडेय पर जमकर निशाना साधा।सलमा किन्नर ने कहा कि जिसे चंदौली की जनता ने वोट देकर सांसद बनाने का काम किया। वह आज दिल्ली में मंत्री बनकर सोए हुए हैं। उन्हें जनता के दुख-दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप लगाया कि वह विकास पुरुष का झूठा तमगा लेकर घूम रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों को बदलने की जरूरत है।आज यह यात्रा इसलिए निकाली जा रही है। ताकि गंगा कटान में जा रही किसानों की उपजाऊ जमीन व उनके मकान व बस्तियों को गंगा में समाहित होने से बचाया जा सके। किसान अन्नदाता हैं जो अपने खून-पसीने से सींच कर अनाज पैदा करता है और सबका पेट भरने का काम करता है। सलमा किन्नर ने कहा कि सरकार अपनी ताकत का बेजा इस्तेमाल कर रही है। बीते चुनावों में सरकार ने तानाशाही दिखाई और चुनाव को पुलिस व लाठी के बल पर जीतने और उसके परिणाम को बदलने का काम किया गया। ऐसी सरकार व जनप्रतिनिधियों से जनता को सतर्क रहने की जरूरत है।



मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।